3 राजधानी आज फिर हल्की वर्षा की संभावना
6 अभिमत दबावों के बावजूद भारत की तटस्थता
10 विदेश चीन ने बाइडन के बयान को बेतुका बताया
12 स्पोर्ट्स भारत ने पाकिस्तान को 4-0 से हराया

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 226
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 22 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



भाजपा-जजपा गठबंधन पर अभी कोई संशय नहीं

राष्ट्रीय-11

# कॉपीराइट, पेटेंट मुक्त विश्वव्यापी है योगः मोदी

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में ऐतिहासिक योग सत्र का नेतृत्व किया

● हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड गियर, इयंगर योग विशेषज्ञ देद्रा डेमेंस और अमेरिकी गायिका मेरी मिलबेन सहित कई हस्तियों ने की सहभागिता



न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योग करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को यहां संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए योग को विश्वव्यापी तथा कॉपीराइट व पेटेंट से मुक्त बताया। योग सत्र में इस वैश्विक संस्था (संयुक्त राष्ट्र) के शीर्ष अधिकारियों, विश्व भर के राजनयिकों और प्रख्यात व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में 135 देशों के नागरिक शामिल हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और (अमेरिका की) प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर मोदी अमेरिका की अपनी राजकीय यात्रा के पहले चरण में न्यूयॉर्क में हैं। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा को नमन करने के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। यह प्रतिमा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की भारत की अध्यक्षता के तहत पिछले साल दिसंबर में स्थापित की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने योग दिवस के अवसर पर, सफेद रंग की एक योग टी-शर्ट और पायजामा पहन रखा था। उन्होंने अपना संबोधन नमस्ते शब्द के साथ शुरू किया और समारोह में शामिल होने के लिए दूर-दूर से यहां आने को लेकर लोगों का आभार जताया। मोदी ने कहा कि मैं आप सब को देखकर खुश हूं। और मैं यहां आने के लिए आप सभी का आभार जताता हूं। मित्रों, मुझे बताया गया है कि लगभग हर राष्ट्रीयता के लोग आज यहां मौजूद हैं। उनके साथ, संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 77वें सत्र के अध्यक्ष साबा कोरोसी, उपमहासचिव अमीना मोहम्मद, न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स भी मौजूद थे।

हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड गियर, इएंगर योग विशेषज्ञ देद्रा डेमेंस और अमेरिकी गायिका मेरी मिलबेन सहित अन्य हस्तियां भी करीब 45 मिनट तक चले कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर मोदी ने कहा, ...मुझे याद है कि नौ साल पहले यहां से मुझे 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव करने का अवसर मिला था। यह देखना सुखद था कि पूरा विश्व इस विचार के समर्थन में आया। मोदी ने उपस्थित लोगों से कहा, योग भारत से आया है और यह एक बहुत पुरानी परंपरा है। सभी प्राचीन भारतीय परंपराओं की तरह यह भी जीवंत है। उन्होंने कहा, योग कॉपीराइट, पेटेंट और रॉयल्टी भुगतान से मुक्त है। योग किसी भी उम्र के महिला या पुरूष द्वारा और तंदुरूस्ती के किसी भी स्तर पर किया जा सकता है। योग को कहीं भी (विश्व के किसी भी कोने में) ले जाया जा सकता है और यह सही मायने में विश्वव्यापी है। योगासन (शेष पेज 9)

## योग सत्र में बना विश्व रिकॉर्ड

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में आयोजित योग सत्र को सर्वाधिक देशों के लोगों की सहभागिता के मामले में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा के पहले चरण में यहां आए मोदी ने नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ऐतिहासिक समारोह का नेतृत्व किया। इसमें संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों, राजनयिकों और जानीमानी हस्तियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित योग सत्र ने



न्यूयॉर्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्व रिकॉर्ड प्रमाणपत्र के साथ यूएन में भारत की स्थायी प्रतिनिध रुचिरा कांबोज

सर्वाधिक देशों की नागरिकता वाले लोगों की सहभागिता के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। अधिकारियों के अनुसार 135 देशों की नागरिकता वाले लोगों ने इसमें भाग लिया।

## इतिहास की सूरत बदल सकता है यह सप्ताहः गार्सेटी

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/वाशिंगटन

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा को द्विपक्षीय संबंधों में ऐतिहासिक पल करार देते हुए भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि शांति एवं समृद्धि के लिए दो लोकतंत्र के एक साथ आने से यह सप्ताह उन पलों में से एक होगा, जो इतिहास की सूरत बदल सकता है। गार्सेटी ने मंगलवार को यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल द्वारा अमेरिका के रक्षा विभाग और भारत के रक्षा उत्पादन विभाग के साथ मिलकर आयोजित किए जा रहे इंडस-एक्स सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हम साथ आ रहे हैं और यह यात्रा शुरू करने जा रहे हैं। हम उस चीज को गति दे रहे हैं, जो पहले से (शेष पेज 9)

# मैं मोदी का प्रशंसक हूंः मस्क



न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टेस्ला के सीईओ एलन मस्क।

**एजेंसी।** न्यूयॉर्क

● कहा, भारत में बड़े निवेश के लिए तैयार है टेस्ला

**दुनिया** की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला इंक भारत में उल्लेखनीय निवेश की तैयारी कर रही है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क ने यह बात कही है। मस्क का मानना है कि दुनिया के किसी अन्य बड़े देश की तुलना में भारत में अधिक संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के बाद मस्क ने कहा कि उनकी अगले साल भारत जाने की योजना है।

यह पूछे जाने पर कि क्या टेस्ला (वाहन कंपनी) भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी, मस्क ने कहा कि वह अगले साल भारत की यात्रा पर जाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि टेस्ला भारत में होगी। एक अलग वीडियो बयान में मस्क ने मोदी की सराहना करते हुए कहा, वह वास्तव में भारत की चिंता करते हैं क्योंकि वह अपने देश में निवेश के लिए हमसे बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं मोदी का प्रशंसक हूं। उन्होंने कहा कि भारत में सौर सहित हरित ऊर्जा के लिए मजबूत संभावनाएं हैं। मस्क ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री का उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं और उम्मीद है कि हम निकट भविष्य में साथ काम करने में सक्षम होंगे। मस्क के साथ मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, आज आपसे मिलकर बहुत अच्छा लगा एलन मस्क। हमने ऊर्जा से लेकर (शेष पेज 9)

# चीन के अड़ंगा डालने पर बिफरा भारत

● साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी घोषित कराने में अवरोध के लिए बीजिंग पर निशाना साधा

**एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र

**भारत** ने पाकिस्तान में रहने वाले लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े साजिद मीर को संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकवादी घोषित किए जाने में रोड़ा अटकाने के लिए चीन पर निशाना साधा और कहा कि यह आतंकवाद के अभिशाप से लड़ने के लिए वास्तविक राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को दर्शाता है। चीन ने मीर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत वैश्विक आतंकवादी के रूप में काली सूची में डालने और उसकी संपत्ति जब्त करने, उस पर यात्रा प्रतिबंध और हथियार प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिका की ओर से पेश तथा भारत समर्थित प्रस्ताव पर मंगलवार को अवरुद्ध कर दिया।



न्यूयार्क में भारत के स्थाई मिशन के संयुक्त सचिव प्रकाश गुप्ता

पाकिस्तान में रहने वाला मीर 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में शामिल होने के मामले में वांछित है।

न्यूयार्क में भारत के स्थाई मिशन के संयुक्त सचिव प्रकाश गुप्ता ने मंगलवार को कड़े शब्दों में कहा कि यदि 'तुच्छ भू-राजनीतिक हितों' के कारण आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने के प्रयास विफल होते हैं, तो आतंकवाद की इस चुनौती से ईमानदारी से लड़ने को लेकर हमारे पास सचमुच वास्तविक राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है। गुप्ता ने संयुक्त राष्ट्र की आतंकवाद रोधी बैठक में कहा, आतंकी कृत्य तो आतंकी कृत्य होता है, यह बात बिल्कुल स्पष्ट और सरल है। ऐसे कृत्य को किसी भी तरह से जायज ठहराए जाने को कतई स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। गुप्ता ने कहा कि जवाबदेही और पारदर्शिता के इस युग में क्या बिना कोई कारण बताए साक्ष्य आधारित प्रस्तावों को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक शहर न्यूयॉर्क में हुए 9/11 के आतंकवादी हमलों ने जहां वैश्विक आतंकवाद रोधी परिदृश्य को बदल दिया था, वहीं 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सामूहिक अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था।

गुप्ता ने मीर का एक ऑडियो क्लिप भी चलाया, जिसमें उसे मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमलों के दौरान पाकिस्तान के आतंकवादियों को निर्देश देते हुए सुना जा सकता है। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 2008 को सीमापार से आए 10 पूरी तरह से हथियारबंद आतंकवादियों ने मुंबई में घुसकर कहर बरपाया था। इन हमलों में 26 विदेशियों समेत 166 लोगों की मौत हो गई थी। गुप्ता ने कहा, मुंबई आतंकी हमले के पीड़ितों को अभी तक न्याय नहीं मिला है।

# नेता प्रतिपक्ष के पद में मेरी दिलचस्पी नहीं हैः अजित

**भाषा।** मुंबई

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने बुधवार को पार्टी नेतृत्व से अपील की कि वह उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी से मुक्त कर दे और उन्हें पार्टी संगठन में कोई भूमिका सौंपे। मुंबई में आयोजित, राकांपा के 24 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में पवार ने यह मांग रखी। ताजा अटकलों को हवा देने वाली एक टिप्पणी में अजित पवार ने कहा, मुझे बताया गया है कि मैं नेता प्रतिपक्ष के तौर पर सख्त व्यवहार नहीं करता हूं।

उन्होंने कहा, मुझे नेता प्रतिपक्ष के रूप में काम करने में कभी दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन पार्टी विधायकों की मांग पर यह भूमिका स्वीकार की थी। अजित ने कहा कि उनकी मांग पर फैसला करना राकांपा नेतृत्व पर निर्भर है। उन्होंने कहा, मुझे पार्टी संगठन में कोई भी पद दे दें। मुझे जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उसके साथ पूरा न्याय करूंगा। पवार ने महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन



सरकार गिरने के बाद पिछले वर्ष जुलाई में नेता प्रतिपक्ष का पदभार संभाला था। तत्कालीन एमवीए सरकार में वह उपमुख्यमंत्री थे। शिवसेना में विद्रोह के कारण तत्कालीन एमवीए सरकार गिर गई थी।

गौरतलब है कि राकांपा प्रमुख शरद पवार ने हाल ही में अपनी बेटी और सांसद सुप्रिया सुले को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर महाराष्ट्र की जिम्मेदारी सौंपी थी, जबकि दूसरे कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल को उन्होंने अन्य राज्यों की जिम्मेदारी दी। अजित पवार ने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और प्रकाश आम्बेडकर की अध्यक्षता (शेष पेज 9)

# 24 जनवरी से भक्तों के लिए खुल सकता है अयोध्या का राम मंदिर

**भाषा।** अयोध्या

**अयोध्या** में राम मंदिर के निर्माण से संबंधित समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बुधवार को कहा कि भगवान राम का भव्य मंदिर अगले साल 24 जनवरी से भक्तों के लिए खुल सकता है। मिश्र ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि राम मंदिर अगले साल 24 जनवरी से भक्तों के लिए खोला जा सकता है। उन्होंने कहा, अगले साल 14 जनवरी से 24 जनवरी के बीच रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का 10 दिवसीय अनुष्ठान होगा। उन्होंने कहा कि तीन मंजिला राम मंदिर के भूतल का काम पूरा हो चुका है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासियों ने फैसला किया है कि 14 जनवरी को पड़ने वाले मकर संक्रांति पर्व के बाद रामलला के अभिषेक की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंदिर ट्रस्ट को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश के शीर्ष ज्योतिषियों से शुभ मुहूर्त मिला है। उनके अनुसार ज्योतिषियों ने 21, 22, 24 और 25 जनवरी को शुभ



अयोध्या मे निर्माधीन राम मंदिर

मुहूर्त बताया है। ट्रस्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि 22 जनवरी को रामलला का अभिषेक किया जा सकता है, क्योंकि इसे श्रेष्ठ तिथि बताया जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अधिकारी प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को अभिषेक समारोह (प्राण प्रतिष्ठा) के लिए आमंत्रित करेंगे। इस दौरान मंदिर के गर्भगृह में रामलला की मूर्ति स्थापित की जाएगी।

ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि इसके लिए ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के हस्ताक्षर वाला अनुरोध पत्र प्रधानमंत्री के पास भेजा जाएगा। राय ने कहा, चूंकि मूर्ति के अभिषेक के लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है, इसलिए दिसंबर 2023 और 26 जनवरी, 2024 के बीच किसी भी अनुकूल तारीख के बारे में प्रधानमंत्री से उनकी अनुमति लेने के लिए कहा जाएगा।

नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि गर्भगृह का मुख्य द्वार और मंदिर के 161 फीट ऊंचे शिखर को सोने से मढ़वाया जाएगा। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक मूर्तियों को तराशने के लिए तीन मूर्तिकार तीन तरह के पत्थरों पर काम कर रहे हैं और सबसे आकर्षक मूर्ति को मंदिर के गर्भगृह में स्थापित करने (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### मणिपुर में वाहन में विस्फोट होने से तीन लोग घायल

इंफाल। मणिपुर में बिष्णुपुर जिले के क्वाक्टा इलाके में बुधवार को एकपुलिया के पास खड़ी एसयूवी गाड़ी में विस्फोट होने से तीन लोग हो गए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गाड़ी के अंदर रखा बम संभवतः चालक के उतर कर वहां से हट जाने के बाद फटा। तीनों व्यक्ति उस वाहन के पास खड़े थे और विस्फोट की चपेट में आने से घायल हो गए। उन्हें बिष्णुपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है। दूसरी ओर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा के लिए 24 जून को नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने मणिपुर में जारी हिंसा को नियंत्रित करने के लिए सत्ता और संसाधनों का उपयोग नही करने के लिए बुधवार को नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना की। पवार ने कहा, राज्य पिछले 45 दिनों से हिंसा देख रहा है, लेकिन सत्ता में बैठे लोगों के पास मौजूदा स्थिति और इससे क्या हो सकता है के बारे में सोचने का समय नही है।

# विश्व मानवता के कल्याण का माध्यम है योगः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारतीय मनीषा की तरफ से विश्व मानवता के कल्याण के लिए दिया गया एक उपहार व माध्यम है। भारतीय ऋषि परंपरा से प्राप्त यह ऐसी विधा है जो शरीर और मस्तिष्क दोनों को स्वस्थ रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में योग की महत्ता को अंगीकार कर आज दुनिया के लगभग दो सौ देश अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ जुड़कर भारत की ऋषि परंपरा के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे हैं।

योगी 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन देखा व सुना। इसके बाद उन्होंने सभागार में उपस्थित योग साधकों व प्रशिक्षुओं के साथ योग का अभ्यास किया। योगाभ्यास करने के



पूर्व योग साधकों, प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दी और वैश्विक मंच पर योग की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए पीएम मोदी के प्रति आभार जताया।

महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में इस बात के लिए लोगों को नई प्रेरणा दी कि वास्तव में अगर विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना है तो तो केवल और केवल योग से हम इसको आगे बढ़ा सकते हैं। विश्व शांति का मार्ग आगे बढ़ाने में योग माध्यम बन सकता है। योगी ने कहा कि भारत ऐसे ही विश्व गुरु नहीं हुआ। यहां जो कुछ भी है वह व्यवहारिक है पहले से प्रमाणित है। योग भी उसी परंपरा का हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हजारों वर्षों की भारतीय मनीषा की परंपरा योग हम सबकी विरासत का हिस्सा है। हमें योग की विरासत पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। हजारों वर्षों से जिस योग को हम अपने जीवन का हिस्सा मानते रहे हैंए वह आज वैश्विक मंच पर छाता हुआ पूरी दुनिया को अपनी और आकर्षित करता हुआ दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक योगी के लिए योग आध्यात्मिक क्षेत्र में प्रवेश करने का मार्ग होता है जो चेतना के विस्तृत आयाम को आगे बढ़ाता है।

चेतना के बहुत छोटे से भाग का हम उपयोग कर पाते हैं लेकिन इसका क्षेत्र बहुत विस्तृत है। उस चेतना के विस्तृत क्षेत्र में प्रवेश करने का माध्यम है योग। जबकि एक सामान्य गृहस्थ या सामान्य नागरिक के लिए योग शारीरिक और मानसिक आरोग्यता प्राप्त करने का माध्यम है। योग की परंपरा के साथ आज दुनिया जुड़ती दिखाई दे रही है। दुनिया में लोगों के सामने विभिन्न प्रकार की चुनौतियां हैं। कोई शारीरिक बीमारियों से तो कोई मानसिक रूप से परेशान है। ऐसे में संपूर्ण आरोग्यता प्रदान करने की दिशा में योग की बहुत (शेष पेज 9)

# राजग में शामिल होगी जीतन राम मांझी की हम

● शाह से मुलाकात के बाद हुई घोषणा

**भाषा।** नई दिल्ली

**बिहार** के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) जल्द ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो जाएगी। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने यह घोषणा की। मांझी और समुन ने बुधवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

इस दौरान केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी उपस्थित थे। राय बिहार के उजियारपुर से सांसद हैं। शाह से मुलाकात के बाद सुमन ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, मुलाकात हुई है और बहुत अच्छे वातावरण में बातें हुई हैं। सभी मुद्दों



पर बात करने के बाद एक सहमति बनी है। हम निश्चित रूप से हम साथ चलने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, आज हमने सहमति जता दी है कि हम राजग के साथ रहेंगे।

आने वाले समय में चर्चा होगी कि हम कितने सीटों पर लड़ेंगे। ज्ञात हो कि हम ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। उनके इस कदम के बाद से उनके राजग में शामिल होने की चर्चा जोरों पर थी। बिहार विधानसभा में हम के (शेष पेज 9)

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने का विधान

## प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में योग पूरे देश में फैलाः स्मृति


नोएडा इंडोर स्टेडियम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने योग कर लोगों को जागरूक किया।

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मौके पर यूपी के 75 जिलों में योग अभ्यास हुआ। नोएडा इंडोर स्टेडियम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने योग कर लोगों को जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि हमारी आर्थिक संभावनाओं के पुनरुत्थान को देखना सभी भारतीयों के लिए न सिर्फ गर्व की बात है। बल्कि भारत का अब सांस्कृतिक रूप से दुनिया भर में प्रभाव भी है। दुनिया न सिर्फ निवेश के अवसरों के लिए बल्कि एक विशाल वैश्विक व्यवस्था के दृष्टिकोण से भी भारत की ओर देखती है। पीएम मोदी की अगुवाई में योग पूरे देश में फैला हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस मौके पर नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोसिएशन, भारत विकास परिषद, भाजपा नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारी शामिल हुए। योग सुबह साढ़े सात से साढ़े आठ बजे तक किया गया। इससे पहले नोएडा स्टेडियम में ही फुटबॉल ग्राउंड पर प्रशासनिक अधिकारियों और शहर वासियों ने योग किया।। वहीं शहर के अलग.अलग सोसाइटी और सेक्टरों में आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने योग किया। इंडोर स्टेडियम में आरोग्यम रिसर्च फाउंडेशन के संस्थापक डॉक्टर राजेश योगी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री समेत करीब 2500 लोगों ने योग किया। उन्होंने कहा कि योग करने से शक्ति मिलती है इसलिए योग के महत्व को समझे और योगा को जीवन का हिस्सा बनाएं। योग के दौरान सरल अभ्यास कराए गए। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा सतेन्द्र सिसोदिया भी मौजूद रहे।

योग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नोएडा में 15 से 20 जून तक लगातार योग पर कार्यशाला का आयोजित की गई थी। इसके तहत शहर में अलग.अलग स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारियों की ओर ये योग शिविर लगाए गए। जिसमें लोगों को योग कराया गया। योग के प्रति जागरूक किया गया।

## स्वस्थ भविष्य की हमारी साझा इच्छा का प्रतिनिधित्व : जिलाधिकारी

**गाजियाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आईएमएस डासना में योग समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, डीएम आरके सिंह व सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक ने दीप प्रज्जवलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि योग का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। इसे हर दिन अपने जीवन में सम्मिलित करना चाहिए। डीएम आरके सिंह ने कहा कि इस बार योग की थीम हर आंगन योग है। डीएम ने वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक पृथ्वी, एक परिवार, एक उज्जवल एवं स्वस्थ भविष्य की हमारी साझा इच्छा का प्रतिनिधित्व करती है।

## योग की क्रियाएं निरोग बनाने में मददगारः डॉ. मुबारक

**गाजियाबाद। हॉस्पिटल के फिजिओथेरेपी विभाग द्वारा एक योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हेड फिजिओथेरॉपिस्ट् डॉ.मुबारक हुसैन ने बताया कि योग आसन कई प्रकार के होते हैं, जिसमें अर्धचक्रासन, भुजंगासन, चक्रासन और धनुरासन आदि शामिल है। योग की क्रियाएं हमारे जीवन को निरोग बनाने में मददगार है। नियमित योग करने से किसी भी लंबी शारीरिक और मानसिक बीमारी से मुक्ति पाई जा सकती है। वरिष्ठ फिजिओथेरॉपिस्ट् डॉ आशीष जैन ने इस अवसर पर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, जहां आप सबसे जटिल क्रियाएं करते हैं और लंबी व गहरी सांस लेते हैं।**


वरिष्ठ फिजिओथेरॉपिस्ट् डॉ स्नेहा प्रकाश ने योग के सकारात्मक प्रभावों के बारे में बताते हुए कहा कि योग मस्तिष्क के कार्यों, स्मृति और एकाग्रता में सुधार करता है।


9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन्स सूरजपुर में आयोजित कार्यक्रम में 1000 पुलिसकर्मियों के साथ योगाभ्यास करती पुलिस आयुक्त लक्ष्मी।

## सीपी नोएडा ने पुलिस कर्मियों संग किया योग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सूरजपुर पुलिस लाइन में भी योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने हिस्सा लिया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के द्वारा 09वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शारीरिक.मानसिक स्वस्थता एवं मजबूत आत्मबल हेतु पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ पुलिस लाइन गौतमबुद्धनगर और कमिश्नरेट के समस्त थानों पर भी योगाभ्यास किया गया।

कमिश्नरेट के समस्त थानों पर भी योग कार्यक्रम किये गये जिसमें समस्त पुलिस कर्मियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। योग शिविर के दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा उपस्थित समस्त व्यक्तियों को योग के प्रति जागरुक करते हुए योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित रूप से योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। योग शिविर में पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया और बताया गया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, लेकिन इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है।

स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है और तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

प्रकाशन
प्रपत्र सं. 3
[विनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./644/2020
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 17367
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
सजीत नाथ मेनन

सेवा में,
(1) सजीत नाथ मेनन
डी/डब्ल्यू/एस/ओ – श्री भास्करन करूथे दाथ श्री भास्करन करूथे दाथ, निवासी फ्लैट नंबर 1203, टावर नंबर 2, ओमैक्स दि नील, सेक्टर–49, सोहना रोड, गुरूग्राम–122002 हरियाणा, गुरूग्राम, हरियाणा
(2) श्रीमती स्वाति मेनन
निवासी फ्लैट नंबर 1203, टावर ओ.2, ओमैक्स दि नील, सेक्टर–49, सोहना रोड, गुरूग्राम–122001 हरियाणा,
अन्य पता :
प्रतिवादी सं. 1 एवं एएमपी ; 2 का दूसरा पता :–
निवासी फ्लैट नंबर जी–03, भू तल, टावर –ई रेजीओजोन रेजीडेंसी, मयूर विहार, सहस्त्रधारा, देहरादून–248001
(3) रेजीजोन बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड
निवासी एच–157, द्वितीय तल, सेक्टर–63, नोएडा–201301
इसके अधिकृत अधिकारी के माध्यम से

सम्मन

जबकि, ओए/644/2020 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 22–03–2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 80,29,801/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 22–09–2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 24–04–2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रकाशन
प्रपत्र सं. 3
[विनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./670/2020
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 18176
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
शिखा यादव

सेवा में,
(1) शिखा यादव
डी/डब्ल्यू/एस/ओ – श्री आशुतोष यादव श्रीमती शिखा यादव पत्नी श्री आशुतोष यादव निवासी मकान नंबर एल–298, सेक्टर–12, प्रताप विहार, गाजियाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–200100
(2) श्री आशुतोष यादव
पुत्र श्री सुरेश चन्द्र यादव, निवासी मकान नंबर एल–298, सेक्टर–12, प्रताप विहार, गाजियाबाद
अन्य पता
प्रतिवादी सं. 1 एवं एएमपी ; 2 का दूसरा पता
निवासी फ्लैट नंबर 1003, 10वां तल, टावर–टी–12, स्पायर वुड्स, सेक्टर–103, गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता
प्रतिवादी सं. 1 एवं एएमपी ; 2 का तीसरा पता
निवासी फ्लैट नंबर 4157, 15वां तल, टी. नंबर 4, प्रेस्टिज शांति निकेतन, व्हाइटफील्ड, मेन रोड, महादेवपुरा, बेंगलुरू
(3) मैसर्स रामप्रस्थ सरे रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 46, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122015, इसके प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से

सम्मन

जबकि, ओए/670/2020 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 19–04–2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 47,00,901/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 04–09–2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 02–06–2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

**प्रकाशन**
**प्रपत्र सं. 3**
[विनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./643/2020
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन ईएक्सएच. नंबर : 17992
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**
**बनाम**
**राकेश मलिक**

सेवा में,
(1) राकेश मलिक डी/डब्ल्यू/एस/ओ – श्री ईश्वर सिंह मलिक श्री राकेश मलिक पुत्र श्री ईश्वर सिंह मलिक, निवासी फ्लैट नंबर 401, एल्सा टावर, ओमैक्स नॉर्थ एवेन्यू–1, रोहतक रोड, बहादुरगढ़, झज्जर – 124507, हरियाणा, झज्जर, हरियाणा–124507
(2) श्रीमती नलिनी मलिक पत्नी श्री राकेश मलिक, निवासी फ्लैट नंबर 401, एल्सा टावर, ओमैक्स नॉर्थ एवेन्यू–1, रोहतक रोड, बहादुरगढ़, झज्जर –124507, हरियाणा
**अन्य पता :-**
प्रतिवादी सं. 1 एवं एएमपी ; 2का दूसरा पता निवासी फ्लैट नंबर 904, 9वां तल, लिबर्टी टावर, ओमैक्स नॉर्थ एवेन्यू, बहादुरगढ़, झज्जर, हरियाणा
(3) ओमैक्स लिमिटेड आर/ओ शॉप नंबर 19–बी, प्रथम तल, औमैक्स सेलीब्रेशन मेल, सोहना रोड, गुरूग्राम–122001, हरियाणा, इसके प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से

**सम्मन**

जबकि, ओए/643/2020 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 08–05–2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 20,98,203/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 18–09–2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 29–05–2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

प्रपत्र सं. 3
[विनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए./466/2021
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 18035
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
संजय कुमार भटिंडवार

सेवा में,
(1) संजय कुमार भटिंडवार
डी/डब्ल्यू/एस/ओ – श्री राजेन्द्र भिंडवार पुत्र श्री राजेन्द भिंडवार, निवासी एच नंबर डी 67, प्रथम तल, दि पैलाडियन मेफील्ड गार्डन, निकट निर्वाणा गुरूग्राम–122001, हरियाणा गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता : फ्लैट नंबर 804, 8वां तल, टावर 8, स्पायर वुड सेक्टर–103 गुरूग्राम, हरियाणा
(2) श्रीमती कुसुम भिंडवार
पत्नी श्री संजय कुमार भिंडवार, एच नंबर डी 67, प्रथम तल, दि पैलाडियन मेफील्ड गार्डन, निकट निर्वाणा, गुरूग्राम, हरियाणा
अन्य पता : फ्लैट नंबर 804, 8वां तल, टावर 8, स्पायर वुड सेक्टर–103 गुरूग्राम, हरियाणा
(3) मैसर्स ए एन बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड, सीपी नंबर 4, सेक्टर–8, आईएमटी मानेसर, गुरूग्राम, हरियाणा

सम्मन

जबकि, ओए/466/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 08–05–2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 56,78,523.99/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 27–09–2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 29–05–2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

## बच्चो को योग के फायदे बताये, जीवन में अपनाने के लिए किया प्रेरित

आसरा फाउंडेशन, सेक्टर–3, वसुंधरा की तरफ से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। फाउंडेशन की सचिव गीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष अंजू मेहरा और वालंटियर खुशी, अंजली, ओमप्रकाश के साथ बच्चों ने आदर्श पार्क सेक्टर 6 वसुन्धरा में योग क्रियाओं का अभ्यास किया गया। इस मौके पर फाउंडेशन की पदाधिकारियों ने बच्चो को योग के फायदे बताये और उसे दैनिक जीवन मे अपनाने के लिए प्रेरित किया।


आसरा फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिलाएं और बच्चे योग करते हुए।

# सीबीआई ने घूस लेते सीजीएसटी के दो कर्मचारी दबोचे

- सीजीएसटी क्लियर करने के नाम पर लिए 4.90 लाख, शेष 10 हजार के लालच में पकड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नोएडा में 10 हजार रुपए घूस के चक्कर में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) की कार्यालय अधीक्षक ममता राणा और इंस्पेक्टर प्रशांत जैन पकड़े गए। फर्म संचालक ने बतौर घूस उन्हें 4 लाख 90 हजार रुपए दे दिए थे, लेकिन वे 5 लाख से कम पर सहमत नहीं हुए।

परेशान फर्म संचालक ने सीबीआई में शिकायत की और ट्रैप बिछाकर दोनों को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। नोएडा में एडवर्ट प्राइवेट कंपनी है। इसके मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक साहू हैं। दीपक साहू ने बताया कि वे सीजीएसटी क्लियर कराने के लिए नोएडा स्थित ऑफिस पर गए। यहां उनसे 5 लाख रुपए घूस मांगी गई। उन्होंने 4 लाख 90 हजार रुपए दे दिए। इतने पर भी ऑफिस अधीक्षक ममता राणा और इंस्पेक्टर एंटी इवेशन ब्रांच प्रशांत जैन सहमत नहीं हुए। उन्होंने साफ कह दिया कि पांच लाख से एक भी कम रुपए पर काम नहीं होगा। दीपक साहू को ये बात एकदम बुरी लगी। उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो के एंटी करप्शन ब्यूरो में इसकी शिकायत दर्ज कराई और पूरा प्रकरण बताया। सीबीआई के बताए प्लान के अनुसार, दीपक साहू शेष बची 10 हजार रुपए रिश्वत लेकर सीजीएसटी ऑफिस पर पहुंचे थे। अधीक्षक ममता राणा को 10 हजार रिश्वत लेते सीबीआई ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## युवती की पीट-पीट कर हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

क्रासिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की बागू कॉलोनी में रहने वाले अपने जीजा के घर पर आयोजित कार्यक्रम में शरीक होने आई समीना को उसके ही रिश्तेदारों ने पीट–पीटकर मौत के घाट उतार दिया।

एसएचओ क्रासिंग रिपब्लिक फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। उसके बाद पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर वहां मौजूद लोगों से पूछताछ शुरू कर दी। साथ ही कई व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया। जबकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही मुख्य हत्याभियुक्त, जो मृतका की बहन के ननद–नन्दोई बताये जा रहे हैं, मौके से फरार हो गये। एसीपी वेब सिटी रविप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बागू में एक युवती की हत्या कर दी गई है।

घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जब पूछताछ की तो पता चला कि किसी का सामान चोरी हो गया था। चोरी के शक में कई लोगों की पिटाई की गई। समीना को भी बुरी तरह से पीटा गया था। पिटाई के दौरान कोई जानलेवा चोट लग जाने पर उसकी मौत हो गई। सिंह ने बताया कि हत्या की रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों को जल्द पकड़ा जाएगा।

## नोएडा पुलिस कमिश्नर ने बादलपुर थाना प्रभारी को किया निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कार्य में लापरवाही बरतने और क्राइम को कंट्रोल न करने के मामले में एक थाना प्रभारी पर बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस कमिश्नर ने बादलपुर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार को सस्पेंड कर दिया है। बादलपुर थाना क्षेत्र में 2 दिन पहले ही बाइक सवार बदमाशों ने जन सुविधा केंद्र संचालक के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। बादलपुर थाना क्षेत्र में अच्छेजा गांव के रहने वाले विक्रम सिंह एक जन सुविधा केंद्र चलाते हैं। रविवार रात को जब वह जन सुविधा केंद्र बंद करके अपने घर जा रहे थे तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने हथियार के बल पर उनसे 4 लाख 12 हजार रुपये लूट लिए थे। इसी मामले में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बड़ा एक्शन लिया है। लूट और उसमें लापरवाही बरतने के मामले में बादलपुर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार को सस्पेंड कर दिया है। गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नरेट में बदमाशों पर लगातार कड़ी कार्रवाई हो रही है। बदमाशों ने बेखौफ होकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

# गौतम बुद्ध नगर में जमीन खरीदने में लापरवाही पर एक्शन

## आठ औद्योगिक सेक्टरों के लिए होनी थी खरीद, सीईओ ने भूलेख विभाग के कर्मचारियों का वेतन रोका

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने भूलेख विभाग के कार्यों की समीक्षा की। आठ औद्योगिक सेक्टरों को विकसित करने के लिए जमीन खरीदने में देरी पर सीईओ ने कड़ी नाराजगी जताई। इस कार्य में लापरवाही सामने आने पर सीईओ ने भूलेख विभाग में तैनात कर्मचारियों के वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। सबसे खराब परफ र्मेंस वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजने की चेतावनी दी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आठ नए सेक्टर ईकोटेक 7, 8, 9, 12ए, 16, 19, 19, और ईकोटेक 21 बसा रहा है। इन सेक्टरों के लिए प्राधिकरण करीब 900 हेक्टेयर जमीन का इंतजाम किया जा रहा है। इन सेक्टरों के बसने से उद्यमियों को जमीन मिल सकेगी। इससे करोड़ों रुपये का निवेश और हजारों लोगों को रोजगार मिल मिल



सकेगा। ये जमीन पौव्वारी, इमिलियाका, अटाई, मुरादपुर, लुक्सर, दादूपुर, लड़पुरा, खानपुर, सिरसा, वैदपुरा, जौन समाना, सुनपुरा, भोला रावल, धूममानिकपुर, खेड़ी, आमका, किराचपुर, कैलाशपुर, खोदना कला, भनौता व खोदना खुर्द आदि गांवों में स्थित है। किसानों से आपसी सहमति के आधार पर प्राधिकरण करीब 500 हेक्टेयर जमीन खरीद चुका है। शेष जमीन के लिए प्रयासरत है। सीईओ रितु माहेश्वरी ने भूलेख विभाग की समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट देखी। जमीन खरीदने की प्रक्रिया बहुत सुस्त होने पर नाराजगी जताई। सीईओ ने भूलेख विभाग को अगले तीन माह में बची हुई जमीन खरीदने के निर्देश दिए।

सीईओ ने अंतिम अवसर देते हुए कहा कि अगर इस बार लापरवाही दिखी तो अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेज दिया जाएगा। जमीन खरीदने में प्राधिकरण की सहयोगी संस्था टीला का भुगतान रोकने और भूलेख विभाग के कर्मचारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिए। सीईओ ने अन्य नए सेक्टरों को चिन्हित कर जमीन खरीदने की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिमाह 20 हेक्टेयर जमीन खरीदने का लक्ष्य दिया है। सीईओ ने लीजबैक के लंबित प्रकरणों को अति शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। भूलेख विभाग के अधिकारियों को एडीएम लैंड के साथ नियमित बैठक कर प्रतिकर प्राप्त करने और पात्र किसानों लीज बैक प्रकरणों को शीघ्र निपटाने को कहा है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# योगमय हुई राजधानी, आम और खास सभी में दिखा उत्साह

## विभिन्न स्थानों पर केंद्रीय मंत्री, उपराज्यपाल और अन्य लोग योग दिवस कार्यक्रमों में हुए शामिल



विश्व योगासन चैंपियन तेजस्वी शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोधी गार्डन में योग किया। दोनों पैरों से 69 प्रतिशत शारीरिक रूप से दिव्यांग शर्मा ने कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय योग चैंपियनशिप जीती हैं।

- एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के संदेश प्रसारित किए गए
- हमारे ऋषियों ने योग की खोज की: एलजी विनय सक्सेना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को दिल्ली में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें आम लोगों से लेकर अधिकारियों, नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों और उपराज्यपाल ने उत्साह से भाग लिया। केंद्रीय मंत्रियों हरदीप सिंह पुरी, मनसुख मांडविया और पीयूष गोयल तथा दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना शहर में योग दिवस कार्यक्रमों में शामिल हुए और लोगों को योग के फायदे बताए। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री पुरी ने ट्वीट किया, वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग।

नई दिल्ली के विज्ञान भवन में फिटनेस के प्राचीन अभ्यास के वैश्विक उत्सव में योग के प्रतिपादकों और प्रशिक्षकों के साथ योग किया। उन्होंने आसन करते हुए अपना 90 सेकंड का एक वीडियो भी साझा किया।

एक अन्य ट्वीट में उन्होंने इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पहले से रिकॉर्ड वीडियो संदेश भी साझा किया। निकाय प्राधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी में योग को बढ़ावा देने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए। दिल्ली नगर निगम के दक्षिण, केशवपुरम और करोल बाग मंडल में कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर निगम ने ट्वीट किया, महापौर शैली ओबरॉय ने उप महापौर आले इकबाल और आयुक्त ज्ञानेश भारती के साथ एमसीडी पश्चिम जोन, सुभाष नगर सामुदायिक केंद्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 में भाग लिया। नई दिल्ली महानगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने नेहरू पार्क, लोधी गार्डन, तालकटोरा गार्डन, कर्तव्य पथ, न्यू मोती बाग-आईएएस रेजीडेंसेस क्षेत्र, संजय झील, सिंगापुर पार्क और सेंट्रल पार्क-कनॉट प्लेस में योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने नेहरू पार्क में एक कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने ट्वीट किया, योग शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करने में एक ऐसा जीवंत माध्यम है, जिसके नियमित अभ्यास से मनुष्य में एक नई आत्म-चेतना जाग्रत होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों के कारण योग वैश्विक भाईचारे का प्रतीक बन गया है। पिछले साल कर्तव्य पथ के पुनर्विकास के बाद पहली बार वहां योग दिवस का आयोजन किया गया। सभी जगहों पर एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के पहले से रिकॉर्ड संदेश प्रसारित किए गए।

उपराज्यपाल सक्सेना ने सराय काले खां के बांसेरा में दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के बाद सक्सेना ने कहा कि हमारे ऋषियों ने योग की खोज की। यह स्वास्थ्य की उन कुंजियों में से एक है जिसमें कुछ भी खर्च नहीं होता। प्रधानमंत्री मोदी इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेकर गए। हम सभी को इसे अपनाना चाहिए।



सराय काले खां के बांसेरा में योग करते उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना। फोटो: रंजन डिमरी

### सुप्रीम कोर्ट परिसर में सीजेआई व साथी जजों ने किया योग



प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ और उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों ने नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को यहां शीर्ष अदालत परिसर में योगासन किए।सीजेआई और अन्य न्यायाधीशों के अलावा, अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी शीर्ष अदालत के नवनिर्मित विस्तारित भवन परिसर स्थित योग एवं मनोरंजन सभागार में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस आयोजन में भागीदारी स्वैच्छिक थी और योग विशेषज्ञों की देखरेख में योगासन कराए गए।



वजीराबाद स्थित यमुना तट पर योगाभ्यास।

### स्वास्थ्य की कुंजी







शीश महल पार्क शालीमार में जीएसटी आफिसर एनके गर्ग योग करते हुए।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बक्सर में गंगा तट पर शहरवासियों के साथ योग किया। उन्होंने कहा कि आज योग वैश्विक आंदोलन बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का असर है कि पूरी दुनिया योगमय हो गई है।

## हेड कांस्टेबल रतन लाल की हत्या का आरोपी बेंगलुरु से गिरफ्तार

**दिल्ली दंगा**

- मुख्य साजिशकर्ताओं में शामिल था आरोपी, एक लाख का था इनामी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली में साल 2020 में हुए दंगों के दौरान पुलिस हेड कांस्टेबल रतन लाल की हत्या में कथित रूप से शामिल 53 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि करावल नगर के चांद बाग में रहने वाले आरोपी मोहम्मद अयाज को 17 जून को कर्नाटक में बेंगलुरू के निकट चिकबालापुर जिले के एक गांव से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने कहा कि वह हत्या में शामिल मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था और उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए का इनाम था। वह घटना के बाद तीन साल से फरार था और उसे इस मामले में भगोड़ा घोषित किया गया था।

विशेष पुलिस आयुक्त एच. जी. एस. धालीवाल ने कहा कि आरोपी अयाज ने अपने भाई खालिदके साथ चांद बाग में सीएए-एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन शुरू किया था।

## मुफ्त में 603 दिन पांच सितारा होटल में ऐश

- कर्मचारियों की साठगांठ से होटल को लगा 58 लाख रुपये का चूना, प्राथमिकी दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के एक पांच-सितारा होटल ने आरोप लगाया है कि उसका एक अतिथि होटल कर्मियों के साथ साठगांठ कर डेढ़ साल से अधिक समय तक बिना भुगतान के होटल में रहा, जिससे होटल को कथित रूप से 58 लाख रुपए का नुकसान हुआ।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा के पास एयरोसिटी स्थित होटल रोजिएट हाउस ने इस संबंध में आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस थाना में मामला दर्ज कराया है। रोजिएट का संचालन करने वाली बर्ड एयरपोर्ट्स होटल प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि विनोद मल्होत्रा द्वारा हाल में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, अंकुश दत्ता होटल में 603 दिन रहा, जिस पर 58 लाख रुपए का खर्च आया, लेकिन होटल छोड़ते समय उसने कोई भुगतान नहीं किया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि होटल के फ्रंट ऑफिस विभाग के प्रमुख प्रेम प्रकाश ने नियमों का उल्लंघन कर दत्ता को लंबे समय तक होटल में ठहरने की अनुमति दी।

प्राथमिकी के मुताबिक, प्रकाश होटल के कमरे के किराए के बारे में फैसला लेने के लिए अधिकृत था और उसे सभी अतिथियों के बकाया पर नजर रखने वाली होटल की कंप्यूटर प्रणाली तक पहुंच हासिल थी। होटल प्रबंधन को अंदेशा है कि प्रकाश को दत्ता से कुछ नकदी मिली होगी, जिससे वह अतिथियों का विवरण रखने वाली सॉफ्टवेयर प्रणाली में छेड़छाड़ कर होटल में अधिक दिनों तक रुकने में उसकी मदद करने के लिए राजी हो गया।

प्राथमिकी में कहा गया है कि अंकुश दत्ता ने गलत तरीके से लाभ उठाने और होटल को उसके वाजिब किराए से वंचित करने के मकसद से प्रेम प्रकाश सहित कुछ ज्ञात और अज्ञात होटल कर्मियों के साथ मिलकर आपराधिक साजिश रची।

## तकनीकी खामी के चलते विमान आपात स्थिति में उतरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर बुधवार को 108 यात्रियों को लेकर देहरादून जा रहे एक विमान को तकनीकी खामी के चलते आपात स्थिति में उतार लिया गया।

विमानन कंपनी इंडिगो ने एक बयान में कहा, दिल्ली से देहरादून जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6 ई 2134 तकनीकी खराबी के कारण अपने मूल स्थान पर लौट आई। पायलट ने प्रक्रिया के अनुसार एटीसी को सूचित कर लैंडिंग का अनुरोध किया।

बयान में कहा गया है कि विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली में उतार लिया गया और आवश्यक रखरखाव के बाद उससे फिर से इस्तेमाल किया जाएगा। यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।

## गायक हनी सिंह को गैंगस्टर गोल्डी बरार से मिली धमकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गायक हनी सिंह

गायक हनी सिंह ने बुधवार को दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराकर आरोप लगाया कि उन्हें कनाडा में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी बरार से धमकियां मिली हैं। सिंह ने कहा कि उन्हें यह धमकियां ऑडियो संदेश और कॉल के माध्यम से दी गई हैं।

गायक ने पत्रकारों से कहा कि मेरे कर्मचारियों और मुझे गोल्डी बरार के नाम से फोन कर धमकी दी गई है। मैंने दिल्ली के पुलिस आयुक्त से आग्रह किया है कि मुझे सुरक्षा प्रदान की जाए और मामले की जांच की जाए। सिंह ने कहा कि मुझे जिंदगी में पहली बार धमकी मिली है और मैं डरा हुआ हूं। हमें कुछ वॉइस नोट भी मिले हैं। हमें ये धमकियां अंतरराष्ट्रीय नम्बर से आई हैं। सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बरार लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य है। उसने शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। मूसेवाला हत्याकांड में दायर आरोप पत्र के मुताबिक, बरार हत्या का मास्टरमाइंड है।

## जिन पर सुरक्षा की जिम्मेदारी, उनके पास कोई ठोस उपाय नहीं : केजरीवाल

- राजधानी में बढ़ते अपराधों को लेकर मुख्यमंत्री ने एलजी सक्सेना को लिखा जवाबी पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते अपराधों को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर कहा है कि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार लोगों के पास कोई ठोस समाधान नहीं है और केवल दोषारोपण करने में लगे हैं।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता केजरीवाल ने दिल्ली में अपराधों में खतरनाक वृद्धि पर चर्चा करने के लिए उपराज्यपाल के साथ मंत्रिमंडल की बैठक का प्रस्ताव रखते हुए मंगलवार को सक्सेना को पत्र लिखा था। पत्र पर अपने जवाब में सक्सेना ने केजरीवाल और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों का चर्चा के लिए स्वागत किया, लेकिन अपराध का राजनीतिकरण करने के खिलाफ आगाह करते हुए कहा कि इससे कोई समाधान नहीं निकलने वाला।

इस पर, केजरीवाल ने कहा है कि सामान्य तौर पर मैं फिर से पत्र नहीं लिखता, लेकिन आपके जवाब ने मेरे पास दिल्ली के लोगों को यह बताने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जो सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं, उनके पास कोई ठोस समाधान नहीं है और वे केवल दोषारोपण कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि एक अत्यंत गंभीर स्थिति, सीधे तौर पर दिल्ली के दो करोड़ से अधिक निवासियों के जीवन और संपत्तियों की सुरक्षा से संबंधित मामले को राजनीतिकरण बताना आसान है, लेकिन उपराज्यपाल की प्रतिक्रिया में एक भी प्रभावी कदम की पेशकश नहीं की गई, जिस पर दिल्ली पुलिस के राजनीतिक आकाओं- गृह मंत्रालय और उपराज्यपाल द्वारा विचार किया गया है।

## केंद्र के अध्यादेश पर रुख स्पष्ट करें विपक्षी : सीएम

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विपक्षी नेताओं को पत्र लिखकर 23 जून को होने वाली गैर-भाजपा दलों की बैठक में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं के नियंत्रण को लेकर केंद्र के अध्यादेश पर चर्चा करने और मामले पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा है। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने विपक्षी नेताओं से कहा कि वे इसे दिल्ली केंद्रित समस्या के तौर पर नहीं सोचें।

यदि विरोध नहीं किया गया तो भाजपा के नेतृत्व वाला केंद्र अन्य राज्यों के लिए भी इसी तरह का अध्यादेश ला सकता है। शुक्रवार को विपक्षी दलों की बैठक बिहार के सीएम नीतीश ने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए संयुक्त रणनीति बनाने के लिए पटना में बुलाई है।

## पीएम मोदी और शाह की हत्या की धमकी

- मादीपुर के सुधीर शर्मा ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को दो बार फोन कर दो करोड़ रुपये भी मांगे, तलाश जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस उस व्यक्ति की तलाश में है जिसने बुधवार को दो बार पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जान से मारने की धमकी दी। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक फोन करने वाले की पहचान बढ़ई का काम करने वाले सुधीर शर्मा के रूप में हुई है। आरोपी के बेटे अंकित ने दावा किया कि उसके पिता को शराब पीने की लत है।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी) हरेंद्र सिंह ने कहा कि बुधवार सुबह 10 बजकर 46 मिनट पर एक पीसीआर कॉल आई और फोन करने वाले ने 10 करोड़ रुपए नहीं देने पर बिहार के मुख्यमंत्री को जान से मारने की धमकी दी।

उन्होंने कहा कि फोन करने वाले की लोकेशन नांगलोई इलाके में होने की जानकारी मिली। डीसीपी ने बताया कि फोन करने वाले ने सुबह 10 बजकर 54 मिनट पर दोबारा फोन किया और इस बार दो करोड़ रुपए नहीं देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि लोकेशन पश्चिम विहार (पूर्व) थाने में थी।

सिंह ने कहा कि पश्चिम विहार (पूर्व) थाने के प्रभारी और चार अन्य कर्मियों को आरोपी का पता लगाने का काम सौंपा गया था, बाद में उसकी पहचान मादीपुर निवासी सुधीर शर्मा के रूप में हुई।

वह शख्स घर में नहीं था और उसके बेटे अंकित ने पुलिस को बताया कि उसके पिता बढ़ई का काम करते हैं और शराब पीने के आदी हैं। पुलिस ने कहा कि घर वालों के अनुसार शर्मा बुधवार सुबह से शराब पी रहा था।

डीसीपी ने कहा कि जब अंकित को फोन पर उससे बात करने के लिए कहा गया तो आरोपी ने बेहद बेतुके अंदाज में बात की। हमारी टीम उस व्यक्ति का पता लगाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है। हालांकि वहीं मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है।

# दुनिया को जीवन जीने का तरीका सिखा रही है भारत की योग विद्याः जेपी नड्डा

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ ने सैकड़ों लोगों के साथ किया योग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भारत की योग विद्या दुनिया को जीवन जीने का तरीका सिखा रही है। उन्होंने दुनिया भर में योग दिवस मनाए जाने और इसके प्रचार-प्रसार का श्रेय भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और देश के योगाचार्यों को दिया। यह बात उन्होंने बुधवार को यहां ताऊ देवीलाल स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में कही।

जेपी नड्डा ने भारी बरसात के बावजूद भी योगासन कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले लोगों और बच्चों की सराहना की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ और भिवानी-महेंद्रगढ़ के सांसद धर्मवीर सिंह भी मौजूद रहे। योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होने जेपी नड्डा सुबह छह बजे प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के साथ बरसात के बीच गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल और फिर अमेरिका से प्रधानमंत्री


गुरुग्राम के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में योग करते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, सांसद धर्मबीर सिंह व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़।

नरेन्द्र मोदी का योग दिवस पर लाइव उद्धबोधन बड़ी स्क्रीन पर सुना। स्कूली बच्चों ने संगीतमयी योगासन कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इसके बाद सैकड़ों लोगों के साथ आधा घंटे तक जेपी नड्डा और ओपी धनखड़ ने योग किया।

कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि योग हमारी संस्कृति और विद्या है, जो हमारे मन, शरीर, आत्मा और बुद्धि को जोड़ती है। योग ऐसी विद्या है, जो आज दुनिया को सुख, शांति से जीने का तरीका सिखा रही है। नड्डा ने कहा कि योग जीवन को सुखद और बैलेंस बनाता है। आज हमारी यह योग विद्या दुनिया को जीने का तरीका सिखा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह पूरे देश के लिए गौरव की बात है कि जिस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग दिवस मनाने का प्रस्ताव दुनिया के सामने रखा था, आज वे भी न्यूयॉर्क स्थिति यूनाइटेड नेशन्स के मुख्यालय में योग दिवस मना रहे हैं और दुनिया को संदेश भी दे रहे हैं। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी योग के प्रचार और प्रसार के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री ने भारतीय संस्कृति के प्रतीक योग को पूरी दुनिया में प्रसिद्धि


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बेहतरीन करतब करतीं दो महिलाएं।

दिलाई है। वह बताती है कि हमारी पुरातन योग विद्या कितनी महत्वपूर्ण है और इससे जीवन कितना स्वस्थ और सुखद होता है। नड्डा ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया कि हमें योग में अपने आपको शामिल करना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, राष्ट्रीय सह मीडिया प्रमुख संजय मयूख, पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, जिला उपायुक्त निशांत यादव, जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, प्रदेश सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी आदि अनेक भाजपा नेता भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।


गुरुग्राम के गांव नौरंगपुर स्थित होंडा सामाजिक विकास केंद्र में योग करते सरपंच सुंदर लाल व अन्य लोग।

# पीएम मोदी की बदौलत योग को विश्व ने अपनाया : सुंदर लाल यादव

### होंडा कंपनी द्वारा संचालित सामाजिक विकास केंद्र नौरंगपुर में हुआ योग कार्यक्रम

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**बुधवार** को 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मानेसर नगर निगम के गांव नौरंगपुर में होंडा सामाजिक विकास केंद्र में योग का कार्यक्रम आयोजित किया गया। होंडा कंपनी की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर होंडा कंपनी के सीनियर डायरेक्टर विनय धींगरा, डायरेक्टर कातस्युकि ओजावा सीएसआर हेड सत्यप्रकाश पाटिल, बीजेपी पंचायती राज के जिला संयोजक सरपंच सुन्दर लाल यादव, विजय पाल सरपंच नाहरपुर, लक्ष्मण यादव सरपंच नखडोला, पंकज यादव रामपुरा, कृष्ण यादव नोरंगपुर समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की बदौलत योग को विश्व ने अपनाया है। भारतीय संस्कृति की अमूल्य और विलक्षण धरोहर एवं मानव के उत्तम स्वास्थ्य का आधार योग है। उन्होंने कहा कि हमारी योग प्राचीन पद्धति है। यह हमारी धरोहर है। योग से तन और मन को स्वस्थ व शुद्ध रखा जा सकता है। योग शारीरिक, मानसिक, अध्यात्मिक व सामाजिक स्वास्थ्य का साधन है। योग हमें जीवन जीने की राह दिखाता है। एकाग्रता बढ़ाता है। होंडा कंपनी के सीनियर डायरेक्टर विनय धींगरा ने कहा कि कंपनी द्वारा यहां नौरंगपुर कैंपस में पहली बार योग शिविर लगाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विवि में योग दिवस पर स्टाफ, छात्रों ने मिलकर किया योग

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग महोत्सव का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण विभाग और एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विवि परिसर में बड़े उत्साह के साथ योग महोत्सव मनाया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों, एनएसएस स्वयंसेवकों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर योगासनों व प्राणायाम का अभ्यास किया। योगाचार्य ने सभी को योग क्रियाएं करवाकर उनके लाभों से अवगत करवाया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने सभी को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के तनाव से भरी जीवनशैली में अगर हमें अपने शरीर के साथ मन को स्वस्थ और शांत रखना है तो नियमित रूप से योग करना चाहिए। उन्होंने कहा प्राणायाम से लेकर कई तरह की योग मुद्राओं का नियमित अभ्यास आपको शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रखने में मददगार होंगे


गुरुग्राम विवि में योग करते कुलपति, स्टाफ व विद्यार्थी।

### संत निरंकारी मिशन द्वारा मनाया गया योग दिवस

**गुरुग्राम।** संत निरंकारी मिशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सेक्टर-31 संत निरंकारी सत्संग भवन के प्रांगण में मनाया गया। प्रात 6 बजे भारी वर्षा के बावजूद योग दिवस वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत वन वर्ल्ड, वन हेल्थ विषय अनुसार आयोजित किया गया। सत्संग भवन के प्रांगण में एकत्र सभी उम्र के बहन भाइयों ने एक साथ योग किया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के आशीर्वाद से योग दिवस कार्यक्रम संपूर्ण भारतवर्ष के 400 से अधिक स्थानों पर उत्साहपूर्वक मनाया गया। मिशन आध्यात्मिक जागरूकता के साथ साथ समाज कल्याण के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, महिला सशक्तिकरण, बाल विकास, युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक मागदर्शन देने का प्रयास कर रहा है। मिशन ऐसी गतिविधियों के लिए सदैव प्रशंसा का पात्र रहा है।



# संकल्प से सिद्धि का रास्ता दिखाता हनुमान चालीसा का पठन: बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**समाजसेवी** बोधराज सीकरी के नेतृत्व में पिछले 4 महीने से जारी हनुमान चालीसा पाठ का आंकड़ा 215000 के पार कर गया। मंदिर श्री बालाजी (हनुमान जी) महाराज शिवाजी नगर में श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया।

बोधराज सीकरी ने बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए पिछले चार महीने से श्री हनुमान चालीसा की एक मुहिम शुरू की हुई है। उसके तहत श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया। श्री हनुमान चालीसा के पाठ को आरंभ करने से पूर्व पंडित भीम दत्त ज्योतिषाचार्य द्वारा बोधराज सीकरी एवं उनकी धर्मपत्नी सुरेश सीकरी व एचएस चावला से पूजा करवाई। पूजा के पश्चात एचएस चावला का पगड़ी पहनाकर व दोशाला भेंटकर बोधराज सीकरी ने स्वागत किया। गजेंद्र गोसाई ने पहले बोधराज सीकरी से आशीर्वाद लिया। संगीतमय ढंग से श्री हनुमान चालीसा का 21 बार सभी को


गुरुग्राम में हनुमान चालीसा पाठ में भाग लेते बोधराज सीकरी।

साथ लेकर पाठ किया। लगभग 380 साधकों ने इसमें भागीदारी की।

ज्योत्सना बजाज व सह-संयोजिका ज्योति वर्मा और रचना बजाज और शक्ति मंदिर गढ़ी हरसरू की संयोजिका पूनम माता की पुत्री अलका शर्मा ने प्रधाना पिर्की सेठ का स्वागत किया। अलका शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कावड़ का समय आ रहा है और हमें अपने धर्म का मजाक ना उड़ाकर अपनी संस्कृति को ध्यान में रखना चाहिए।

# सीबीआरई केयर्स- एक पहल प्रोजेक्ट ने 3 लाख प्रवासी मजदूरों की मदद के लिए बाल रक्षा भारत के साथ साझेदारी की

पायनियर समाचार सेवा। दिल्ली

**सीबीआरई** साउथ एशिया प्रा.ली. भारत की अग्रणी रियल एस्टेट कंसल्टिंग फर्म ने बाल रक्षा भारत (विश्व स्तर पर सेव द चिल्ड्रेन के रूप में जाना जाता है) के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की, जो एक अग्रणी कंपनी है। साथ में वे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं, औपचारिक शिक्षा और उन्नत पोषण मानकों तक पहुंच के साथ 9 3 लाख प्रवासी परिवारों का समर्थन करने की कल्पना करते हैं।

यह पहल सीखने की कमियों को दूर करके और सीखने की निरंतरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए उपचारात्मक उपाय प्रदान करके बच्चों की औपचारिक शिक्षा संस्थानों तक पहुंच सुनिश्चित करेगी। सीबीआरई ने इस




वित्तीय वर्ष के दौरान सीएसआर पहलों के लिए 9 5 करोड़ रुपये का एक कोष स्थापित किया है, जिसे वर्ष के अंत तक 9 15 करोड़ रुपये तक बढ़ाया जाएगा।

वांछित प्रभाव प्राप्त करने के लिए, लक्षित शहरों में कई हस्तक्षेप किए जाएंगे। इसमें हस्तक्षेप क्षेत्रों में नियमित स्वास्थ्य जांच शिविरों के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ नियमित जुड़ाव शामिल होगा। परियोजना टीम संबंधित सिविल सर्जन/मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से शहरी मलिन बस्तियों में रहने वाले परिवारों की भलाई सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाएगी।

# विश्व योग दिवस पर बारिश को मात देते हुए किया योग, योग से भगाएंगे रोग


बुधवार को भोंडसी के सीनियर सैकेंडरी स्कूल परिसर में खड स्तर पर बनाया विश्व योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए एसडीएम प्रदीप सिंह।

### सरकारी विभागों के आए अधिकारी व कर्मचारियों ने बारिश में भिगते हुए योगा की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**विश्व** योग दिवस के अवसर पर भोंडसी की राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खंड स्तर पर योग शिविर लगाया। जहा पर सैकडों की संख्या में एक साथ नागरिकों ने योग किया। एसडीएम समेत सभी सरकारी विभागों के आए अधिकारी व कर्मचारियों ने बारिश में भिगते हुए योगा की।

बुधवार को खंड के गांव भोंडसी के राजकीय सीनियर सैंकेडरी स्कूल में खंड स्तर पर योग दिवस मनाया। इस अवसर पर नॉडल अधिकारी सोहना एसडीएम प्रदीप सिंह के नेतृत्व में खंड के सभी विभागों के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों ने इस योग शिविर में भाग लिया। खंड की शिक्षा अधिकारी सुमिता रांगी ने भी योग शिविर में भाग लिया। इस योग शिविर में शिक्षा विभाग के अधिकारी और शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खंड के राजकीय स्कूलों में विद्यार्थी योग दिवस पर बारिश में भिगते हुए पहुंचे। भले ही विद्यार्थियों की संख्या स्कूलों कम रही। लेकिन खंड के सभी स्कूलों में

योग दिवस पर योगा की। इस अवसर पर एसडीएम प्रदीप सिंह ने बताया कि योग दिवस में भाग लेने वालों के हौसले को बारिश भी कम नहीं कर सकी। सिर पर बरस रही बारिश के बावजूद नागरिकों ने योग को किया। उन्होने बताया कि योग के प्रति यह लगन आम नागरिक को निरोग बनाने में सबसे बड़ी संजीवनी बनकर आ रही है। आम नागरिक योग से जुड ही नहीं है। योग के महत्व को समझते हुए अपने आपको निरोग रखने की आदत डाल चुके है।

# पंजाबी बिरादरी महा संगठन की स्मारिका का हुआ विमोचन

### बोधराज सीकरी के सामाजिक कार्यों की स्वामी धर्मदेव ने की प्रशंसा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पंजाबी** बिरादरी महासंगठन, ओम योग संस्थान ट्रस्ट शाखा (गुरुग्राम), जी.ए.वी. इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-7 द्वारा आयोजित साप्ताहिक संगीतमयी योग शिविर के अंतिम दिन बुधवार को राजपाल आहूजा योग शिक्षक द्वारा योग साधना कराई गई। कार्यक्रम में पंजाबी बिरादरी महा संगठन द्वारा एक स्मारिका का विमोचन स्वामी धर्मदेव महाराज के कर कमलों से किया गया, जिसमें पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा अब तक जो सामाजिक कार्य किए गए हैं उसका विवरण दिया गया है।


गुरुग्राम में योग शिविर के समापन पर स्वामी धर्मदेव से आशीर्वाद लेते बोधराज सीकरी व अन्य।

मुख्य अतिथि के रुप में आश्रम हरि मंदिर पटौदी के पीठाधीश्वर स्वामी धर्मदेव ने शिरकत की। सुबह 6 बजे अध्यापिकाओं एवं स्कूल के डायरेक्टर प्रदीप कौशिक व उनकी पत्नी द्वारा उनका फूलों से व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। जो योग साधना राजपाल आहूजा द्वारा करवाई जा रही थी, उसे स्वामी जी की उपस्थिति में पूरा किया गया। बोधराज सीकरी ने स्वामी जी का अपनी कार्यकारिणी के साथ भव्य स्वागत किया व स्वामी धर्मदेव के प्रति अपने उदगार व्यक्त किए। उसके पश्चात स्वामी जी द्वारा अपना 35 मिनट का ओजस्वी संबोधन दिया गया। बोध राज सीकरी ने स्कूल के निदेशक प्रदीप कौशिक की उनके सहयोग के लिए प्रशंसा की। बीजेपी के वरिष्ठ नेता नवीन गोयल ने भी शिविर में शिरकत की।

## कंपनियां नहीं पिलानी चाहती वाइन

**गुरुग्राम।** हरियाणा में बड़े कॉर्पोरेट घराने ऑफिस में कर्मचारियों को बियर-वाइन पिलाने के लिए इच्छुक नहीं है। उन्हें यह डर सता रहा है कि शराब के नशे में वह अनुशासनहीनता कर सकते हैं। इसके साथ ही नशे की हालत में ऑफिस से घर जाना भी उन्हें महंगा पड़ सकता है। सफर के दौरान उनके एक्सीडेंट की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। यही कारण है कि सरकार के कॉर्पोरेट घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को शराब परोसने के लिए एक भी आवेदन नहीं किया गया है।

# राम नवमी पर शस्त्र लहराने के मामले में भाजपा के पूर्व नेता कुलभूषण भारद्वाज गिरफ्तार


कुलभूषण भारद्वाज को गिरफ्तार करके ले जाती पुलिस।

### लगातार मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लेकर बागी रहते हैं कुलभूषण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बीती** राम नवमी पर शहर में शोभा यात्रा निकालकर अस्त्र-शस्त्र लहराने के आरोप में भाजपा के पूर्व नेता एवं बार एसोसिएशन गुरुग्राम के पूर्व प्रधान कुलभूषण भारद्वाज को शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुधवार को उन्हें थाने में पूछताछ के लिए बुलाया था और गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश कर एक दिन की जमानत दी गई।

इस दौरान कुलभूषण भारद्वाज ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्होंने राम नवमी पर शोभा यात्रा निकाली थी। भगवान के अस्त्र-शस्त्र लेकर चल रहे थे। पहले तो अज्ञात केस दर्ज किया गया था। उन्हें पूछताछ के लिए दो-तीन दिन से बुलाया जा रहा था। वे किसी कार्यक्रम में व्यस्त थे। बुधवार को थाना शहर की ओर से राम नवमी की शोभा यात्रा के संबंध में वे पूछताछ के बुलावे पर पहुंचे।

यहां पहुंचते ही उन्हें कहा गया कि उनकी गिरफ्तारी की जा रही है। कुलभूषण भारद्वाज के समर्थन में कुछ हिंदू संगठनों के लोग भी थाना शहर पहुंचे थे। उनकी गिरफ्तारी के विरोध में हिंदू संगठनों ने थाने के भीतर ही नारेबाजी करनी शुरू कर दी। जय श्री राम, जोर जुल्म की टक्कर से संघर्ष हमारा नारा है, वंदे मातरम, भारत माता की जय, यदि भारत में रहना होगा जय श्री राम कहना होगा आदि नारे लोगों ने लगाए। जैसे ही पुलिस कुलभूषण भारद्वाज को थाने से बाहर लेकर आई तो फिर से नारे लगाए जाने लगे।

### सीएम के खिलाफ खुलकर बोले थे कुलभूषण

कुलभूषण की गिरफ्तारी को उस पंचायत से जोड़कर भी देखा जा रहा है, जिसमें कुलभूषण भारद्वाज ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर निशाना साधा था। नाथूपुर में आयोजित पंचायत में कुलभूषण भारद्वाज ने कहा था कि गरीबों, आम आदमी की इमारतें तोड़ी जा रही हैं। बिल्डर की बिल्डिंग तोड़ें। ऐसा नहीं कर सकते। क्योंकि सत्ता में दलाल बैठे हैं। उनकी सेटिंग है। कुलभूषण ने कहा कि हमारी पीढियों का अस्तित्व मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार वह होती है जो लोगों की पीड़ा सुने। पीड़ा मिटाए। ऐसा पहली बार देखा है कि रात के अंधेरे में रजिस्ट्री होती हैं। धीरेंद्र ब्रह्मचारी की जमीन बेच दी गई। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बारे में भी काफी कुछ कहा था। लोगों का कहना है कि कुलभूषण भारद्वाज की गिरफ्तारी का एक कारण यह भी हो सकता है।

# वीट करता है वीट प्रोफेशनल0 वैक्स स्ट्रिप्स के साथ प्रोफेशनल सेल्फ-वैक्सिंग रिजल्ट का वादा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हेयर रिमूव उत्पादों में वर्ल्ड लीडर, वीट0, उपभोक्ताओं को वीट प्रोफेशनल0 वैक्स स्ट्रिप्स के साथ प्रोफेशनल वैक्सिंग जैसे परिणाम देता है। ब्रांड अंबेस्डर कैटरीना कैफ वाले एक नया 360 डिग्री विज्ञापन VeetItToBelieveIt बनाए प्रोफेशनल वैक्सिंग को आसान', एक बेहतर, प्रभावी और सुविधाजनक हेयर रिमूवल समाधान पर केंद्रित है, जो प्रोफेशनल वैक्सिंग जैसे परिणाम प्राप्त करने में मदद कर सकता है1

वीट प्रोफेशनल0 रेडी-टू-यूज फुल बॉडी वैक्स स्ट्रिप्स सबसे छोटे* बालों को हटाकर 28 दिनों* तक चिकनी त्वचा प्रदान करता है। नया उत्पाद पैक एक अनूठे क्यूआर कोड के साथ आता है, जो ग्राहकों को इसके उपयोग करने के वीडियो तक ले जाता है, ताकि उन ग्राहकों को शिक्षित और मार्गदर्शन किया जा सके, जो घर पर खुद ही वैक्स करने का सही तरीका सीखने की कोशिश कर रहे हैं। विज्ञापन अभियान के बारे में बताते हुए, डिलेन गांधी, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया - हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, रेकिट, ने कहा, ''आज उपभोक्ताओं के बीच घर पर ही प्रभावी और क्विक सेल्फ-ग्रूमिंग समाधानों की मांग तेजी से बढ़ रही है और वीट निरंतर एक बेहतर और सहज अनुभव प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है, जो मिनटों में उल्लेखनीय परिणाम सुनिश्चित करता है। ब्रांड अंबेस्डर कैटरीना कैफ के साथ हमारा नया विज्ञापन VeetItToBelieveIt बनाए प्रोफेशनल वैक्सिंग को आसान' प्रोफेशनल वैक्सिंग जैसे परिणाम के साथ सेल्फ-वैक्सिंग को एक नई ऊंचाई पर ले जाता है, जिसे उपभोक्ता स्वयं भी प्राप्त कर सकते हैं। इस अनुभव को पूरे भारत में लाखों लोगों तक पहुंचाने में सक्षम होने पर वीट को अपने ऊपर गर्व है।''

अनुपमा रामास्वामी, चीफ क्रिएटिव ऑफसिर, हवास वर्ल्डवाइड इंडिया ने कहा, ''वीट प्रोफेशनल0 वैक्स स्ट्रिप्स हर महिला को खुद ही वैक्सिंग करने की शक्ति प्रदान करता है। न केवल प्रोफेशनल वैक्सिंग जैसा परिणाम, बल्कि इसका आसान उपयोग सभी को आश्चर्यचकित कर देता है। इसलिए, टीवीसी की कहानी में एक सरप्राइज एलीमेंट की मांग थी। इसलिए, जब नया विज्ञापन वीट प्रोफेशनल0 के साथ हासिल किए जा सकने वाले प्रोफेशनल वैक्सिंग जैसे परिणामों पर प्रकाश डालता है, तब यह ब्रांड अंबेस्डर कैटरीना कैफ का उपयोग भी आश्चर्यजनक तरीके से करता है।''

नया VeetItToBelieveIt बनाए प्रोफेशनल वैक्सिंग को आसान' विज्ञापन अभियान आज की युवा महिलाओं पर केंद्रित है जो दैनिक कार्यों के लिए प्रोफेशनल लेकिन सुविधाजनक समाधान की लगातार खोज करती रहती हैं। नए टीवीसी में एक युवा महिला को दिखाया गया है जो काम पर जाने के लिए तैयार हो रही है और वीट प्रोफेशनल0 वैक्स स्ट्रिप्स का उपयोग कर मिनटों में वैक्स करती है, जो उसे अपनी इच्छानुसार कपड़े पहनने का आत्मविश्वास और सुविधा प्रदान करता है, और अपने दोस्तों को हैरान कर देने के साथ अपने दिन की बेहतर शुरुआत करती है।

# अमेजन ब्यूटी ने लॉन्च किया ग्लोबल ब्यूटी स्टोर अब घर बैठे खरीद सकते हैं इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अमेजन** ब्यूटी ने अपने बहुप्रतीक्षित ग्लोबल ब्यूटी स्टोर के लॉन्च की घोषणा की है। इस नए स्टोर पर 60 से अधिक इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स और 5,000 से अधिक प्रोडक्ट का बेहद खास कलेक्शन पेश किया गया है। स्टोर में इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स का एक विशाल संग्रह है, जिसमें दुनिया भर के बेस्ट प्रोडक्ट्स को एक जगह पर उपलब्ध कराया गया है। सभी की जरूरतों को पूरा करने के लिए जाने-माने फ्रेंच स्किनकेयर ब्रांड से लेकर उभरते अंतरराष्ट्रीय कॉस्मेटिक ब्रांड जैसे पाउला चॉइस, फार्मेसी, एनोमली, कॉडली, एल 'ऑकिटेन, कॉसआरएक्स, लेनिज, इनिसफ्री, मेकअप रेवोल्यूशन, चोपर्ड, पॉल मिशेल इस स्टोर में उपलब्ध हैं।

ग्राहक दुनिया के हर कोने से लाए गए ऑथेंटिक प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत रेंज में से अपने पसंदीदा प्रोडक्ट की खरीदारी कर सकते हैं। इन प्रोडक्ट को उनकी बेहतरीन क्वालिटी और एडवांस फॉर्मूलेशन के लिए खासतौर पर चुना गया है। ग्लोबल ब्यूटी स्टोर ब्यूटी से जुड़ी विभिन्न जरुरतों और प्राथमिकताओं



को ध्यान में रखते हुए बेमिसाल प्रोडक्ट रेंज पेश करता है।

अमेजन इंडिया में ब्यूटी, पर्सनल केयर और लक्ज़री ब्यूटी की डायरेक्टर ज़ेबा खान ने कहा कि ''हम अमेजन ब्यूटी पर ग्लोबल ब्यूटी स्टोर को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह हमारे ग्राहकों को दुनिया का बेहतरीन ब्यूटी एक्सपीरिएंस प्रदान करने की हमारी कोशिश का एक हिस्सा है। एक ऐसे समय में, जहां ग्राहक सबसे बेहतरीन इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स की तलाश करते हैं और यह भी चाहते हैं कि ये प्रोडक्ट आसानी से उनके घर पर डिलीवर हों। ऐसे में भरोसेमंद ग्लोबल ब्रांड्स के लक्जरी ब्यूटी प्रोडक्ट्स ग्राहकों को उपलब्ध कराना हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूती प्रदान करता है। इस लॉन्च के साथ हम अपने ग्राहकों को प्रीमियम और शानदार ब्यूटी प्रोडक्ट्स की एक विशाल रेंज प्रदान करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे ग्राहक दुनिया के बेहतरीन ब्यूटी ब्रांड्स के खास ब्यूटी और सेल्फ-केयर प्रोडक्ट आसानी से प्राप्त कर सकें।''

ग्लोबल ब्यूटी स्टोर अमेजन ब्यूटी की की एक बेहद खास पेशकशों में से एक है। ग्लोबल ब्यूटी स्टोर के प्रत्येक प्रोडक्ट पेज में डिटेल प्रोडक्ट डिस्क्रिप्शन, इंग्रेडिएंट्स लिस्ट, यूसेज इंस्ट्रक्शन और कस्टमर रिव्यू दिया गया है। स्टोर को यूजर्स के अनुकूल इंटरफेस का साथ खरीदारी के अनुभव को और बेहतर बनाने के उद्देश्य के साथ पेश किया गया है। यह इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रांड्स की तलाश करने, शानदार स्किन केयर प्राप्त करने, वाइब्रेंट कॉस्मेटिक खरीदने और अपनी ब्यूटी रूटीन को और भी बेहतर बनाने के लिए एक वन-स्टॉप डेस्टिनेशन है। यह लॉन्च ब्यूटी के शौकीनों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए अमेजन की सोच को दिखाता है।

# अग्रवाल महाविद्यालय में विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में योग समर्पण क्लब द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं सुरक्षित भारत के स्वप्न को साकार करने में योगदान देना था। प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बनते नए प्रतिमानों की श्रृंखला को बनाए रखने के प्रयास में इस वर्ष नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वसुधैव कुटुंबकम थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ओम एवं गायत्री मंत्र के



उच्चारण से हुई। उसके बाद योग प्रशिक्षक श्याम कुमार के निरीक्षण में प्राणायाम और लगभग एक घंटे तक महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ प्रवक्ताओं और विद्यार्थियों ने योग किया। श्याम ने योग और प्राणायाम कराते हुए योग से होने वाले गुणों का विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम संरक्षक एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने नौवें योग दिवस पर महाविद्यालय की योगा टीम, जिसको 20 जून को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय योग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पाकर पुरस्कार के रूप में 7100 रूपये नकद राशि प्राप्त करने पर योग टीम में शामिल बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्रों राजू, अंकित, जतिन, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा मनीषा, बीकॉम

### योग हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा : कामरा

इस कार्यक्रम के समन्वयक, योग समर्पण क्लब के संयोजक डॉ. नरेश कामरा ने महाविद्यालय की योग टीम की उपलब्धियां बताते हुए कहा योग हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। अगर हम स्वस्थ रहेंगे, तभी कोई भी कार्य ठीक ढंग से कर पाएंगे। अत: योग को अपने जीवन में जरूर अपनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में योग क्लब के छात्र-छात्राओं ने योग प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रथम वर्ष की छात्रा शीतल एवं बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा अनिष्का व महाविद्यालय योग टीम के प्रशिक्षक श्याम कुमार को बधाई दी और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनायें दीं। इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर उपस्थित सेल्फ फाइनेंस विंग के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता, वाईआरसी और आरआरसी के समन्वयक डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. अशोक निराला, डॉ. रितु, डॉ. प्रवीण गुप्ता, डॉ. सचिन गर्ग, उप अधीक्षक मनमोहन सिंगला, शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रवक्ता डॉ. जगवीर सिंह व मोहित हुड्डा उपस्थित रहे। अग्रवाल महाविद्यालय के विद्यार्थियों, समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों के सहयोग की सक्रिय भागीदारीता से यह कार्यक्रम सार्थक एवं सफल सिद्ध रहा। कार्यक्रम संयोजक डॉ. नरेश कामरा के धन्यवाद ज्ञापन से इस कार्यक्रम का समापन हुआ।

## प्रशांत बैंसला को राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड में स्वर्ण पदक

**पलवल।** केंद्रीय विद्यालय पलवल के प्राचार्य राजकुमार कटारिया ने बताया कि 18 जून से 20 जून के बीच राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल के अंदर खेली गई राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड 2023 में केंद्रीय विद्यालय पलवल के छात्र प्रशांत बैसला ने गोल्ड मेडल हासिल किया है। सफलता से केंद्रीय विद्यालय पलवल के सभी शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों में हर्ष का माहौल है।विद्यालय के फिजिकल एजुकेशन विषय के शिक्षक इकराम के निर्देशन में विद्यालय खेल क्षेत्र में प्रतिवर्ष नए शिखर को छू रहा है। इसका आयोजन शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार व एनसीईआरटी द्वारा 18 से 20 जून के बीच राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल में किया गया।

# बैंक के पूर्व मैनेजर ने क्लर्क के साथ मिलकर किया 20.86 लाख का गबन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**को**-ऑपरेटिव बैंक ब्रांच हसनपुर में पूर्व मैनेजर और दो क्लर्कों ने मिलीभगत करके 20 लाख 86 हजार 300 रुपए का गबन कर लिया है। बैंक मैनेजर की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में पूर्व मैनेजर सहित तीनों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हसनपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार को-ऑपरेटिव बैंक शाखा हसनपुर के मैनेजर जितेंद्र सिंह ने लिखित शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि उन्हें डाक द्वारा छह मार्च 2023 को मुख्यालय से एक पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें बैंक के तीन कर्मचारियों द्वारा गबन किए जाने और उनके खिलाफ केस दर्ज कराने के आदेश थे। आरोपियों की पहचान पूर्व शाखा प्रबंधक रमेशचंद लोहार, क्लर्क राज सिंह एवं क्लर्क शुभम के रूप में हुई। तीनों के खिलाफ साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने जांच के बाद हसनपुर थाना में आरोपियों के खिलाफ 20 जून की शाम को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आगे की जांच जारी है।

# योग हमारे देश की प्राचीन धरोहर, स्वस्थ रहने के लिए रोज करें योग : मूलचंद

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में मनाया गया जिलास्तरीय नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**योग** हमारे देश की प्राचीन धरोहर है, जिसे ऋषि मुनियों ने अपनाया और आगे बढाया। स्वस्थ रहने के लिए मनुष्य को चाहिए कि वह योग को अपने जीवन में जरूर अपनाएं। योग को अपने जीवन की दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के साथ-साथ विश्व ने योग को अपनाया है। हरियाणा के केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा बुधवार को नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित जिलास्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपना उद्बोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग दिवस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति बिखेरने तथा पूरे विश्व को योग से लाभान्वित करने की शुरुआत करवाई। तब से प्रति वर्ष 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिलास्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाणा के परिवहन मंत्री





मूलचंद शर्मा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर उनके साथ विधायक दीपक मंगला भी मौजूद रहे। योग दिवस कार्यक्रम में सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के संदेश के लाइव प्रसारण को देखा व सुना। केबिनेट मंत्री ने जिलावासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पहला सुख निरोगी काया। अगर तन स्वस्थ्य रहेगा तभी मन भी स्वस्थ्य रहेगा और अगर तन ही स्वस्थ नहीं है तो धन व्यर्थ है। सबसे पहला सुख रोग मुक्त शरीर को माना गया है और रोग मुक्त शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का निवास होता है। इसलिए सभी जन प्रतिदिन योग करके अपने जीवन को सुखमय बनाएं। योग से जीवन में बहुत लाभ मिलता है। जो लोग प्रतिदिन योग करते है, वे हमेशा स्वस्थ्य रहते हैं और उनका पूरा दिन कार्य करने में मन लगता है। उन्होंने सभी जन को स्वस्थ रहने के लिए रोजाना योग करने का आह्वान किया।

योग कार्यक्रम में योगाचार्य डॉ. रामजीत ने सैंकड़ों लोगों को विभिन्न योग करवाते हुए क्रमवार उनके लाभ भी बताए। उन्होंने शिथिलीकरण के अभ्यास ग्रीवा चालन, स्कंद चालन, कटि चालन, घुटना संचालन करवाए। इसके साथ खड़े होकर किए जाने वाले आसनों में ताडासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन और बैठकर किए जाने वाले आसनों में भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन का अभ्यास करवाया। वहीं उन्होंने पेट के बाल लेटकर किए जाने वाले आसन मकरासन, भुजंगासन, शलभासन तथा पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसनों में सेतुबंधासन, उत्तानपाद आसन, अर्द्ध हलासन, पवनमुक्तासन, शवासन और बैठकर करने वाले प्राणायाम में कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास करवाया। योगाचार्य डॉ. रामजीत ने सभी को संकल्प-पाठ तथा शांति-पाठ भी करवाया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बहनजी ने उपस्थिति को ध्यान करवाया। कार्यक्रम में विधायक दीपक मंगला, जेजेपी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सौरोत, वीरपाल दीक्षित, पवन अग्रवाल, सुरेंद्र सिंगला, पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह, एडीसी डॉ. आनंद शर्मा, सहायक पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर, एसडीएम शशि वसुंधरा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार, सीटीएम द्विजा, जीएम रोडवेज नवनीत, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक बघेल, जिला खेल अधिकारी अनिल सैनी, जिला आयुष अधिकारी डॉ. अजीत यादव, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी डीपी कुलश्रेष्ठ, डीडीपीओ उपमा अरोड़ा, उपसिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी और महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों ने योग किया।

# विवाहिता से गैंगरेप करने पर छह नामजद सहित नौ के खिलाफ केस

### 2016 में घर से भाग गांव के ही युवक से की थी लव मैरिज, तीन महीने रखा बंधक

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**घर** से भाग कर गांव के ही युवक से लव मैरिज करने वाली युवती ने पति व अन्य पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। उसे बंधक बनाकर मारपीट करने और उससे सामूहिक दुष्कर्म व अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का केस महिला थाना में दर्ज हुआ है। इसमें छह नामजद एवं तीन अन्य की तलाश पुलिस को है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

2016 में की थी कोर्ट मैरिज

महिला थाना प्रभारी सुशीला देवी के अनुसार, हथीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि उसका गांव के ही युवक से प्रेम प्रसंग था। वर्ष 2016 में घर से भागकर उसने युवक से कोर्ट मैरिज कर ली थी। उसका पति उसे भगा कर अपनी मौसी के गांव ले गया और वहां किराए के मकान में रहने लगे। शादी के बाद दो बच्चों को भी जन्म दिया।

वह किसी तरह कमरे से निकल कर भागी तो उसके पति व 3-4 अन्य ने उसे पकड़ लिया। उसके मुंह पर कपड़ा बांधकर उसके साथ सभी ने सामूहिक रूप से दुष्कर्म, अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए। इसके बाद उसको लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा, तो उसने बाहर भागकर शोर मचा दिया।

शोर सुनकर गांव के व उसके परिवार के लोग आ गए। अब पीड़िता ने परिजनों के साथ महिला थाना आकर उक्त शिकायत दी है। जिस पर महिला थाना पुलिस ने उसके पति, जेठ, जेठानी, देवर व ननदोई सहित अन्य के खिलाफ बंधक बनाकर दुष्कर्म, अप्राकृतिक यौन शोषण, मारपीट व तलाक देने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



### ननदोई ने किया दुष्कर्म

महिला का कहना है कि करीब छह माह पहले उसका ननदोई उसके मकान पर आया और उसके विरोध करने के बावजूद उसके साथ दुष्कर्म किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसका पति उसे वापस अपने गांव ले आया। जहां पर जेठ, जेठानी व देवर ने उसके साथ मारपीट की और उससे कहा कि वह अपने घर चली जा।

### दो जेठों व देवर ने घर में रखा बंधक

महिला के अनुसार 28 मार्च 2023 को पति ने तीन बार तलाक कहकर तलाक दे दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे एक कमरे में बंधक बनाकर रखा। आरोप है कि पांच अप्रैल को उसके दो जेठों व देवर ने उसे बंद कमरे में कहा कि वे अब नहीं रखेंगे। इसके बाद उसके देवर ने उसके कपड़े फाड़ दिए और दुष्कर्म कर फिर से कमरे में बंद कर दिया। अगले दिन उसके दोनों जेठों ने बुरी तरह से पीटा और दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देकर कमरे में बंद कर दिया।

## गदपुरी टोल प्लाजा पर 25 जून को मुख्यमंत्री करेंगे रैली

**पलवल।** डीसी विक्रम सिंह तथा पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने 25 जून को मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल की फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की गांव गदपुरी टोल के नजदीक होने वाली प्रस्तावित रैली के दृष्टिगत रैली स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा, एसडीएम पलवल शशि वंसुधरा, नगराधीश द्विजा, डीएसपी साकिर हुसैन, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेन्द्र यादव सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

डीसी ने रैली स्थल का जायजा लेते हुए जनस्वास्थ्य आभियंत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल आपूर्ति, लोक निर्माण व बिजली विभाग के अधिकारियों को बिजली आपूर्ति, पुलिस विभाग द्वार बैरिकेटिंग व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को रैली स्थल पर किए जाने वाले आवश्यक प्रबंधों को समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पैदल जा रहे युवक की हादसे में मौत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**हाइवे** पर भुलवाना गांव के पास हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। सर्विस रोड पर पैदल चल रहे दो भाइयों को कैंटर के अज्ञात चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में 32 वर्षीय युवक गंभीर घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए फरीदाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया और कैंटर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

होडल थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के अनुसार, जिला मुथरा यूपी के खर्रोट गांव निवासी पप्पू ने शिकायत दी है। वह खुद भी हादसे में घायल हुआ है। पप्पू ने बताया कि मंगलवार रात करीब एक बजे वह और उसका भाई रोहताश किसी निजी काम से भुलवाना गांव की तरफ पैदल-पैदल सर्विस रोड पर जा रहे थे। इसी दौरान



### कैंटर ने पीछे से टक्कर मारी, नेशनल हाईवे पर भुलवाना मोड़ के पास एक्सीडेंट

एक कैंटर चालक तेज रफ्तार से लापरवाह ड्राइविंग करते हुए आया और गलत साइड में आकर दोनों को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई घायल हुए, लेकिन उसे मामूली चोटें लगीं।

पप्पू ने बताया कि टक्कर लगने से रोहताश को गंभीर चोटें लगीं। उसने राहगीरों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन जान नहीं बचाई जा सकी। हादसे के बाद कैंटर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना राहगीरों ने नहीं पुलिस को दी।

# सर्वमुखी विकास के लिए योग जरूरी : डॉक्टर अरुण गर्ग

### एमवीएन विश्वविद्यालय में योग दिवस मनाया गया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**एमवीएन** विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, गैर शिक्षक गण ने हिस्सा लिया। इसकी शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग, उपकुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन ने सरस्वती और स्वर्गीय गोपाल शर्मा की प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित करके की।

इस अवसर पर योग गुरु प्रभु वशिष्ठ ने सभी को विभिन्न योग का अभ्यास कराया। योग गुरु ने कहा कि योग हम सभी के लिए बहुत आवश्यक हैं, क्योंकि योग हमें



शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग करने से हमारे शरीर और मन में नई ऊर्जा का संचार होता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग ने बताया कि इस बार हम नौवां योग दिवस मना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हर बार योग दिवस का एक मुख्य विषय रहता है और इस बार का विषय है वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग, जिसका अर्थ है योग पृथ्वी पर उपस्थित सभी मनुष्यों के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक और व्यस्त जीवन में खुद को ठीक रखने के लिए योग करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि योगा हमें बहुत सारे रोगों से भी मुक्ति दिलाता है। विश्वविद्यालय के प्रबंधक संचालक कांता शर्मा, अध्यक्ष वरुण शर्मा, कुलाधिपति संतोष शर्मा ने इसकी सराहना करते हुए कहा कि योग को हमें अपनी प्रतिदिन दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

इस अवसर पर विभिन्न आसन का अभ्यास किया गया। कुलपति, उपकुलपति और कुलसचिव द्वारा पौधारोपण भी किया गया, क्योंकि वृक्ष पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी हैं। अंत में योग गुरु प्रभु वशिष्ठ ने सभी को संकल्प दिलाया कि हम अपने साथ साथ समस्त कुटुंब के भले के लिए कार्य करेंगे।

# 39 लाख की लूट में चार आरोपी फज्जुपुर से किए गिरफ्तार

### मुख्य आरोपी विकास ने वर्ष 2020 में 2.5 लाख की लूट की थी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**क्राइम** ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी राकेश सिंह के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच टीम ने लूट में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी क्राइम अमन यादव ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में विकास, रवि, मनीष और मनीष सिंह का नाम शामिल है।

आरोपी विकास बल्लभगढ़ के आदर्श नगर, रवि गांव डीग मनीष मूल रुप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गांव खानपुर एवं आरोपी मनीष सिंह बुलंदशहर के गांव दाउदपुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच राकेश और उनकी टीम के एएसआई नवीन कुमार, अमित, सिपाही बंटी, ललित, ईएसआई मुकेश कुमार की टीम ने लगातार रेड की। जिसमें उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर, डीग, कोड, नोएडा व फरीदाबाद के आदर्श नगर, बल्लभगढ़ के कई स्थानों पर लगातार रेड कर आरोपियों को गांव फज्जुपुर बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी विकास दो माह से रेकी कर रहा था। चारों आरोपी एक दूसरे के दोस्त हैं। आरोपी रवि गार्ड की नौकरी करता है। विकास स्टेशनरी की दुकान पर, मनिष कारपेंटर का तथा मनीष पढाई करता है। विकास पहले वर्ष 2020 में आदर्श नगर में हुई 2.5 लाख की लूट में शामिल था।

# पृथला व छपरोला में हो रहे अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** नगर योजनाकार पलवल द्वारा गांव पृथला में एक कॉलोनी व छपरोला में दो कॉलोनी की राजस्व सम्पदा में लगभग 12 एकड़ में तीन अवैध कालोनियों में 50 डीपीसी, लगभग एक किलोमीटर रोड नेटवर्क व बाउंड्रीवाल का निर्माण अवैध रूप से किया जा रहा था। जिसको जिला प्रशाशन की मदद से तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई।

इस दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट नरेंद्र नैन जिला नगर योजनाकार एवं फील्ड स्टाफ व पुलिस बल मौजद थे। नरेंद्र नैन ने बताया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जायेगी, ताकि अवैध कॉलोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पुरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे



अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है कि अवैध कॉलोनियों में भू माफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट न खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद न होने दें, क्योंकि अवैध कॉलोनियों में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती है। कोई भी अवैध कॉलोनी नर्माण करने से पहले सरकार से नियमानुसार अनुमति लें। अवैध कॉलोनी नर्माण को किसी भी समय अधिनियम के प्रावधान में गिराया जा सकता है।

# पुरानी रंजिश में वकील व उसके गनमैन पर जानलेवा हमला

### जान बचाने के लिए वकील ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से छह फायर किए

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नखरोला** रोड रात को गोलियों की आवाज से दहल गया। दो पक्षों में चल रही रंजिश के चलते रात को वकील व उसके साथियों को घेर कर फायरिंग की गई, तो जान बचाने के लिए वकील ने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से छह फायर किए। वहीं उसके गनमैन ने भी सरकारी कारबाइन से गोलियां चलाई। गनीमत रही कि दोनों तरफ से हुई फायरिंग में किसी को गोली नहीं लगी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, भूपगढ़ गांव निवासी वकील टीकाराम हुड्डा ने दी शिकायत में कहा है कि 20 जून को देर रात 10 बजे वह अपनी गाड़ी में गनमैन टेकचंद व दोस्त सोनू, हरेंद्र व नरेंद्र के साथ माहोली गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद लौट रहा था। उसकी गाड़ी नखरोला रोड़ पर पहुंची तो मोहना गांव निवासी प्रमोद ने ट्रैक्टर से उसकी गाड़ी में सीधी टक्कर मार दी। ट्रैक्टर पर बबीता व सुखबीरी बैठी हुई थी। इसी दौरान दो बाइकों पर धनीराम, संजीव, राहुल व गोविंदा वहां पहुंच गए और उन्होंने आते ही उस पर व उसके गनमैन पर जान से मारने की नीयत से गोलियां चलानी शुरू कर दी। अपने बचाव में उसने भी



अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर से हवा में छह फायर किए। गनमैन टेकचंद ने भी सरकारी कारबाईन से गोली चलाई। इसके बाद आरोपी ट्रैक्टर व एक बाइक को मौके पर ही छोड़कर एक बाइक व कार में सवार होकर मौके से भाग गए। उसका कहना है कि आरोपियों के खिलाफ दो मुकदमे हसनपुर थाना में, एक मुकदमा कैंप थाना व एक मुकदमा सदर थाना में दर्ज है। उस मुकदमे में पीडित वकील ने ही आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराए हुए हैं। इनमें गिरफ्तारी के बाद प्रमोद जेल चला गया था, अभी जेल से जमानत पर छूट कर आया है। हसनपुर थाना पुलिस ने वकील की शिकायत पर प्रमोद, बबीता, सुखबीरी, धनीराम, संजीव, राहुल व गोविंदा के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# केसीएम वर्ल्ड स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**टीकरी** ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें नौवीं व दसवीं कक्षा के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की श्रृंखला में सर्वप्रथम बच्चों को योग शब्द के अर्थ तथा इसके उत्पत्ति स्त्रोत से अवगत कराया गया। साथ ही इससे होने वाले लाभों से भी परिचित करवाया गया।

दसवीं कक्षा की छात्रा हितिशा आर्या ने योग दिवस पर अपने भाषण के माध्यम से इस दिन को मनाने के औचित्य पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही योग दिवस पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से छात्रों का ज्ञानवर्धन किया गया। अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए योगा सर्वश्रेष्ठ माध्यम है, यह बताने हेतु कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्रों लव तंवर, नकुल, मुस्कान, शशिकांत, मुकुल, विवेक, तनु, माही ने विभिन्न योग चेष्टाएं कीं तथा अन्य सभी छात्रों को प्रतिदिन योगाभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद दसवीं कक्षा की एक छात्रा प्रांजल ने अपनी कविता के माध्यम से इस दिवस के महत्व को खूबसूरती से उजागर किया। बाद में सभी को प्रतिदिन योग करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन संयोजिका मंजू कंवर की अध्यक्षता में अंग्रेजी शिक्षक सोनू द्वारा किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 22 जून, 2023



# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## लोकप्रियता का प्रमाण

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस** हालिया वर्षों में योग की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। यह अवसर सारी मानवजाति में एकता व सद्भावना बढ़ाने को लक्षित है। योग का जन्म भारत में हुआ और अब इसे मानवजाति को उसके सबसे बड़े उपहार के रूप में देखा जा रहा है। यह बेहतरी, एकता व सामंजस्य के साथ ही 'वसुधैव कुटुम्बकम' की सच्ची भावना प्रकट करता है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने से हर भारतीय गर्व का अनुभव करता है। योग के प्राचीन व्यवहार का यह वार्षिक समारोह हमें इसके अत्यधिक महत्व तथा जीवन बदलने की क्षमता की याद दिलाता है। अवधारणा के समय से ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनुष्य की समग्र बेहतरी को बढ़ावा देने, विविध संस्कृतियों के बीच एकता को बढ़ावा देने तथा लोगों के सामने आने वाले विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों व मानसिक चुनौतियों को संबोधित करने का मंच बन गया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जड़ें प्राचीन भारत में हैं। हालांकि, योग के अनेक प्राचीन साधक थे, पर उनमें पातंजलि सर्वाधिक सम्मानित व लोकप्रिय हैं जिनकी योग शैली का आज व्यवहार होता है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर योग समारोह का विचार सामने रखा था। उनके प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा में असाधारण समर्थन मिला जिसके चलते 21 जून को 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में आधिकारिक स्वीकृति मिली। इस उल्लेखनीय निर्णय ने योग की वैश्विक स्वीकार्यता व प्रासांगिकता रेखांकित की जो भौगोलिक व सांस्कृतिक सीमाओं को पार करता है। योग एक समग्र व्यवहार है जिसमें शरीर, मन व आत्मा को पोषण प्राप्त होता है।




इसमें अनेक प्रकार की तकनीकें शामिल हैं जिनमें शारीरिक क्रियायें-आसन, श्वसन क्रियायें-प्राणायाम, ध्यान व नैतिक सिद्धान्त प्रमुख हैं। योग के बहुआयामी लाभ हैं। इससे शारीरिक शक्ति, लचीलेपन व संतुलन को बढ़ावा मिलता है। इसके साथ ही मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक बेहतरी तथा आंतरिक शांति को भी बढ़ावा मिलता है। योग को अपने जीवन में शामिल कर लोग समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के साथ ही आत्म-जागरूकता की गहरी भावना विकसित कर सकते हैं। इसका व्यवहार कोई कर सकता है और मूलत: इसका धर्म से कोई संबंध नहीं है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस वर्तमान विश्व के समक्ष उपस्थित अनेक चुनौतियों का सामना करने का विशिष्ट अवसर प्रदान करता है। यह एक धागे की तरह विभिन्न पृष्ठभूमियों, धर्मों व राष्ट्रीयताओं के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ता है। योग का एकजुट होकर व्यवहार करने से व्यक्ति साझा मानवीयता का उत्सव मनाते हुए समावेशी वैश्विक समुदाय का निर्माण कर सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सांस्कृतिक आदान-प्रदान, परस्पर सम्मान और सभी जीवों के बीच अंतर्निहित संबंध स्वीकार करता है। यह हमें याद दिलाता है कि अपनी भिन्नताओं के बावजूद हम शांति, सामंजस्य और बेहतरी की आकांक्षाओं में एक हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का समारोह मनाने के साथ ही हमें उन चुनौतियों की पहचान करनी चाहिए जो इस व्यवहार में मौजूद हैं। मूल रूप से योग की जड़ें भारतीय दर्शन व आध्यात्मिकता में हैं, लेकिन इसका वाणिज्यिकीरण हुआ है तथा कभी-कभी इसे अपने गहरे अर्थों से अलग किया गया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते समय हमें योग को एक शारीरिक व्यायाम रूटीन से आगे बढ़ कर देखना होगा क्योंकि यह व्यक्तिगत व सामाजिक परिवर्तन का शक्तिशाली उपकरण है। हमें स्वीकार करना चाहिए कि योग में संपूर्ण मानवजाति को एकजुट करने, उसकी समस्याओं का समाधान करने तथा उसे प्रगति के पथ पर ले जाने की क्षमता है।

# दबावों के बावजूद भारत की तटस्थता

### भारतीय राजनीतिक नेतृत्व ने साहसी व भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए एनपीटी व सीटीबीटी के बाहर रह कर तटस्थता की नीति अपनाई।



**जे.एस. राजपूत**
(लेखक, प्रोफेसर हैं)



**रूस** यूक्रेन युद्ध का प्रभाव व्यावहारिक रूप से हर देश पर एक या दूसरे तरीके से पड़ा। यूक्रेन को नाटो देशों से सहायता, समर्थन और हथियार मिले। अमेरिका तथा उसके सहयोगियों द्वारा लगाए प्रतिबंधों से लक्षित देशों पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा क्योंकि उन्होंने इन प्रतिबंधों के साथ जीना सीख लिया। भारत ने पहले की तुलना में वर्तमान समय में अपने तेल आयात मुद्दे से बेहतर तरीके से निपटना सीखा। इस युद्ध को सोलह महीने हो चुके हैं, पर शांति प्रयासों को कोई रास्ता नहीं मिला। हालांकि, ऐसे कुछ प्रयास हुए। आम जनता को इस संबंध में उठाए किसी खास कदम की जानकारी नहीं है। यह एक तथ्य है कि हर युद्ध अपरिहार्य रूप से गरीबी, मौत और विनाश का कारण बनता है।

लेकिन त्रासदी यह है कि आम जनता की नजर में यूक्रेन युद्ध एक रूटीन बन गया है। ऐसी स्थितियों में सभी संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों व मानवाधिकार पहलों की असहाय स्थिति सामने आई। अफगानिस्तान दशकों से युद्ध झेल रहा है तथा वहां हजारों लोग इस अमानवीय संकट का शिकार बने हैं। अनेक पीढ़ियां इस संकट का सामना कर रही हैं। पहले रूसी आए और बाद में अमेरिकन, जबकि दोनों स्वयं को 'रक्षक' की तरह पेश कर रहे थे। आखिरकार उनको सिर झुका कर वहां से निकलना पड़ा, लेकिन इससे अफगानिस्तान स्थाई संकट का शिकार हो गया और भविष्य में भी इससे निस्तार की कोई उम्मीद नहीं लगती है।

उन अफगान बच्चों और खासकर लड़कियों के बारे में सोचें जिनमें से अधिकांश का न केवल बचपन नष्ट हुआ, बल्कि बिना शिक्षा या कौशल प्राप्त किए उनके जीवन के सर्वाधिक रचनात्मक व योगदान करने वाले साल नष्ट हुए। अनेक अन्य देश भी लगातार जारी आंतरिक अशांति व व्यापक हिंसा के शिकार हैं। हालांकि, वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य के विद्वान युद्धरत देशों के इरादों का विश्लेषण कर रहे हैं, पर यूक्रेन के पीड़ित नागरिकों, बच्चों और महिलाओं को युद्ध व आंतरिक उथलपुथल समाप्त होने के बाद भी सामान्य स्थिति तक आने में दशकों लगेंगे। देश के पुनर्निर्माण में बहुत भारी मात्रा में संसाधनों व समय की जरूरत होगी। वर्तमान समय में युद्ध समाप्त होने की कोई उम्मीद नहीं है और यह युद्ध प्रिंट मीडिया के लिए रूटीन बन गया है।

युद्ध इलेक्ट्रानिक मीडिया के लिए विषयवस्तु देता तथा उनको चौबीसों घंटे व सातों दिन चलाते रहने में सहायता करता है। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्सांद्र लूकाशेंको ने 13 जून, 2023 को चेतावनी दी थी कि यदि उनके देश को आक्रमण का सामना करना पड़ा तो वे नाभिकीय आयुधों के प्रयोग से हिचकेंगे नहीं। उस समय बहुत से लोगों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। यूक्रेन को समर्थन दे रहे अमेरिका व नाटो देशों को चेतावनी देने के प्रयास में राष्ट्रपति पुतिन ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए कि वे इस युद्ध में रूस के सहयोगी बेलारूस में इस साल के अंत तक नाभिकीय आयुध तैनात कर देंगे। इस प्रकार नाभिकीय युद्ध का खतरा यथार्थ बन सकता है। समय आ गया है कि दुनिया नाभिकीय निशस्त्रीकरण संधि-एनपीटी व समग्र परीक्षण प्रतिबंध संधि-सीटीबीटी की निरर्थकता पर विचार करे। दिसंबर, 1953 में अमेरिकी राष्ट्रपति ड्वाइट डी. आइज़नहावर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपना प्रस्ताव 'एटम्स फार पीस' पेश किया था। इसका उद्देश्य एक अंतरराष्ट्रीय संगठन बनाना था जो नाभिकीय आयुधों के प्रसार पर नजर रखते हुए नाभिकीय ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग को प्रोत्साहित कर सके। इसके परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय नाभिकीय ऊर्जा एजेंसी-आईएईए की स्थापना 1957 में हुई। इसके बाद अनेक घटनाक्रमों में 1970 में हस्ताक्षर के लिए एनपीटी पेश करना था। इस बहुआयामी समझौते पर 189 देशों तथा पांच 'आधिकारिक' नाभिकीय देशों ने हस्ताक्षर किए। संरा. महासभा ने सितंबर, 1996 को सीटीबीटी को अनुमति दी और इसे 24 सितंबर, 1996 को हस्ताक्षरों के लिए खोल दिया गया।

भारत ने इन दोनों संधियों पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। सीटीबीटी व एनपीटी न केवल अवधारणा, बल्कि व्यवहार में भी भेदभावपूर्ण बनी हुई हैं। क्या इससे कुछ देशों को उपयुक्त विशेषाधिकार नहीं मिल जाता है कि वे नाभिकीय परीक्षण करते रहें, पर दूसरों से यह उम्मीद करें कि वे इस विशिष्ट क्षेत्र में प्रवेश न करें? भारत ने लगातार अपनी पसंद के क्षेत्रों में शोध की है और वह कभी कुछ बहुत बड़े दबावों के सामने झुका नहीं। आज भारत दो दुष्ट नाभिकीय देशों से घिरा है जो लगातार हमारी सुरक्षा पर खतरा बने हुए हैं।

अमेरिका ने सबसे पहले 16 जुलाई, 1945 को सफल नाभिकीय विस्फोट किया। यह नागरिक जनसंख्या पर नाभिकीय बम गिराने वाला पहला तथा अंतिम देश है। उसने एक महीने के भीतर 6 अगस्त, 1945 को हिरोशिमा तथा 9 अगस्त, 1945 को नागासाकी पर एटम बम गिराए। लगभग चार साल बाद सोवियत संघ-यूएसएसआर ने 29 अगस्त, 1949 को नाभिकीय विस्फोट किया। ब्रिटेन इस क्लब में 30 अक्टूबर, 1952 को तथा फ्रांस 13 फरवरी, 1960 को शामिल हुआ। ये सभी संरा. सुरक्षा परिषद के सदस्य थे और इनके पास वीटो अधिकार था। चीन ने पहला नाभिकीय विस्फोट 16 अक्टूबर, 1964 को किया, लेकिन इसे विशिष्ट क्लब में प्रवेश केवल 1971 में मिला।

भारतीय राजनीतिक नेतृत्व की प्रशंसा की जानी चाहिए जिसने पहचान लिया था कि एनपीटी व सीटीबीटी की प्रकृति अतीत की साम्राज्यवादी सोच का परिणाम है। वे ऐसी संधियों व प्राविधानों के माध्यम से उन विकासशील देशों को बेड़ियों में जकड़ना चाहते थे जो अभी उपनिवेशवाद के चंगुल से मुक्त हुए थे। एक साल के भीतर अमेरिका में नाभिकीय आयुधों की संख्या 5,428 से घट कर 5,244 तथा रूस के मामले में 5,977 से घट कर 5,899 हो गई। लेगिन फ्रांस और ब्रिटेन के मामले में यह संख्या 290 व 225 पर बनी रही। उस समय भारत और पाकिस्तान के पास 164 व 170 नाभिकीय बम थे। इस्राइल व उत्तर कोरिया के पास 90 व 30 नाभिकीय बम बताए जाते हैं। दुनिया में कुल नाभिकीय आयुधों की संख्या जनवरी, 2023 में लगभग 12,512 थी। इनमें से 9576 विभिन्न रक्षा बलों के पास प्रयोग के लिए तैयार थे। अनुमान है कि इनमें से 3,844 मिसाइलों व लड़ाकू विमानों में फिट हैं और वे आदेश मिलते ही प्रयोग के लिए तैयार हैं। पांच बड़े देशों के साथ भारत और पाकिस्तान भी नाभिकीय आयुध संपन्न देश हैं और यही स्थिति इस्राइल व उत्तर कोरिया की भी है।

ऐसे एक या दो और संदिग्ध देश हैं जिन पर अमेरिका और इस्राइल की नजरें गड़ी हैं। यदि भारत नाभिकीय शक्ति संपन्न न होता तो उसकी सुरक्षा जोखिम की कल्पना की जा सकती है। भारत अब अपना सिर गर्व से ऊपर कर इसलिए चलता है कि उसके राजनीतिक नेतृत्व ने विरोधी राजनीतिक विचारधाराओं के बावजूद राष्ट्रीय सुरक्षा और संरक्षा से समझौता नहीं किया तथा साहस व भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण का परिचय देते हुए एनपीटी व सीटीबीटी पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। जून में एक बार फिर कहा गया कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को देखते हुए अपने दृष्टिकोण पर चलेगा तथा नाटो शक्तियां उस पर प्रतिबंध लगा कर अपनी इच्छा थोपने में विफल हो गईं। ऐसे में बहुत आभार के साथ डा. होमी जहांगीर भाभा को याद करने की जरूरत है जिन्होंने कहा था कि स्वतंत्र भारत को नाभिकीय आवश्यकता होगी।

उन्होंने टाटा को 1945 में भारत का पहला व एकमात्र नाभिकीय शोध संस्थान-द टाटा इंस्टीट्यूट आफ फंडामेंटल रिसर्च-टीआईएफआर, स्थापित करने के लिए तैयार किया था। उनके निर्देशन में 1958 में नाभिकीय ऊर्जा विभाग-डीएई की स्थापना हुई थी। इसके बाद अनेक अन्य पहलें भी की गईं। डा. भाभा के नेतृत्व में भारत ने नाभिकीय विज्ञानों में शोध के अपने उच्च मानक स्थापित किए। पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध ने भारतीय राजनीतिक निर्णयकर्ताओं को फिर विचार करने पर मजबूर किया। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नाभिकीय परीक्षणों की अनुमति दी और अब 18 मई, 1974 को हुए इन परीक्षणों को पोखरन-1 कहा जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे दुहराया तथा 11 मई और 13 मई, 1998 को पोखरन-2 को अंजाम दिया गया। भारत द्वारा की गई यह तैयारी ही अपने दो दुष्ट पड़ोसियों के खिलाफ सुरक्षा की गारंटी देती है।

# शांति के लिए आध्यात्मिक जागरूकता आवश्यक

> जब हम एक दूसरे को एक ही परमात्मा की संतान के रूप में देखते हैं तो इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं रहती।

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



**ऐसा** कहा जाता है कि मानवता एक साझा निवास साझा करने वाला एक बड़ा परिवार है - पृथ्वी ग्रह। सभी मनुष्यों के बीच समानताओं को उजागर करने के लिए अक्सर संस्कृति, मूल्यों, भावनाओं और आकांक्षाओं में समानता का हवाला दिया जाता है। इसी तरह, विभिन्न देशों के लोगों की संस्कृति, परंपराओं और यहां तक कि शारीरिक बनावट में समृद्ध विविधता को ओलंपिक और विभिन्न वैश्विक त्योहारों जैसे अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के दौरान मनाया जाता है।

हालांकि, इस तरह के आयोजनों के दौरान होने वाले भाईचारे के बावजूद, दुनिया में नस्ल, धर्म, जाति, राष्ट्रीयता और विचारधारा के आधार पर संघर्ष जारी है। ऐसा क्यों है? फील-गुड नारे और बातें, ऐसा लगता है, लोगों को एक साथ मत लाओ। यहां तक कि राष्ट्रों के बीच बाधाओं को दूर करने और एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत उपाय भी 'हम' और 'उन' की भावना को दूर नहीं करते हैं, जो विभिन्न राष्ट्रीयताओं, जातियों, धर्मों और विचारधाराओं के लोगों के बीच बहुत सारी बीमार भावनाओं और संघर्षों की जड़ में है। इस प्रकार, दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संघर्ष, चाहे वे कुछ देशों में सांप्रदायिक संघर्ष हों, दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्वदेशी लोगों और औद्योगिक फर्मों के बीच विवाद हों या कई देशों में विद्रोहियों और सुरक्षा बलों के बीच लड़ाई हों - मनुष्यों के बीच मौजूद कई विभाजनों को दर्शाता है।

. इन सबका मूल कारण यह है कि लोग अपने साथी मनुष्यों के साथ अपने सच्चे संबंध से अनभिज्ञ हैं, जो बदले में उनकी आध्यात्मिक पहचान की अज्ञानता का परिणाम है।



लगभग हम सभी ने सुना या पढ़ा है कि हम आत्मा हैं। लेकिन जानकारी का यह टुकड़ा बस यही रहता है, और यह ज्यादातर दिमाग के पीछे चला जाता है। बहुत कम लोग अपने दैनिक जीवन में इस तथ्य से अवगत हैं और कम ही लोग इस जागरूकता के साथ हर समय सोचने, बोलने और कार्य करने का प्रयास करते हैं। तो, इससे वास्तव में क्या फर्क पड़ता है? कोई यह सवाल पूछ सकता है। कुंआ! इससे सारा फर्क पड़ता है। क्योंकि, आत्मा एक सूक्ष्म, संवेदनशील प्रकाश बिंदु है जो एक जीवित प्राणी में जीवन का स्रोत है।

आत्मा जब मनुष्य शरीर में जन्म लेती है तब उसे मनुष्य कहा जाता है। यद्यपि यह एक नश्वर शरीर में रहता है, आत्मा अविनाशी है और इसे नष्ट नहीं किया जा सकता है और यह मरती नहीं है। आत्मा की कोई जाति, राष्ट्रीयता, नस्ल या लिंग नहीं है। यह इन पंक्तियों पर अपने जन्म और उसके बाद के जीवन की परिस्थितियों के अनुसार लेबल किया जाता है।

सभी आत्माओं का सनातन धर्म शान्ति है और उनका सनातन सम्बन्ध आध्यात्मिक परिवार में भाईचारे का है। लेकिन इस आध्यात्मिक पहचान, गुणों और संबंधों को हममें से अधिकांश लोग भूल चुके हैं। इसके परिणामस्वरूप, हम एक-दूसरे को हमारे द्वारा बनाए गए लेबलों से पहचानते हैं- लिंग, राष्ट्रीयता, धर्म, जाति आदि। 'हम' के समान लेबल। राष्ट्रीय सीमाएं और सामाजिक विभाजन इन भावनाओं के परिणाम हैं, जो समान लेबल वाले लोगों को एक साथ बैंड करने के लिए प्रेरित करते हैं जो वे अपने सामान्य हितों के रूप में देखते हैं।

दुनिया में सभी संघर्षों को ऐसी नकारात्मक भावनाओं और हर प्रयास के लिए खोजा जा सकता है, चाहे वह राजनीतिक हो या सामाजिक, इन संघर्षों को हल करने के लिए विफल या केवल सतही रूप से सफल होते हैं क्योंकि वे इन समस्याओं के मूल कारणों को संबोधित नहीं करते हैं। जब हम एक-दूसरे को आत्मा के रूप में देखते हैं, एक परमात्मा की संतान के रूप में देखते हैं, तो इसमें संदेह या शत्रुता के लिए कोई जगह नहीं बचती।

जब हमें पता चलता है कि पृथ्वी पर हर दूसरा व्यक्ति हमारा आत्मा भाई है, तो हमारे मन में उनके प्रति शुभ कामनाएं और भावनाएं स्वत: ही उठती हैं। साथ ही, यह ज्ञान कि इस दुनिया में हर आत्मा की एक अनूठी भूमिका है, हमें राय, प्रकृति और झुकाव के मतभेदों की सराहना करने में मदद करती है। जब हम दूसरों के साथ इस ज्ञान के साथ बातचीत करते हैं, तो हम सामंजस्यपूर्ण संबंध बनाने में सक्षम होते हैं जहां हर कोई अपने अद्वितीय गुणों को व्यक्त कर सकता है और बिना शर्त स्वीकार और सम्मान किया जाता है। जब यह अहसास महत्वपूर्ण संख्या में लोगों को प्रभावित करता है, तो यह वैश्विक स्तर पर बदलाव लाएगा।

दुनिया तब स्थायी शांति, सद्भाव और खुशी का स्थान बन जाएगी - जो हर इंसान की सबसे गहरी इच्छा को पूरा करती है।

## आप की बात

### नारी-विरोधी सोच

**जमीयत उलेमा ए हिन्द** के अध्यक्ष ने मुस्लिमों को बहु विवाह करने का जो तर्क दिया है वह न केवल बेहूदगी भरा है अपितु इस्लाम में नारी के प्रति भोगवादी सोच को भी प्रकट करता है। मदनी का कहना है कि इस्लाम में पुरुष के लिए 4 शादियां करने की अनुमति इसलिए दी गई है क्योंकि औरत 45 वर्ष के बाद बूढ़ी हो जाती है जबकि पुरुष 80 वर्ष तक जवान बना रहता है। मदनी के इस कथन से कई प्रश्न खड़े होते हैं। क्या इस्लाम स्त्री को केवल भोग की वस्तु ही मानता है? क्या मदनी के इस कथन से समस्त नारी जाति का अपमान नहीं हुआ? मदनी के इस कथन को देश विरोधी क्यों न समझा जाए? इसलिए कि जब देश की जनसंख्या चीन को भी पीछे धकेलकर पहले स्थान पर आ गई है। ऐसे में मदनी अपने समुदाय को बहु-विवाह के लिए उकसा कर देश की जनसंख्या संरचना बदलने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार को भी ऐसे व्यक्तियों पर नकेल कसनी होगी। मदनी के इस बयान को देखते हुए समान नागरिक संहिता की आवश्यकता स्वत: स्पष्ट हो जाती है। वैसे भी संविधान निर्माताओं ने निर्देशक सिद्धान्तों में शामिल कर इसे लागू करने की जिम्मेदारी भावी पीढ़ियों पर डाली थी, जिसे पूरा करने का समय अब आ गया है।

**-डॉ नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

### आतंक समर्थक चीन

**चीन** आतंकवादियों एवं आतंकवाद को प्रोत्साहन देकर दुनिया को विध्वंस की कगार पर ले जाना चाहता है। लश्करे तैयबा के आतंकी साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित करने से उसने संयुक्त राष्ट्र संघ को अपने वीटो पावर का इस्तेमाल करके रोक दिया है। चीन का यह कदम भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के समय आया है, अत: इसे भारत को परोक्ष धमकी के रूप में भी देखा जा सकता है। भारत और अमेरिका ने यह प्रस्ताव संयुक्त रूप से राष्ट्रसंघ में रखा था। 26-11 के मुंबई आतंकी हमले का साजिद मीर मुख्य आरोपी है। चीन पूर्व में भी कई पाकिस्तानी आतंकवादियों को वैश्विक आतंकी घोषित करने से रोक चुका है। श्रीलंका एवं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को तहस-नहस करके चीन दोनों देशों को कठपुतलियों की तरह नचा रहा है। अमेरिका को पीछे धकेल कर चीन दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति बनना चाहता है। लेकिन इतिहास इस बात का गवाह है कि आतंक के साम्राज्य को प्रोत्साहन देने वाले स्वयं ही उसके शिकार बने हैं। ऐसे में दुनिया के समस्त देशों को आतंक-विरोधी लड़ाई में भारत व अमेरिका का साथ देना चाहिए।

**-ललित महालकरी,** इंदौर

### शेयर बाजार

**भारतीय शेयर मार्केट** अभी मजबूत स्थिति में है और कई लोगों ने इसमें इन्वेस्टमेंट करके अच्छा खासा पैसा कमाया भी है तो कुछ लोगों ने खोया भी है। छोटे हो या बड़े, शेयर मार्केट में उतरने से पहले अपनी आर्थिक क्षमता के साथ-साथ सिर्फ कमाई का नहीं सोचे, बल्कि नुकसान होने पर धैर्य रखने की हिम्मत हो तब ही शेयर मार्केट में उतरना चाहिए। कहा जाता है कि पूंजी बड़ी डरपोक होती है और विश्व में कहीं भी थोड़ी बहुत हलचल होती है तो वह तुरंत अपने आप को सिकोड़ लेती है। ऐसा ही शेयर बाजार है। किसी भी अंतरराष्ट्रीय घटना दुर्घटना का इस पर तुरंत प्रभाव पड़ता है। रूस-यूक्रेन युद्ध व विश्व स्तरीय तनातनी, कच्चे तेल के भाव व भारतीय रुपए की मजबूती, आदि पर शेयर बाजार का दारोमदार टिका हुआ है। यदि आर्थिक मंदी होती है तो शेयर बाजार औंधे मुंह गिर भी सकते हैं। शेयर बाजार चढ रहे हो या गिर रहे हो इसमें हमेशा पैसा लगाया जा सकता है। कई बार जब कई शेयरों के दाम गिर रहे होते हैं तब भी कुछ शेयर मजबूती के साथ खड़े रहते हैं। यह एक तरह से भाग्य का खेल है यदि हिम्मत हो तभी खेलें।

**- विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### विरोध की राजनीति

**कुछ** वर्षों से लगातार देखने में आ रहा है कि कांग्रेस और अन्य विपक्ष के दल केवल विरोध के लिए सत्ता पक्ष का विरोध करते हैं, किसी विशेष कारण से नहीं। अभी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने गीता प्रेस को पुरस्कार के लिए चयनित होने का ही विरोध कर दिया। उनका एक और वक्तव्य आजकल सुर्खियों में है कि राममंदिर का ताला खुलवाना उनकी पार्टी की भूल थी। गौरतलब है कि कांग्रेस धारा 370 और राममंदिर जैसे बड़े राष्ट्रीय मुद्दों का लगातार विरोध करती रही है। कई बार देश की छवि धूमिल करने के प्रयास भी कांग्रेस के युवराज कर चुके हैं। समान नागरिक संहिता और एनआरसी के विरोध में भी यह खड़े दिखाई दिए और अब पुरुस्कारों के चयन में भी इनकी आपत्ति है। वैसे कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को अब अपने सलाहकार बदल लेने चाहिए क्योंकि कई साल से सभी दल मिलकर भी कोई बड़ा मुद्दा नहीं तलाश पाए हैं और सलाहकार पुराने ढर्रे पर चलने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसका सीधा खामियाजा देश के सामने किरकिरी होने के रूप में इन दलों को भरना पड़ता है।

**-मनोज पुरुषार्थी,** मेरठ

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से **responsemail.hindipioneer@gmail.com** पर भी भेज सकते है।

# भारत के लोकतंत्र को जेपी ने दी थी नई संजीवनी: योगी

## राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के साथ लोकनायक जय प्रकाश नारायण के गांव पहुंचे मुख्यमंत्री

● 3638.25 करोड़ रुपए की 144 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ बलिया




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। इस अवसर पर दुनिया के 180 देश भारत की ऋषि परंपरा के प्रति आभार प्रकट कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ में इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हल्दिया से वाराणसी के बीच वाटर-वे शुरू हो चुका है यहां के किसानों की सब्जी, दाल समेत तमाम कृषि उत्पादों को प्रदेश, देश और दुनिया के बाजारों में पहुंचाने का कार्य हमारी सरकार करेगी। हम आपके कृषि उत्पादों की सुरक्षा के लिए कोल्ड स्टोरेज स्थापना भी करेंगे। सीएम योगी बुधवार को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के साथ जनपद बलिया में स्थित लोकनायक जय प्रकाश नारायण (जेपी) के गांव सिताब दियारा पहुंचे। दोनों नेताओं ने 3638.25 करोड़ रुपए की 144 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम योगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह भूमि संत सेवादास, लोक नायक जय प्रकाश नारायण और अपने बेबाक भाषणों के माध्यम से लोकतंत्र को नई दिशा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की है। आने वाली 25 जून को हम लोकतंत्र को बचाने के अभियान से जुड़ेंगे। आपातकाल के दौरान भारत के लोकतंत्र को नई संजीवनी देने का कार्य जेपी ने किया था। संत सेवादास और जय प्रकाश नारायण द्वारा जिस चिकित्सालय की नींव रखी थीए हमारी सरकार उसके विस्तार और सुंदरीकरण के कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है। साथ ही हमने इस चिकित्सालय का नाम लोकनायक जय प्रकाश नारायण की धर्मपत्नी प्रभावती देवी के नाम पर रखा है। इसके अलावा हम यहां हेल्थ एटीएम की स्थापना भी कर रहे हैं। यही नहीं प्रभावती देवी के नाम पर बने इंटर कॉलेज के पुनरोद्धार के कार्यक्रम को भी हम आगे बढ़ा रहे हैं। इसके लिए हमने अतिरिक्त धनराशि स्वीकृति कर दी है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने बलिया से वाराणसी और बलिया से लखनऊ के लिए तीन यात्री बसों को हरी झंडी दिखाई गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री कुसुम योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह, आयुष तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ..दयाशंकर मिश्र दयालु, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश मिर्जा अंसारी, बलिया के सांसद वीरेंद्र सिंह, सलेमपुर के सांसद रविन्द्र कुशवाहा, राज्यसभा के सांसद नीरज शेखर, राज्यसभा के सांसद सकलदीप राजभर, बांसडीह के विधायक केतकी सिंह, विधान परिषद के सदस्य रविशंकर सिंह एवं जनपद के अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## डॉ. हेडगेवार को मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री ने किया याद

**लखनऊ।** महान स्वतंत्रता सेनानी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि सशक्त राष्ट्र-समरस समाज के पुनर्निर्माण हेतु संघ के रूप में उन्होंने जो आधारशिला रखी वह आज राष्ट्र सेवा के लिए असंख्य नागरिकों का प्रेरणा केंद्र है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट कर कहा कि भारतीय संस्कृति के परम उपासक, अपना संपूर्ण जीवन हिन्दू समाज व राष्ट्र के उत्थान में समर्पित करने वाले, कुशल संगठनकर्ता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं प्रथम सरसंघचालक परम पूज्य डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राष्ट्रवाद, अनुशासन और निस्वार्थ समाजसेवा के उनके आदर्श हम सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण व देशसेवा के पथ पर सदैव प्रेरित करते रहेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने भी संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि पर नमन किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि डॉ. हेडगेवार मां भारती के अनन्य उपासक, प्रखर राष्ट्रवादी, सामाजिक समरसता के प्रतिबिंब, कुशल संगठन शिल्पी तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक एवं करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुंज हैं। राष्ट्रहित में हेडगेवार द्वारा किया गया अद्वितीय कार्य एवं सम्पूर्ण समाज को राष्ट्रीय दृष्टि से सक्रिय व संगठित करने के लिए उनका अलौकिक योगदान सदैव वंदनीय रहेगा।

# प्रधानमंत्री ने योग को पूरे विश्व का एक कार्यक्रम बना दिया: सुरेश कुमार खन्ना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**वित्त** एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेजीडेंसी लखनऊ में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान योग के विभिन्न आसनों को किया और लोगों को योग के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। खन्ना ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि 21 जून को भारत सहित पूरा विश्व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि योग हमारे मन मस्तिष्क आत्मा और शरीर को सभी तरीके से प्रभावित करता है। योग के द्वारा मन मस्तिष्क और शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। जो लोग नियमित योग करते हैंए वे इस एहसास को भलीभांति महसूस कर सकते हैं। योग की विधा भारत की महर्षि पतंजलि की देन है।

भारत में दुनिया को अर्थशास्त्रए जीरोए 1 से 9 तक के अंकए आयुर्वेदए व्याकरण आदि बहुत कुछ दिया है। योग भी भारत की विश्व को बहुमूल्य देन है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री ने योग के महत्व को समझते हुए योग दिवस का प्रस्ताव यूनाइटेड नेशन के समक्ष रखाए जिसको यूनाइटेड नेशन ने बड़े बहुमत के साथ स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि योग की हमारी प्राचीन विधा एवं परंपरा को पूरे विश्व में स्वीकार किया। प्रधानमंत्री ने योग को पूरे विश्व का एक कार्यक्रम बना दिया। प्रतिवर्ष 21 जून को बड़े उत्साह के साथ योग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। विश्व के लगभग 180 देशों में योग को अंगीकार किया गया है।

### निरोग रहिये और नशे से दूर रहिये: कौशल किशोर

**लखनऊ।** आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सबको मिलकर योग को परंपरा व चलन में लाना है। हमारी दैनिक क्रियाओं में योग अनिवार्य रूप से आ जाए तो हम निरोगी तो रहेंगे और हमारी इम्यूनिटी पॉवर व इच्छाशक्ति भी मजबूत होगी। कौशल किशोर बुधवार को नवम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर काकोरी शहीद स्मारक पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पहले उन्होंने मलीहाबाद की विधायक जय देवी कौशल तथा अन्य गण्यमान्य लोगों व आम जनता के साथ योग प्राणायाम व ध्यान किया। उन्होंने कहा कि भारत ने पूरी दुनिया को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का रास्ता दिखाने का काम किया है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन विपिन मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर नवीन चन्द्र के अलावा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी, कर्मचारी व आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश वर्मा के साथ डॉ. राजेश कुमार, डॉ. विमलेश आदि सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## योग विश्व को भारत का वरदान है: भाजपा



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश में सभी शक्ति केन्द्रों पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए। इस क्रम में भापा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह राजधानी लखनऊ में तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मुरादाबाद में योग दिवस के कार्यक्रम सम्मिलित हुए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को शक्ति केन्द्रों पर मनाते हुए पार्टी ने योग करके सर्वे सन्तु निरामया का विश्व को संदेश दिया। पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर योग किया। इसके साथ ही पार्टी के सांसद, विधायक, प्रदेश सरकार के मंत्री, आयोग निगम बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य, नगरीय निकायों के अध्यक्ष व सदस्य तथा त्रिस्तरीय पंचायत के अध्यक्ष व सदस्यों सहित स्थानीय नागरिकों ने तन और मन को निरोगी रखने वाले योग को करते हुए विश्व मंगल की कामना की। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पार्टी के राज्य मुख्यालय पर योग दिवस कार्यक्रम में कहा कि भारत ने सदियों से योग को विज्ञान और जीवनशैली के रूप में अपनाया है। हमारे ऋषि-मुनियों ने वैदिक काल से ही योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाया। योग जीवन का वह दर्शन है जो मनुष्य को आत्मा से जोड़ता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए धर्मपाल सिंह ने कहा कि योग विश्व को भारत का वह वरदान है जो ना सिर्फ शरीर व मन को स्वस्थ करता है बल्कि सामाजिक दायित्वों के प्रति समर्पित नागरिकों का निर्माण भी करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुरातन भारतीय ज्ञान के आलोक से विश्व आलोकित भी हो रहा है तथा लाभान्वित भी हो रहा है।

# सभी को मजबूत इकाई के रूप में कार्य करना है: धर्मपाल

● प्रधानमंत्री 27 को वर्चुअल संवाद करते हुए 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' अभियान का करेंगे शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बुधवार को अल्पकालिक विस्तारको की कार्यशाला में संगठनात्मक प्रशिक्षण देकर बूथ प्रबंधन का मंत्र दिया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने पश्चिम क्षेत्र के अल्पकालिक विस्तारक कार्यशाला में मुरादाबाद तथा ब्रज क्षेत्र की कार्यशाला में बरेली में प्रशिक्षण दिया। जबकि प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र की कार्यशाला को कानपुर तथा अवध क्षेत्र की कार्यशाला को भाजपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में सम्बोधित करते हुए अल्पकालिक विस्तारको को प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही प्रदेश महामंत्री संगठन ने गोरखपुर क्षेत्र की कार्यशाला में वर्चुअली प्रशिक्षण दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी 27 जून को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से देश के लाखों बूथों पर पार्टी के कार्यकर्ताओं से वर्चुअल संवाद करते हुए 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' अभियान का शुभारम्भ करेगें।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुभारम्भ किये जा रहे मेरा बूथ-सबसे मजबूत अभियान के दौरान उत्तर प्रदेश के 500 से अधिक अल्पकालिक विस्तारक भोपाल पहुंचेगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने अल्पकालिक विस्तारकों की कार्यशाला में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। गांव, गरीब, किसान की खुशहाली सरकार की योजनाओं केन्द्र में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में पहली बार ऐसा हो रहा हैए जब गरीबों के घर, जल, राशन, दवाई, सुरक्षा व सम्मान के लिए सरकार की योजनाएं समर्पित है तथा देश का सामरिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक विकास भी सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने अल्पकालिक विस्तारको से संवाद करते हुए कहा कि यहां से प्रशिक्षित होकर आपको संगठन के महत्वपूर्ण कार्यों को सम्पादित करने के लिए अन्य प्रदेशों में महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में काम करना है। आप सभी ने यह मार्ग भाजपा की मजबूती तथा वैभवशाली राष्ट्र निर्माण के लिए चुना है। मेरा बूथ.सबसे मजबूत अभियान की आप सभी महत्वपूर्ण कड़ी है।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कानपुर तथा लखनऊ में आयोजित कार्यशालाओं में प्रशिक्षण के दौरान कहा कि सभी अल्पकालिक विस्तारक 27 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेगें। उन्होंने कहा कि 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' अभियान ही भाजपा की विजय रणनीति का केन्द्र विन्दु है और आप सभी उस अभियान के केन्द्र विन्दु है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के पश्चात् आप सभी अन्य प्रदेशों में पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए विभिन्न संगठनात्मक जिम्मेदारियों तथा 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' अभियान में सहायक के रूप मे कार्य करते हुए पार्टी की विजय का माध्यम बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण तथा वैभवशाली राष्ट्र निर्माण के प्रारम्भ हुए युग को विस्तार देने के लिए हम सभी को मजबूत ईकाई के रूप में कार्य करना है।

## मार्च 2024 तक सभी जिलों में फोर्टिफाइड चावल का वितरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में फोर्टिफाइड चावल के वितरण को प्रभावी रूप से सुचारू रखने की दिशा में योगी सरकार ने सकारात्मक कदम उठाते हुए उन्हीं चावल मिलों को धान आवंटित करना शुरू कर दिया है, जिनमें ब्लेंडर स्थापित होंगे। केंद्र सरकार की राइस फोर्टिफिकेशन योजना के दूसरे फेज में प्रदेश के 60 जिलों में 64365 राशन की दुकानों को चुना गया है। इनमें नेशनल फूड सेफ्टी एक्ट (एनएफएसए) के अंतर्गत 46.10 लाख मीट्रिक टन वार्षिक आवंटन से 12 करोड़ लाभार्थियों को लाभान्वित करने का प्रयास है। माना जा रहा है कि इस साल जुलाई तक प्रदेश के हर जिले में एनएफएस, लाभार्थियों को फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी हो सकती है।

गौरतलब है कि भारत की 65 प्रतिशत जनसंख्या का मुख्य भोजन चावल है और दुनिया में 22 प्रतिशत उत्पादन के साथ भारत चावल का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भी है। ऐसे में लोगों में भोजन के जरिए पोषण प्रतिपूर्ति को सुचारू रखने की दिशा में फोर्टिफाइड राइस की अहम भूमिका है। आमतौर पर मिलिंग और प्रोसेसिंग प्रक्रिया चावल की वसा और सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर चोकर की परत को हटा देती है, वहीं फोर्टिफाइड राइस में ये सभी गुण संवर्धित रहते हैं। इसमें विटामिन बी-1, विटामिन बी-6, विटामिन- ई, नियासिन, आयरन, जिंक, फॉलिक एसिड, विटामिन बी-12 और विटामिन- ए जैसे तत्वों को संरक्षित कर ब्लेंडिंग प्रक्रिया के जरिए सूक्ष्म पोषक तत्वों को संवर्धित किया जाता है। यही कारण है कि देश में एनीमिया समेत कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के जड़ से निराकरण के लिए फोर्टिफाइड राइस एक प्रभावी कदम साबित हो सकता है, इसीलिए एनएफएसए की राइस फोर्टिफिकेशन योजना के जरिए देश में इसके वितरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के 18 मंडलों के 75 जिलों में 2011 की जनगणना के अनुसार 19.98 करोड़ लोग निवास करते हैं। ऐसे में प्रदेश के 15.05 एनएफएसएल लाभार्थियों को फोर्टिफइड चावल का लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार ने कमर कस ली है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में राइस फोर्टिफिकेशन योजना के अंतर्गत 60 जिलों में 64365 राशन की दुकानों के जरिए एनएफएस के अंतर्गत 46.10 लाख मीट्रिक टन वार्षिक आवंटन के जरिए 12 करोड़ लाभार्थियों को लाभ मिलना शुरू हो गया है। इसी प्रकार मार्च 2024 तक प्रदेश में 1718 ब्लेंडर युक्त चावल मिलों के जरिए 79365 राशन की दुकानों द्वारा 3.61 करोड़ राशन कार्ड धारी परिवारों को फोर्टिफाइड चावल उपलब्ध कराने का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं।

## भाजपा राज में भ्रष्टाचार चरम पर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार अपने झूठे वादों से प्रदेश की जनता को ठगने का काम कर रही है तो सत्ता संरक्षण में कहीं नौकरी के बहाने तो कहीं खुलेआम राह चलते लूट की जा रही है। ठगी का जाल लोगों के जी का जंजाल बन गया है।

अखिलेश ने कहा कि सरकारी विभागों में नौकरियां दिलाने के नाम पर आए दिन ठगी होती है। ताजा मामला सिंचाई विभाग में नौकरियां दिलाने से जुड़ा हुआ है। सिंचाई विभाग में पचासी अलग-अलग पदों पर फर्जी नियुक्ति पत्र प्रमुख अभियंता के नाम से भेजा गया संविदा पर 20 सहायक अभियंता 26 अवर अभियंता और 39 कम्प्यूटर आपरेटरों को नियुक्ति पत्र जारी कर ठगा गया। सचिवालय में तो कई बार ठगों का गोरखधंधा पकड़ा गया है। इनके तार मंत्री से लेकर आला अफसरों तक जुड़े होने की जांचे चल रही हैं। आष्चर्य है कि सचिवालय में ही दफतर खोलकर ठगों ने इंटरब्यू का नाटक पूरा किया। अखिलेश ने कहा कि विभूतिखंड लखनऊ थाना क्षेत्र में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। विभिन्न विभागों में नौकरियों का विज्ञापन देकर आवेदन कर्ताओं से लाखों रुपए लेकर जाली नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिए जाते हैं। इसी तरह हाईकोर्ट में संविदा पर नौकरी लगवाने के नाम पर जालसाजों ने आवेदकों से लाखों रुपये ठग लिए। लखनऊ में एलडीए और नगर निगम में भी फर्जी नियुक्ति पत्र दिए जाने के कई मामले पकड़े जा चुके हैं। होमगार्ड विभाग में भी कई घपले सामने आए हैं।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आज डेढ़ हजार गरीब बेटियों की होगी शादी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** सामूहिक विवाह योजना के तहत गुरुवार पूर्वाह्न करीब 10 बजे से चंपा देवी पार्क मैदान में आयोजित भव्य समारोह में डेढ़ हजार गरीब बेटियों का विवाह संपन्न होगा। इस आयोजन में वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने वाले जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी बुधवार को तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए करीब 1500 पंजीकरण हो चुके हैं। इनमें 68 की संख्या मुस्लिमों की है। प्रति विवाह पर सरकार की तरफ से 51 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से 35 हजार रुपये विवाह बंधन में बंधने जा रही कन्या के बैंक खाते में अंतरित कर दिए जाते हैं। 10 हजार रुपये उपहार व शेष राशि अन्य खर्चों के मद में है।

# सभी नगर निकायों की सड़कें होंगी चौड़ी, ट्रैफिक लोड होगा कम

● सड़कों पर बढ़ते बोझ को कम करने के लिए योगी सरकार एकीकृत सड़क नेटवर्क के विकास की दिशा में बढ़ा रही कदम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में बढ़ते नगरीकरण के कारण सड़कों पर आए अतिरिक्त वाहनों के बोझ को कम करने तथा आवागमन के साधनों में गतिशीलता लाने के लिए योगी सरकार एक अभिनव पहल करने जा रही है। सड़क पर बढ़ते ट्रैफिक लोड से निजात दिलाने के लिए सरकार टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हुए एकीकृत सड़क नेटवर्क के विकास की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इसके माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा और प्रत्येक नागरिक के आवागमन को सुगम बनाया जाएगा। इस प्रकार की सड़कों के प्रभावी विकास के लिए नगर विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2013-14 से संचालित नगरीय सड़क सुधार योजना को अधिक प्रभावी बनाते हुए एक प्रोत्साहन आधारित योजना मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्र ास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) के रूप में किया जाना प्रस्तावित है। इससे नगरीय निकायों को आर्थिक स्वायत्ता प्राप्त करने में प्रोत्साहन प्राप्त होगा।

उत्तर प्रदेश में 10 मीटर से 45 मीटर के बीच की चौड़ाई वाली सड़कों के विकास के लिए कोई समर्पित योजना नहीं है जबकि इस चौड़ाई की सड़कें शहरी आवागमन एवं आर्थिक गतिविधियों के मुख्य मार्ग के तौर पर देखी जाती हैं। एकीकृत सड़क नेटवर्क की अवधारणा पर आधारित एकीकृत हरित सड़कों का विकास करना कम कार्बन उत्सर्जन के साथ कॉस्ट इफेक्टिव सड़क का निर्माण करना है। इसके अलावा परिवहन गतिशीलता को बढ़ावा देना, सुरक्षित सड़कें एवं चौराहों का विकास, सृजित परिसंपत्तियों का रख-रखाव एवं प्रबंधन करना, नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से स्वायत्त बनाने का प्रयास करना और सड़कों को सुगम योजनाओं के उद्देश्यों के साथ समाहित करना ही इसका मकसद है। प्रस्तावित योजना परिवहन प्रणाली तक आसान पहुंच व गतिशीलता, सभी के लिए सड़क, सड़क स्थानों का अभिनव उपयोग, हितधारक एवं नागरिक भागीदारी जैसे सिद्धांतों पर आधारित है। प्रस्ताव के अनुसार सीएम ग्रिड्स योजना का लाभ पाने के लिए नगरीय क्षेत्रों को भी पात्रता एवं निधि आवंटन की शर्तों को पूरा करना होगा। इसके अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में अपने राजस्व संग्रहण में कम से कम 10 प्रतिशत की वृद्धि करने वाले नगर निकाय योजना के अंतर्गत अनुदान प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। नगरीय निकायों द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में अपने राजस्व संग्रहण की धनराशि में जितनी वृद्धि की जाएगी उसका दोगुना अनुदान उस निकाय को सड़कों के विकास के लिए दिया जाएगा लेकिन अनुदान की धनराशि एक वित्तीय वर्ष में 100 करोड़ से अधिक नहीं होगी।

योजना के अंतर्गत प्राप्त कुल अनुमानों के सापेक्ष कम से कम 20 प्रतिशत भाग का वहन नगरीय निकाय द्वारा स्वयं के संसाधनों से किया जाएगा। यद्यपि नगरीय निकाय कंवर्जेंस रूप में अन्य योजनाओं या कार्यक्रमों से प्राप्त अनुदानों का उपयोग कर सकते हैं। इंडियन रोड कांग्रेस के लिए दिशा निर्देश के अनुसार सब एंटीरियल, कलेक्टर और लोकल स्ट्रीट, जिनके सडकों की चौडाई (राईट ऑफ वे) 10 मीटर से ज्यादा एवं 45 मीटर से कम होती है, को ही विकास के लिए सम्मिलित किया जाएगा। योजना के अंतर्गत प्राप्त अनुदानों का उपयोग केवल सड़कों के विकास पर ही वहन किया जाएगा। नगर निकायों को निधि का स्थानांतरण करने के लिए एजेंसी द्वारा मुख्यालय स्तर पर सीएम-ग्रिड्स (अर्बन) के नाम से बैंक खाता खोला जाएगा, जिसमें से निधि का स्थानांतरण अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के माध्यम से किया जाएगा।

प्रस्तावित योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में समस्त नगर निगमों को अनुदान दिया जाएगा। द्वितीय चरण में शेष नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों को सम्मिलित किया जाएगा। सड़क चयन के मानदंड भी निर्धारित किए गए हैं, जिनमें ट्रैफिक लोड, सड़क की चौड़ाई, कनेक्टविटी, महत्वपूर्ण चौराहे वाली सड़क, 5 वर्ष पहले बनीं सड़क, जिनके रख-रखाव की अवधि पूरी हो चुकी हो, खराब सड़क, मेजर रिपेयर की आवश्यकता वाली सड़क, अत्यधिक दुर्घटना और जलभराव वाली सड़क के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी।

## ढाई लाख बसों की जांच में 3.30 करोड़ जुटा राजस्व

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत परिवहन निगम ने सक्रियता बढ़ाकर न सिर्फ बड़े पैमाने पर राजस्व की चोरी को रोका है, बल्कि करोड़ों का अतिरिक्त राजस्व जुटाया भी है। इसी वर्ष अब तक कि गई कार्रवाई पर नजर डालें तो अप्रैल से मई के बीच परिवहन निगम की विभिन्न जांच टीमों के द्वारा कुल 249028 बसों की जांच की गई, जिसमें कुल 8445 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए एवं 214.45 टन बिना बुक भार पकड़ा गया।

कार्रवाई में कुल 3.30 करोड़ रुपए प्रशमन शुल्क वसूला गया। यूपीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि प्रवर्तन टीम द्वारा नियमित बसों की जांच की जाती है और गलत पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुसार प्रवर्तन द्वारा जांच अभियान समय.समय पर आगे भी किया जाता रहेगा जिससे कि बिना टिकट यात्री एवं बिना बुक भार वाहन को रोका जा सके। प्रबंध निदेशक यूपीएसआरटीसी ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के टाटा सूमो दल मुख्यालय नियंत्रित यातायात अधीक्षकों द्वारा पूरे प्रदेश में माह अप्रैल एवं माह मई में क्रमश: 19741 एवं 17286 बसों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान क्रमश: 1131 एवं 1275 यात्री बिना टिकट पकड़े गए जबकि बिना बुकिंग 40025 एवं 32350 भार का वाहन किया जा रहा था। ब्रेथ एनलाइजर द्वारा क्रमश: 4635 एवं 3593 बसों की चेकिंग की गई। एमडी यूपीएसआरटीसी ने बताया कि टाटा सूमो दल के अतिरिक्त यातायात अधीक्षकों की इन्टरसेप्टर टीम ने माह अप्रैल में 11164 बसों की जांच की गई जिसमें 573 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। और 15500 किग्रा बिना बुक किया गया भार पकड़ा गया। वहीं मई में 17125 बसों की जांच की गई एवं 1109 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाए गए जबकि 32350 किग्रा बिना बुक भार पकड़ा गया।

### जिले भर में हुई सामूहिक साधना

# उमंग और उल्लास से मना योग दिवस

● योगमय हुआ मंडी परिसर, कार्यक्रम हुआ लाइव प्रसारित, सुना पीएम का संबोधन

● केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ अफसरों व आमजन संग किया योगाभ्यास

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**बुधवार** को खीरी में उत्साह, उल्लास, उमंग के साथ ष्हर आंगन योग थीम पर नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला मुख्यालय पर कृषि उत्पादन मंडी समिति में बड़ी तादात में लोग शामिल हुए। इसी के साथ तहसीलए ब्लाक व विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों में भी योग दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरवंश कुमार ने किया। जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी, विधायक सदर योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंहए सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह ने दीप जलाकर किया। इसके बाद पीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना। यह एक ऐसा मौका थाए जब जनप्रतिनिधि, जिले भर के अधिकारी और आम नागरिकों ने एक साथ योगाभ्यास किया। इसमें जनपद के कुशल योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने सामूहिक प्रार्थना के बाद कॉमन योग प्रोटोकॉल की ग्रीवा शक्ति, शक्ति एवं घुटना शक्ति विकासक क्रियाओं, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, उत्तान मंडूकासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन एवं सवासन सहित कपालभाति नाड़ी शोधन प्राणायाम शीतली प्राणायाम भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराते हुए प्रतिदिन योगाभ्यास का संकल्प दिलाया। शांति पाठ के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा के निर्देशन में योग प्रशिक्षक अमित कुमार व प्रिंस रंजन ने इन योगासन और प्राणायम का अभ्यास उपस्थित साधकों को कराया। साथ ही इन योगासनों के शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों और निरोगीकाया के लिए इनके महत्व को रेखाकिंत किया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने कहा कि आज हम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के नवम संस्करण को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मना रहे हैं। लखीमपुर जनपद में हम सब लोगों ने बहुत ही उत्साह के साथ इस योग दिवस में हिस्सा लिया और इसके माध्यम से पूरी दुनिया को एक संदेश दिया है कि भारत की संस्कृति में नियमित योगाभ्यास का जो स्थान था वह मनुष्य के जीवन में समग्र और सकारात्मक परिवर्तन करता था। उसका लाभ पूरे विश्व को मिले उस दृष्टि से 'वन वर्ल्ड वन हेल्थ' अबकी बार का टैग दिया गया है। उन्होंने कहा, आज दुनियाभर में करोड़ों लोग 'वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग' पर एक साथ योग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का नेतृत्व करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्यालय न्यूयॉर्क में 180 देशों के प्रतिनिधियों के साथ योगाभ्यास कर रहे। निश्चित रूप से इसमें विश्व के कल्याण की भावना है। इससे एक अच्छा संदेश जाएगा। हम जानते हैं कि योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को समग्र प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत के महाकवि ने योग पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति के अंदर साहसए करुणा, दया, धैर्य जैसे गुण स्वयं आ जाते हैं जो आत्म नियंत्रण की शक्ति प्रदान करते हैं। डीएम ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें तन और मन से फिट रहना है। लिहाजा योग जरूर करना चाहिए। उन्होंने अपील की कि अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाएं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने आभार ज्ञापित किया।

## सभासदों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने किया योग

**गोला गोकर्णनाथ गोला।** नगर पालिका परिषद गोला के नीलकंठ मैदान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवश मनाया गया जिसमें अध्यक्ष विजय शुक्ला ऊर्फ रिंकू, लखनऊ भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रामनिवास यादव, अधिशासी अधिकारी प्रदीप दीक्षित, तहसील गोला विनोद गुप्ता, सुरजन लाल वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, अंतरराष्ट्रीय योगाचार्य शशिकांत दीक्षित, के नेतृत्व में सभासदों, अधिकारियों और कर्मचारियों तथा नागरिकों ने भाग लिया और योगा किया। इसके बाद गोला चीनी मिल में योग गुरु अनिल भगत ने योगा कराया जिसमें यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन, महाप्रबंधक गन्ना पीसी चतुर्वेदी, पी सी गुप्ता, एस के बाजपेई, आदि थे। कोतवाली गोला में आयोजित योगादिवस में प्रभारी निरीक्षक सुनील दुबे व पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। लखीमपुर खीरी। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार में बुधवार को सुबह 6:45 बजे से दीवानी न्यायालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल ने की। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी, मो दु दा अभि, लोकेश राय, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, रेखा अग्निहोत्री,अपर जिला जज-प्रथम, सुनील कुमार वर्मा, विशेष न्यायाधीश (एससी/ एसटीएक्ट) सुभाष सिंह, अपर जिला जज-तृतीय, अनिल कुमार अष्टम, अपर जिला जज/ एफटीसीन्यू, चिन्ता राम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार, प्रभारी सचिव /सिविल जज (व प्र ) नितिन कुमार दीक्षित सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण, कर्मचारीगण आदि द्वारा संयुक्त रूप से दीवानी न्यायालय परिसर में उपस्थित होकर योग दिवस मनाया गया। योग दिवस पर उक्त कार्यक्रम का संचालन प्रभारी सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिन कुमार दीक्षित द्वारा करते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का महत्व बताया एवं योग गुरु रामबहादुर मित्रा के द्वारा उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों को न्यायालय परिसर में उपस्थित होकर संयुक्त रूप से योगाभ्यास कराया।

## शारीरिक-मानसिक कमियों का उपचारक है योग



**लखीमपुर खीरी।** योग शिविर के दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा उपस्थित समस्त व्यक्तियों को योग के प्रति जागरुक करते हुए योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान योग प्रशिक्षक द्वारा मानव जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित रुप से योगाभ्यास करने हेतु प्रेरित किया गया। योग शिविर में पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास कराया गया तथा बताया गया कि योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है तथा तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त रिजर्व पुलिस लाईन्स खीरी एवं जनपदीय पुलिस के समस्त थानोंध्चौकी तथा पुलिस कार्यालयों पर भी योग शिविरध्कार्यशाला का आयोजन कर योगाभ्यास किया गया। निघासन संवाददाता के अनुसारए सूर्याफ़ाउण्डेशन एक सामाजिक संस्था हैं जो देशभर में शिक्षाए स्वास्थ्यए संस्कार, स्वालंबन, पर्यावरण संरक्षण ऐसे अनेक गतिविधियों पर काम करता है इस वर्ष 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वसुधेय कुटुम्बक्म के सिद्धांत पर वन हेल्थ, वन वर्ड को के लेकर देश भर के 18 राज्यों के 320 गांवों में 21 जून योग दिवस पर सूर्या फाउंडेशन द्वारा सामूहिक योग किया गया! अवध क्षेत्र के लखीमपुर खीरी जिले के निघासन ब्लॉक के सहते पुरवा बेलहाडीह, नौगांवा, डंडूरी, बैरिया आदि गांव में सामुहिक योग किया गया। इसी क्रम में आज नगर पंचायत निघासन में कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद , अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार शुक्ला, दया शंकर मौर्य, कनकपाल राना, संगमलाल मिश्रा, नागेंद्र सिंह सेंगर नगर के समस्त कर्मचारी रहे। शिविर में योग साधकों को दैनिक जीवन में स्वस्थ्य रहने के लिए विभिन्न यौगिक क्रियाओं, आसन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, एवं ध्यान का सामूहिक करवाकर होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान प्रदान की गई है! इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम वन हेल्थ वन वर्ल्ड पर आधारित है। आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बताए गए कॉमन प्रोटोकॉल के अनुसार सामुहिक योग किया गया ! योग के माध्यम से स्वस्थ भारत की कल्पना को मजबूत करेंगे एवम अपनी रोग प्रतिरोधक छमता को बढ़ाएंगे यह जानकारी अवध क्षेत्र प्रमुख नरोत्तम सिंह द्वारा दी गई इस कार्यक्रम को फाउंडेशन से (जेफसी) सियाराम राज कार्यकर्ता मनोज कुमार, राजू के द्वारा गांव में योग करवाया गया जिसमे युवा बच्चे शामिल रहे।

## निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

ढखेरवा संवाददाता के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मौर्य, शिक्षक, अनुदेशक, रसोईया और बच्चों के साथ योग किया तथा योग की महत्ता, योग से लाभ एवं 21 जून को ही योग दिवस मनाए जाने के कारणों पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश के द्वारा प्रकाश डाला गया। साथ ही साथ बच्चों से योग पर निबंध और चित्रकला की प्रतियोगिता भी कराई। प्रतियोगिता का मूल्यांकन कराया गया प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। बच्चों, युवाओं को और विद्यालय स्टाफ को निर्देशानुसार मौसमी फल आम, फ्रूटी/ माजा तथा शुद्ध पेयजल भी उपलब्ध कराया गया।

## योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति देता है

● ऋषि-मुनियों के दौर से योग होता आ रहा है।

**लखीमपुर खीरी।। अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनपद न्यायाधीश लक्ष्मीकान्त शुक्ल ने कहा कि योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति देता है। भारत में ऋषि-मुनियों के दौर से योग होता आ रहा है। योग भारतीय संस्कृति से जुड़ा है जिसको अब विदेशों में अपनाया गया है। योग दिवस कार्यक्रम उपरान्त जनपद न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल ने उपस्थित न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों व आम जनमानस से अपील की कि अपने जीवन में नियमित रूप से योग अपनायें तथा अपने रिश्तेदारों जान-पहचान के प्रत्येक व्यक्ति को योग के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे कि शारीरिक और मानसिक ऊर्जा में वृद्धि हो। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखीमपुर-खीरी द्वारा जनपद में स्थित जिला कारागार में प्रातः 06: 30 बजे से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव नितिन कुमार दीक्षित, सिविल जज (व0प्र0) ने की। इस अवसर पर प्रभारी जेल अधीक्षक पंकज सिंह, जेल पराविधिक स्वयं सेवक आदि उपस्थित रहे। योग गुरू रामबहादुर मित्रा ने उपस्थित होकर जेल में उपस्थित समस्त जेल अधिकारियों, कर्मचारियों, बंदीगण, पराविधिक स्वयंसेवकए पैनल अधिवक्ता आदि को योगाभ्यास कराया। जिला कारागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी सचिवए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार ने कहा कि शरीर और मन की शांति के लिए योग बहुत जरूरी है। योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। साथ ही योग से मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रतिदिन योग करने से शरीरिक व मानसिक बीमारियां दूर रहती है। योग से शरीर व मानसिक ऊर्जा में वृद्धि होती हैए योग करने वाले लोग स्वस्थ रहने के साथ ही इम्यूनिटी के मामले में भी दूसरे लोगो से बेहतर होते है।

## प्रभारी डीएम ने जानी निराश्रित गोवंश संरक्षण व सहभागिता योजना की प्रगति

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**निराश्रित** गोवंश मुक्त लखीमपुर के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की। जिसमें निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं सहभागिता योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। प्रभारी डीएम ने जिले में निराश्रित गौवंश संरक्षण, भूसा संग्रहण तथा गर्मी से बचाव व गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश तथा मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत सुपुर्द बेसहारा गोवंशो के भरण-पोषण के लिए डीबीटी प्रक्रिया के माध्यम से होने वाले भुगतान की प्रोगेस जानी एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों से संरक्षित गोवंश को गर्मी के प्रकोप से बचाने हेतु सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के लिए निर्देशित किया। डीएम ने वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों हेतु दी गई धनराशि के सापेक्ष निर्माण प्रारम्भ होने एवं प्रगति की स्थिति, गो आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, चोकर एवं पेयजल की उपलब्धता, जनपद में दान व कय द्वारा भूसा संग्रहण एवं भूसा बैंको के निर्माण की स्थिति, प्रकाश की व्यवस्था एवं औषधियों की उपलब्धता व उपचार तथा टीकाकरण की स्थिति जानी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सोमदेव सिंह ने जनपदीय समिति के समक्ष जिले में संचालित गो आश्रय स्थल वार जरूरी जानकारी दी।

## क्विक न्यूज

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**बरेली।** डोरी लाल स्पोर्ट स्टेडियम में प्रातः 6.00 बजे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस अवसर पर मंत्री वन एवं पर्यावरण डॉ0 अरूण कुमार, माननीय सांसद सन्तोष कुमार गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, महापौर डॉ0 उमेश गौतम, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल एवं सीडीओ जग प्रवेश ने दीप प्रज्वलित कर योगा प्रोटोकाल का शुभारम्भ किया। योगा प्रोटोकाल के अन्तर्गत लगभग 45 मिनट तक निर्धारित योग क्रिया व आसनों का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक डॉ0 गरिमा सिंह ने योगासनों व यौगिक क्रियाओं के लाभ की संक्षिप्त जानकारी दी, योग प्रशिक्षक कु0 नित्या शर्मा ने अपनी टीम के साथ योगाभ्यास कराया। जनपद में संचालित 53 राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस बनाया गया तथा योगा वीक के अन्तर्गत दिनांक 15 जून, 2023 से आयोजित की जा रही रंगोली, योग आसन, पोस्टर, स्लोगन, आशु भाषण प्रतियोगिताओं का समापन भी किया गया। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण मंत्री ने कहा कि योग व्यवहारिक स्तर पर मन व भावनाओं को संतुलित कर शरीर को स्वस्थ्य रखता हैं। सांसद सन्तोष गंगवार ने कहा कि योग महर्षि पतंजलि द्वारा प्रदत्त ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जिससे योग आसनों के द्वारा ही अनेकों जटिल रोगों से बचा जा सकता हैं।कार्यक्रम के अन्त में योग सप्ताह कार्यकम के अन्तर्गत आयोजित रंगोली, योग आसन, पोस्टर, स्लोगन, आशु भाषण प्रतियोगिताओं के विजेता श्री रजत खण्डेवाल, जावेद अख्तर, पारस गोयल, एकता खण्डेवाल, कुसुम, शुभाली अग्रवाल, कुशाग्र शाह, विनय शर्मा, सान्या रस्तोगी आदि को प्रमाण पत्र वितरित किये। मंच का संचालन श्री आशुतोष शर्मा द्वारा किया।




### पहली बार मंडल स्तर पर हुई अभियोजन की समीक्षा बैठक

**बरेली।** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल एवं आईजी डॉ राकेश सिंह की अध्यक्षता में पहली बार मंडल स्तरीय अभियोजन की समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। समीक्षा के दौरान स्पष्ट हुआ कि पाक्सो एक्ट के अन्तर्गत 10 अपराधी दोषसिद्ध के सापेक्ष 27 अपराधी दोषमुक्त हो गये। बैठक में अभियोजन की शिथिलता तथा साक्षियों के पक्षद्रोही हो जाने के कारण अपराधियों के दोषमुक्त होने पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। ए डी अभियोजन को यह निर्देश दिए गए कि अभियोजन वार ऐसे सभी मामलों की समीक्षा के कर लें, जिससे अपराधी अभियोजन पक्ष की लापरवाही से या साक्षियों के पक्षद्रोही हो जाने के कारण दोषमुक्त हो गये हो। ऐसे में सम्बंधित का स्पष्टीकरण लेते हुए भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न होने के कठोर निर्देश दिये गये ताकि अपराधियों को शीघ्र कठोर से कठोर सजा कराई जा सके और समाज का भयमुक्त, अपराध मुक्त वातावरण बनाया जा सकें। इसके अतिरिक्त महिला संबंधी अपराधों, पॉक्सो एक्ट, टॉप टेन अपराधियों एवं गैंगस्टर के विरूद्ध जब्तीकरण आदि की कार्यवाही के संबंध में भी प्रयास करके दोषी को कठोर दण्ड दिलवाया जाए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। यह भी निर्देश दिए कि जघन्य अपराधों में प्रभावी एवं त्वरित पैरवी करते हुए अपराधियों को कठोर दण्ड दिलाने के प्रयास किये जायें। आगामी मंडलीय समीक्षा बैठकों में नियमित रूप से अभियोजन की भी समीक्षा की जायेगी तथा किसी भी स्तर पर कोई भी शिथिलता पाई गई तो सम्बंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप अपराध के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति का निर्वहन ईमानदारी के साथ किया जाये।

### डीसीएम-ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

बरेली। सड़क पार कर रही महिला को तेजी से आ रहे डीसीएम ट्रक ने टक्कर मार दी महिला की मौके पर ही मौत हो गई । ट्रक का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भमोरा थाने के गांव कोहनी परतापुर निवासी गजेंद्र की पत्नी बिमलेश कि आज सुबह गांव से कुछ ही दूरी पर मंदिर के पास सड़क पार करते समय डीसीएम ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पति ने बताया कि विमलेश आज सुबह तड़के जंगल में जाने के लिए घर से निकली थी लेकिन वहां से वापस लौटते समय तेजी से आ रहे डीसीएम ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने ट्रक को रोकने की कोशिश की तो उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी मृतका 5 बच्चों की मां थी ।

### टेक्नीशियन ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बरेली। किराए के कमरे में रहकर एक मोबाइल फोन कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर काम करने वाले युवक ने कमरे की छत पर से लगे कुंडे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कालीबाड़ी स्थित किराए के कमरे में रहकर मोबाइल फोन कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर काम करने वाले शाहजहांपुर के खुदागंज थाना क्षेत्र के जमीलापुर निवासी 24 वर्षीय रवि पुत्र राजन सिंह ने कमरे की छत से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के बहनोई लवलीश ने बताया कि रवि का विवाह कुछ दिन पहले खुदागंज निवासिनी शिवा से तय हुआ था लेकिन विवाह की तारीख तय नहीं हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल फोन पर बातचीत अक्सर होती थी। 2 दिन पहले शिवा ने किसी बात पर नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह बात जब रवि को पता चली तो वह अपने घर गया जहां से शिवा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के बाद कल शाम को किराए के कमरे पर कालीबाड़ी आया था जहां पर बीती रात उसने भी फांसी लगा ली। सुबह होने पर मकान मालिक ने उसकी लाश को फांसी पर लटके देखा और एक निजी अस्पताल में काम करने वाले उसके भाई परविंदर को सूचना दी, जो मौके पर पहुंचे और घरवालों को सूचना के साथ ही पुलिस को भी सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक सात भाई बहनों मे सबसे छोटा था।

### दबंगों ने होमगार्ड जवान से की मारपीट

बरेली। हॉर्न बजाने को लेकर हुए विवाद के बाद दबंगों ने एक होमगार्ड के जवान को पीटकर घायल कर दिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के गांव अडुपुरा निवासी होमगार्ड के जवान भगवानदास को बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घरवालों ने बताया कि भगवान दास कल शाम को अपने घर के दरवाजे पर खड़े थे इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार गांव का रहने वाला रिंकू अपने दोस्त मिथुन और लाला राम के साथ तेजी से उसके घर के सामने से हॉर्न बजाते हुए उसके घर के सामने से होकर गुजरे तक घर के बाहर खड़े भगवान दास ने उन्हें बिना किसी कारण के हॉर्न बजाने पर टोक दिया जिससे तीनों दबंग उनसे नाराज हो गए और गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उन्होंने भगवानदास की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गए शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे जिन्हें देखकर हमलावर फरार हो गए घटना की शिकायत पुलिस से करने के बाद घर वालों ने घायल भगवानदास को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया ।

## अस्थाई कर्मचारियों की भूख-हड़ताल जारी

संवाददाता। बरेली

**बरेली** कॉलेज के अस्थाई कर्मचारियों की भूख-हड़ताल लगातार जारी है, कर्मचारियों के परिजनों में भी रोष है। बरेली कॉलेज कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष एवम् सचिव अपनी सेवा बहाल करने की मांगों सहित शोषण , उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन पर डटे हैं, और भूख-हड़ताल पर सचिव हरीश मौर्य बैठे हैं । अब उनकी तवियत भी लगातार खराब हो रही है लेकिन जिला प्रशासन की तरफ से कोई भी मिलने तक नहीं आया । आज भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों के परिजनों ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता पूर्व महापौर प्रत्याशी गुरुजी डॉक्टर के बी त्रिपाठी से संपर्क साधा। उसके बाद तुरंत ही उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता पूर्व महापौर प्रत्याशी गुरुजी डॉक्टर के बी त्रिपाठी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी बड़ी संख्या में अपने साथ कांग्रेस जनों को लेकर धरना स्थल पहुंचे और उनके समर्थन में उनके साथ दोपहर तक धरने पर बैठे ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता पूर्व महापौर प्रत्याशी गुरुजी डॉ के बी त्रिपाठी ने कहा कि आज भाजपा की गूंगी बहरी सरकार लोगों की समस्याओं, परेशानियों को भी नहीं देख पा रही है । गांधी के इस देश में आज भूख हड़ताल का प्रशासन संज्ञान भी नहीं ले रहा है। पाँच दिन बीतने के बाद भी हड़ताल पर बैठे हरीश मौर्या का मैडिकल तक नहीं कराया गया है। आखिर यह सरकार चाहती क्या है, प्रशासन क्या उनकी मौत का इंतजार कर रहा है। बरेली कॉलेज बरेली के कर्मचारी लगातार अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं, शासन से लेकर प्रशासन तक कोई भी उनकी सुध नहीं ले रहा है।

## करंट लगने से बच्ची की मौत

**बरेली।** घर के पास स्थित दुकान पर खाने के लिए सामान खरीदने जा रही बच्ची की रास्ते में लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।क्योंलड़िया थाने के गांव पुलवइया निवासी 6 वर्षीय माहे नूर पुत्री मोहम्मद उस्मान कि कल शाम घर से कुछ ही दूरी पर रास्ते में लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई मृतका के पिता ने बताया कि माहे नूर कल दोपहर में घर से पैसे लेकर अपने खाने के लिए कुछ सामान खरीदने दुकान पर जा रही थी लेकिन रास्ते में लटक रहे करंट के तार की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतका गांव के सरकारी स्कूल मे केजी की छात्रा थी उसकी मां का नाम सितारा बेगम है।

## प्रयागराज स्टेशन को किया जा रहा पुनर्विकसितः हिमांशु शेखर उपाध्याय



**प्रयागराज।** देश के विभिन्न रेलवे स्टेशनो का पुनर्विकास किया जा रहा है। जिसमें उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने मीडिया को बताया कि इस स्टेशन का पुनर्विकास अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा। स्टेशन पुनर्विकास लगभग 90374 वर्ग मीटर में किया जाएगा। जिसकी प्रमुख विशेषताएं वीडियो के माध्यम से सोशल मीडिया पर हाइलाइट किया गया है। सीपीआरओ उपाध्याय ने बताया कि स्टेशन के पुनर्विकास में पुराने मकानों का तोड़कर शहर के दोनों तरफ स्टेशन का नया रूप तैयार होगा। उन्होंने बताया कि जिसकी प्रमुख विशेषताएं होंगी। बताया कि स्टेशनों के लिए प्रस्तावित विकास कार्य सेवन सीएस अवधारणा पर आधारित होगा। जिसमें स्टेशन के दोनों तरफ का निर्माण होगा। स्टेशन पर कंजेशन फ्री स्टेशन अर्थात अलग आगमन और प्रस्थान की व्यवस्था होगी। इसमें लिफ्ट एस्केलेटर अन्य यात्री सुविधा की उपलब्धता होगी। मौजूदा प्रकृति और स्वरूप का संरक्षण स्वच्छता संचार सुविधाएं और परिवहन के अन्य साधनों के साथ संयुक्त विकास शामिल होगा। श्री उपाध्याय ने बताया कि नवनिर्मित स्टेशन में कैफेटेरिया मनोरंजक सुविधाओं के लिए रिक्त स्थान के साथ साथ एक ही स्थान पर सभी यात्री सुविधाओं के साथ विशाल कोनकोर्स होगा। दोनों तरफ पर्याप्त पिकअप ड्रॉप ऑफलेन के साथ प्रवेश और निकास हेतु अलग अलग यातायात प्रवाह होगा। दोनों तरफ पर्याप्त पार्किंग सुविधाएं बस स्टेशन और रेलवे स्टेशन के साथ मोडल इंटीग्रेशन लगभग 90374 वर्ग मीटर लगभग का समग्र निर्मित क्षेत्र होगा। कन्वीनिएन्स सुविधाएं के क्रम में प्रयागराज स्टेशन पर 42 लिफ्ट तथा 29 एस्केलेटर संस्थापित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त टिकट खिड़की और कतार क्षेत्र 188 वर्ग मीटर 250 वर्गमीटर का होगा। रूफटॉप प्लाज़ा कैफेटेरिया प्ले जोन एयर कंडिशन्ड आरक्षित लौंज जैसे अत्याधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। बताया कि विरासत संरचना के साथ विरासत मूल्य को बनाए रखते हुए स्थानीय कला और संस्कृति से जुड़ने वाले प्रतिष्ठित स्टेशन भवन को

## निरोगी काया ही सबसे बड़ा सुखःन्यायमूर्ति साधना ठाकुर

मुक्त विश्वविद्यालय में दो वर्षीय आरोही ने योग कर किया कमाल कुलपति ने गोद में उठाकर किया सम्मानित



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मात्र दो वर्षीय बालिका आरोही का योग प्रदर्शन लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना रहा। नन्ही बालिका बरबस ही लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचती रही। सैकड़ों लोगों की उपस्थिति से भरे त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र में कुलपति प्रो सीमा सिंह की निगाह उक्त बालिका पर पड़ी तो उन्होंने उसको मंच पर बुलाकर गोद में उठा लिया। मंचासीन अतिथियों ने नन्ही बालिका को सम्मानित किया। आरोही अपने माता पिता के साथ नियमित योगाभ्यास करती है। राज्यपाल सचिवालय के निर्देश पर मुख्य विश्वविद्यालय के अध्यापकों एवं कर्मचारियों के साथ उनके परिजन भी योगाभ्यास में शामिल हुए। इस अवसर पर योग शिक्षक अमित कुमार सिंह निकेत सिंह एवं अनुराग शुक्ला ने गायन वादन के साथ योगाभ्यास की विभिन्न क्रियाएं संपादित कराईं। त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति साधना ठाकुर ने कहा कि निरोगी काया ही सबसे बड़ा सुख है। निश्चित रूप से योग से केवल हमारा इलाज ही नहीं होता बल्कि हम किसी भी रोग का सामना सहज रूप से कर लेते हैं। योग हमारे शरीर हमारे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता का विकास करता है। जिसके फ्लस्वरूप साधारणतया कोई भी बीमारी हमें प्रभावित नहीं कर पाती। न्यायमूर्ति ठाकुर ने कहा कि छोटी सी उम्र से लेकर वृद्धावस्था तक योग करके लाभान्वित हुआ जा सकता है। क्योंकि हर आसन का अलग अलग असर होता है। इसलिए नियमित रूप से योगाभ्यास करना चाहिए।अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि योग हमें खुशहाली के रास्ते पर ले जाता है। योग हमें स्वयं से जोड़ता है। विशिष्ट अतिथि फाफामऊ विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग विश्व स्तर पर स्थापित हो चुका है। स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निदेशक प्रो जी एस शुक्ल ने विषय प्रवर्तन तथा अतिथियों का स्वागत किया। संचालन डॉ मीरा पाल एवं धन्यवाद ज्ञापन कर्नल कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया।

## आरेडिका में चमका योग का सूरज



**रायबरेली।** नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखानाए रायबरेली के गोमती क्रीडांगन में विशाल योगशिविर का आयोजन महाप्रबंधक श्री पीण्केण्मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम की थीम ष्वसुधैव कुटुम्वकम् के लिए योगष् है तथा समर्पित शब्द हर आंगन योग रहा। आरेडिका महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने समस्त रेलकर्मियों तथा उनके परिवारजनों को योग करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बताया कि धरती पर मानव ने एक से बढ़कर एक चमत्कार किए हैं एवं प्रत्येक रहस्य से पर्दा उठाया है। इन्हीं खोजों में से एक योग है। जिसके यमए नियम और प्राणायाम आदि के माध्यम से अन्दर आने वाली और बाहर जाने वाली श्वासों के बीच समयांतर को बढाते हैं जिससे मानव चेतना शक्ति इतनी सक्रिय एवं जाग्रत हो जाती है कि वह नई.नई चीजों का सृजन करने लगती है। दुनिया की हर वस्तु की खोज के लिए ज्ञान की आवश्यकता होती है और ज्ञान की खोज के लिए योग की।योग का उल्लेख हमारे वेदोंए उपनिषदोंए महाकाव्योंए भारतीय दर्शन तथा बौद्ध और जैन परम्पराओं में मिलता है जिसे हमारे ऋषि.मुनियों ने जीवित रखा। योग भारत द्वारा विश्व को दी गई अनमोल देन है। आज के तनाव एवं भाग.दौड़ भरे जीवन में योग का महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि योग से व्यक्ति मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहता है।

# योग को प्रधानमंत्री मोदी ने दिलाई वैश्विक पहचानः पटेल

## चित्रकूट सांसद और जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया नौवें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ

●योग का सूक्ष्म अनुभव देता है शरीर का संचालनः प्रमोद झा

संवाददाता। चित्रकूट





**भगवान** श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट में बड़े ही धूमधाम के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी के प्रांगण में भारत स्वाभियान पतंजलि योग समिति, जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वारा आयोजित योग शिविर का शुभारंभ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल व डीएम अभिषेक आनंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सांसद श्री पटेल ने 'भारतीय प्राचीन विधा योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई दी।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते हुए सांसद श्री पटेल ने कहा कि आज योग विश्व के प्रत्येक व्यक्ति की जीवन शैली का हिस्सा बन चुका है। योग को अपनाकर लोग अपने आप को निरोग कर रहे है। वहीं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि मुनियों की खोज हैं। पीएम मोदी की पहल पर आज पूरे विश्व के लोग इसको अपनाकर अपनी काया को निरोगी बना रहे है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार योग को प्रोत्साहन देकर हर घर तक योग को पहुंचा कर लोगो को निरोग बनाने की दिशा में काम कर रही हैं। इसके अलावा योग दिवस पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में पुलिस लाइन में योग कार्यशाला में जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय क्रीड़ाधिकारी अमृतांशु मिश्र ने सभी को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रखने को विभिन्न योगाभ्यास कराये।

महिला पतंजलि योग समिति ने जिले में कई स्थानों पर अलग-अलग योग दिवस मनाया। सुंदर घाट गंगाजी किनारे दृष्टि संस्थान नेत्रहीन बालिकाओं के विद्यालय जिला कारागार में कैदियों को योग कराया।

राजापुर कस्बे के लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में योग दिवस पर कस्बा सहित ग्रामीण अंचलों के सैकड़ों नर नारियों ने योग किया। योग के बाद एसडीएम प्रमोद झा ने कहा कि योग का सूक्ष्म अनुभव देता है शरीर का संचालन और मानव मस्तिष्क के चार स्तर हैं। जिसमें तीन अचेतन, अर्ध अचेतन और चेतन तो मनुष्यों में मौजूद रहते हैं परंतु पराचेतन योग से विकसित किया जा सकता है। अचेतन और अर्धअचेतन का चेतन पर गहरा प्रभाव पड़ता है और मानव सोच प्रभावित होती है।

## नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 का किया गया आगाज़

**फर्रुखाबाद।** सांसद मुकेश राजपूत एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सातनपुर मण्डी फर्रुखाबाद में नवम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि योग, मन, शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। योग के विभिन्न रूपों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीकों से लाभ मिलता है। योग स्वास्थ्य की सुरक्षा और सतत स्वास्थ्य विकास के बीच एक कड़ी प्रदान करता है, इसलिए हमें नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए और इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।



# आज पूरे विश्व पटल पर छाया है योगः भानु प्रताप





●समाज को स्वस्थ रखने के लिए योगरूपी प्राचीन परम्परा की ओर जाना होगाः मंत्री

संवाददाता। उरई, जालौन

**बुधवार** को नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जनपद के समस्त तहसील, ब्लॉक व ग्रामों में संपन्न हुआ, नवम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम इंदिरा स्टेडियम में मुख्य अतिथि केंद्रीय सूक्ष्म उद्यम एवं मध्यम केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, जिलाधिकारी चांदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए उपस्थित नागरिकों ने भी योग गुरु राम प्रकाश द्विवेदी के नेतृत्व में योग कर उसकी महत्ता और संदेश को स्थापित करने का प्रयास किया। अंर्तराष्ट्रीय नवम योग दिवस पर योग प्रशिक्षिका साक्षी नगायच, स्टेट प्लेयर गौरी नायक ने योग दिवस पर इंदिरा स्टेडियम मे योग करे निरोग रहे का संदेश देकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर नियमित योगाभ्यास करने को प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि भानु प्रताप वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि योग हमारी प्राचीन सभ्यता है और संस्कृति का हिस्सा है आदिकाल से ऋषि-मुनियों ने योग का महत्व को बताने का प्रयास किया था, जब हम इस परंपरा से हटने लगे तो शरीर बीमार पड़ने लगा। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके द्वारा आज से 9 वर्ष पूर्व यूएन में उसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का दर्जा दिलवाया गया।

उन्होंने कहा कि देश को अग्रणी रखना है समाज को स्वस्थ रखना है तो प्राचीन परंपरा योग की तरफ जाना पड़ेगा, जब समाज पास होगा तभी देश मजबूत होगा, मजबूत समाज एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत का सौभाग्य है कि भारत ने योग को खोजा और आज पूरे विश्व पटल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास के बाद योग दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग करने से मन बुद्धि और आत्मा तीनों का समन्वय होता है।

# बारिश पर भारी पड़ी आस्था, नगर में धूमधाम से निकली जगन्नाथ रथ यात्रा



**फर्रुखाबाद।** नगर में लोहाई रोड स्थित राधा श्याम शक्ति मंदिर से विधिवत पूजन बंधन आरती के साथ चिन्मय गोस्वामी के नेतृत्व में धूमधाम से रिमझिम बारिश के बीच निकाली गई। यात्रा लोहाई रोड से चौक, नेहरू रोड, नितगंजा,स्टेट बैंक रोड,रेलवे रोड होती हुई श्री राधा माधव मंदिर घमंडी कूंचा में पहुंची। जय जगन्नाथ स्वामी, जय जगन्नाथ स्वामी के उद्घोष के साथ भक्तों ने जगह-जगह आरती उतारी एवं प्रसाद वितरण किया। भक्तों ने बारिश का आनंद लिया।

यात्रा में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बसला अग्रवाल ने जगन्नाथ स्वामी की आरती उतारकर प्रसाद वितरण किया। चिन्मय गोस्वामी ने बताया भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी के रथ को खींचते हुए जो दर्शन करता है, उसे अवश्य ही पुण्य लाभ प्राप्त होता है। भगवान जगन्नाथ स्वामी, अपने बड़े भाई बलराम, बहन सुभद्रा के साथ नगर के दर्शन को निकलते हैं। सभी को मंगलमय आशीर्वाद देते हैं, ऐसा पवित्र दिन वर्ष में एक बार आता है। नगर के गणमान्य व्यक्तियों एवं महिलाओं ने यात्रा में रथ को खींचकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# बारातियों से भरी बस पलटने से दो मासूमों की मौत, कई घायल



**हमीरपुर।** जिले के मुस्करा क्षेत्र में बुधवार शाम बारातियों से भरी प्रायवेट बस असुंतलित होकर पलट गयी। जिसमे दो मासूमों की दबकर मृत्यु हो गयी करीब तीन दर्जन बाराती घायल हो गये। जिनको सदर अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक कुरारा कस्वे से साठ मुस्लिम बारातियों से भरी प्रायवेट बस मध्य प्रदेश के नौगांव जा रही थी जैसे ही बस मुस्करा क्षेत्र के उमरी मोड के पास पहुची तभी चालक ने संतुलन खो दिया और बस पलट गयी बस पलटते ही चीख पुकार मच गयी आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुच कर राहत कार्य शुरु कर दिया। बस को ग्रामीणों ने सीधा किया जिसमे शादमान(12) पुत्र निजाम व अर्शलान(14) पुत्र नूर मोहम्मद की मृत्यु हो गयी। बस में साठ बाराती से अधिक सवार थे। बस पलटने से तीन दर्जन लोग घायल हो गये जिसमें से सभी घायलों को जिला अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। दो घायलों को झांसी के लिए रिफर कर दिया गया है।

# एक ही पंडाल में हिंदू व मुस्लिम कन्याओं की हुई शादी

●विधायक व चेयरमैन सहित अन्य अतिथियों ने जोड़ों को दिया आशीर्वाद

संवाददाता। कोंच, जालौन



**भारतीय** सभ्यता पार्टी के तत्वाधान में बुधवार को स्थानीय गल्ला मंडी परिसर में सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 8 हिंदू कन्याओं और 3 मुस्लिम कन्या की शादी संपन्न हुई। विधायक व पालिकाध्यक्ष सहित उपस्थित अन्य अतिथियों ने नव युगल जोड़ों के सुखी वैवाहिक जीवन का कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता व भारतीय सभ्यता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार लोधी के आतिथ्य में संयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में उपस्थित लोगों के बीच बोलते हुए विधायक ने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजनों से अमीर-गरीब और ऊंच-नीच का भेद खत्म होता है और समरसता का भाव बढ़ता है। उन्होंने कहा कि विवाह में फालतू का धन व्यय करने से रोकने के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को अपनी बेटी के विवाह के लिए परेशान नहीं होना पड़ता है और न ही कर्ज के बोझ तले दबना पड़ता है।

## कालपी का हस्तनिर्मित कागज बौद्धिक सम्पदा में शामिल

**उरई, जालौन।** जनपद जालौन की कालपी तहसील में निर्मित हो रहे हस्तनिर्मित कागज को भारत सरकार के जियोग्राफिकल इन्डीकेशन न्यायालय चौन्नई द्वारा जियोग्राफिकल इन्डीकेशन का दर्जा दिया गया है। जिसके फलस्वरूप इस उत्पाद को उसकी भौगोलिक विशेषताओं और उसकी गुणवत्ता के आधार पर विशेष स्थान प्राप्त होगा तथा इस उत्पाद को अवैध रूप से उपयोग करने जैसी (कॉपीराईट) घटना से रोकने के लिये सुरक्षा प्रदान होगी। जनपद जालौन के हस्तनिर्मित कागज को जीआई टैग पंजीकरण और संरक्षण अधिनियम-1999 के तहत प्रदान किया गया है। जीआईए टैग उत्पादों को दिया जाने वाला एक विशेष प्रकार का लेबल होता है जिसमें किसी उत्पाद को उसकी भौगोलिक स्थिति के आधार पर विशेष पहचान प्रदान की जाती है। जीआई टैग उद्योग संबंधन और आन्तरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत रजिस्ट्री द्वारा जारी किया जाता है।

## क्विक न्यूज

### सौहादपूर्ण माहौल में मनाया जाये बकरीद पर्वः डीएम

**फतेहपुर।** आगामी ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व को शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में जनपद के धर्म गुरूओ एवं सम्भ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डीएम ने कहा कि त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जाये। बकरीद पर्व पर विभागों द्वारा की जाने वाली तैयारियों को पूरी कर लेने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। मस्जिदों के आस-पास विशेष रूप से सफाई व्यवस्था व मार्ग प्रकाश की व्यवस्था समय से ठीक करा लेने के निर्देश दिये। प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न दी जाये।

### बारिश से भोगनीपुर क्षेत्र में जनजीवन अस्त व्यस्त

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में मंगलवार की रात 12 बजे से हो रही लगातार बारिश के चलते पुखरायां का मेन रोड, भोगनीपुर चौराहा, डाकघर, ग्रामीण बैंक, बस स्टॉप और बिजली घर के परिसर पानी में डूब गए हैं। जिससे संस्थानों में कामकाज प्रभावित हो रहा है। वहीं लगातार हो रही बारिश बुधवार का साप्ताहिक बाजार में जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। ज्ञात हो कि तूफानी चक्रवात के कारण गुजरात, राजस्थान, दिल्ली के बाद उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में भारी बारिश देखने को मिल रही है। भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में मंगलवार की रात 12 बजे से लगातार हो रही बारिश के कारण पुखरायां स्थित डाकघर, ग्रामीण बैंक, बस स्टॉप एवं बिजलीघर के अंदर परिसर में पानी भर गया है।

### पुलिस ने किया खुलासा, हत्यारे पुत्र को भेजा जेल

**राठ, हमीरपुर।** राठ क्षेत्र में तीन दिन पहले पुत्र द्वारा पीट पीट कर पिता की हत्या का खुलासा पुलिस बुधवार को कर हत्याभियुक्त को जेल भेज दिया है। चार पहिया गाड़ी न दिलाने पर पुत्र ने पिता की हत्या करना कबूल किया है। पुलिस के मुताबिक रविवार को तड़के क्षेत्र के पहाड़ीगढ़ी गांव में 65 वर्षीय प्रेमचंद्र की उसके पुत्र संतराम ने लाठियों से पीटकर हत्या कर दी थी। उसी दिन मृतक की पत्नी श्यामरानी ने आरोपित पुत्र संतराम के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को पुलिस ने गांव के बाहर गिरफ्तार कर लिया है।

# योग करने से होता है मन, बुद्धि और आत्मा का समन्वयः प्रतिभा शुक्ला

●जिले में जोर-शोर से हुआ नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

संवाददाता। कानपुर देहात



**जनपद** कानपुर देहात के स्पोर्टस स्टेडियम माती में मुख्य अतिथि बाल विकास एवं पुष्टाहार माननीय राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष/एमएलसी अविनाश सिंह चौहान एवं जिलाधिकारी नेहा जैन, पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वहां उपस्थित नागरिकों ने भी योग गुरूओं के नेतृत्व में योग कर इसकी महत्ता और संदेश को स्थापित करने का प्रयास किया। हमारे रूरा सॅवाददाता के अनुसार भटौली में स्थित प्रतिष्ठित गोविन्द ग्रीन इन्फ्राटेक लिमिटेड में चैयरमैन रामजी गुप्ता ने ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में योग के विषय में विस्तार से जानकारी देकर योग क्रियायें आरएसएस के ललित तिवारी द्वारा उपस्थित लोगों को करवायी गयीं।

## नगर पालिका की पहली बैठक में पारित हुए प्रस्ताव

**फतेहपुर।** सदर नगर पालिका परिषद बोर्ड की प्रथम बैठक अध्यक्ष राज कुमार मौर्या की अध्यक्षता एवं सभासदों की उपस्थित में सम्पन्न हुई। इस बैठक में नपाप के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में पूर्व में जारी एजेंडा में शामिल बिंदुओं पर बोर्ड में विचार विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से पारित किया गया। बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका के विकास कार्यों की कार्य योजना सभासदों से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार तैयार करा कर शासन को प्रेषित की जाएगी। अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं दलगत राजनीति से ऊपर उठकर नगर के विकास में सबके सहयोग की अपेक्षा की।

# नगर पालिका की पहली बोर्ड मीटिंग में छह प्रस्ताव पारित

संवाददाता। जालौन, उरई

**नगर** पलिका की पहली बैठक में छह प्रस्ताव पास किए गए। इस मौके पर सदर विधायक मौजूद रहे। नगर निकाय चुनाव के बाद पहली बार नगर पालिका बोर्ड की बैठक का आयोजन पालिकाध्यक्ष नेहा मित्तल की अध्यक्षता एवं ईओ सीमा तोमर की उपस्थिति में किया गया। नगर पालिका सभागार में आयोजित हुई बैठक में सर्वप्रथम बोर्ड के सदस्यों को पालिकाध्यक्ष ने बुके भेंटकर उनका स्वागत किया और परिचय प्राप्त किया। इसके उपरांत लेखाकार अनिल कुशवाहा ने प्रस्ताव पटल पर रखे। जिनमें प्रमुख प्रस्ताव रहा कि नगर की सुरक्षा की दृष्टि से नगर के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाएंगे। इन सीसीटीवी कैमरों से नगर की 24 घंटे निगरानी की जाएगी। इसके अलावा नगर में महिला पुलिस चौकी खोली जानी है। महिला पुलिस चौकी के लिए छत्रसाल इंटर कॉलेज के बगल में गाटा संख्या 240 में जगह उपलब्ध कराने के प्रस्ताव का सभी सदस्यों ने स्वागत किया। वहीं, सदस्यों ने भी वार्ड की विभिन्न समस्याओं के संबंध में अध्यक्ष को अवगत कराया।

# जिले भर में धूमधाम से मनाया गया 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**फतेहपुर।** 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन गांधी मैदान कलेक्ट्रेट के अलावा तहसील, ब्लाक व ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया। जिसमें योग गुरूओं ने सभी को योगाभ्यास कराया। गांधी मैदान में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेते हुए जिले की सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने व्यस्त दिनचर्या में पंद्रह मिनट योग कर स्वास्थ्य लाभ हासिल करने की अपील की। गांधी मैदान कलेक्ट्रेट में योगाभ्यास का आयोजन प्रात: सात बजे से आठ बजे तक किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने शिरकत की। जिलाधिकारी श्रुति ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर व योग ऋषि पातंजलि के चित्र पर माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने किया। अधिकारियों ने अतिथियों व नागरिकों का स्वागत किया। योगाभ्यास के पूर्व गुब्बारे हवा में प्रक्षेपण कर योग के महत्व पर बल देते हुए वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला तथा पूरी मानवता को एक साथ जोड़ने के एक सशक्त माध्यम के रूप में रेखांकित किया।

# पेज एक का शेष

## कॉपीराइट, पेटेंट...

करने के लिए यहां जमीन पर पीले रंग की सैकड़ों योग मैट बिछाई गई थी। योग के लिए विशेष रूप से तैयार की गई सफेद टी-शर्ट पहने लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। योग सत्र में, ताड़ासन, भ्रामरी, पादहस्तासन, वज्रासन, भुजंगासन और अर्द्धचक्रासन जैसे योगासन किए गए। उद्यान में लगाई गई एलईडी स्क्रीन के जरिए भारतीय संस्कृति के वीडियो दिखाए गए। मोदी ने कहा, जब हम योग करते हैं तब हम शारीरिक रूप से तंदुरुस्त और मानसिक रूप से शांत महसूस करते हैं। योग जीवन जीने का एक तरीका है, यह स्वयं के साथ, दूसरों के साथ और प्रकृति के साथ सद्भाव के साथ रहने का तरीका है। उन्होंने कहा कि वह इस बात को लेकर खुश हैं कि कई लोग योग के विभिन्न पहलुओं को वैज्ञानिक रूप से मान्यता देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आइए, योग की शक्ति का उपयोग करें, ना केवल स्वस्थ, खुश रहने के लिए, बल्कि अपने प्रति, दूसरों के प्रति उदार रहने के लिए। आइए हम मित्रता जोड़ने, शांतिपूर्ण विश्व और एक अधिक स्वच्छ विश्व के लिए योग की शक्ति का उपयोग करें। ऐतिहासिक योग सत्र में संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष अधिकारी, सदस्य देशों के राजदूत, राजनयिक, प्रतिनिधि तथा वैश्विक एवं प्रवासी भारतीय समुदाय के प्रख्यात सदस्य भी शामिल हुए। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने योग दिवस पर अपने वीडियो संदेश में कहा, यह(योग) तन और मन, मानवता और प्रकृति तथा दुनिया भर में लाखों लोगों को एक- दूसरे से जोड़ता है, जिनके लिए यह शक्ति, सद्भाव और शांति का स्रोत है। गुतारेस ने कहा, खतरनाक और विभाजित विश्व में, इस प्राचीन व्यायाम के लाभ विशेष रूप से मूल्यवान हैं। योग शांति प्रदान करता है, यह चिंता को कम कर सकता है और मानसिक स्थिति को बेहतर कर सकता है। यह अनुशासन तथा धैर्य विकसित करने में हमारी मदद करता है। यह हमें हमारी धरती से जोड़ता है जिसे हमारे संरक्षण की अदद आवश्यकता है। प्रथम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2015 में आयोजित किया गया था और तब से इसके कई सत्र व कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें इसके फायदों को रेखांकित किया गया है।यहां योग सत्र में, योगासन करने वालों में पुरस्कार विजेता कथाकार जय शेट्टी, भारतीय रसोइया एवं रेस्तरां संचालक विकास खन्ना, एक क्लाउड कंप्यूटिंग कंपनी के मुख्य परिचालन अधिकारी वी एम वारे और अमेरिकी नेवी सील की उच्च पदस्थ अधिकारी केली सलाबिंस्की भी शामिल हैं। ब्रिटिश संगीतकार ज्हानवी हैरिसन, अफगानिस्तान में अपने दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा चुके पूर्व सैनिक ट्रेविस मिल्स, सीएनबीसी में संवाददाता सीमा मूडी, तीन बार के ग्रैमी पुरस्कार विजेता व संगीतकार रिकी केज, पर्यावरणविद एवं अमेरिकी गायिका फाल्गुनी शाह भी योग सत्र में शामिल हुईं।

## इतिहास की...

चली आ रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की आधिकारिक यात्रा की पूर्व संध्या पर कहा, आइए आज रात इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बनें, जो तस्वीर बदलने वाला, पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने वाला और इन दोनों चीजों को एक साथ लाने वाला है। यह इतिहास में जीने जैसा लगता है। यह सप्ताह उन क्षणों में से एक होगा, जो इतिहास की सूरत बदल सकता है। मैं जानता हूं कि हमारे नेता इस पर खरे उतरेंगे, लेकिन वे इस दूरदृष्टि को साथ मिलकर साकार करने के लिए हम पर भरोसा कर रहे हैं। मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21 से 24 जून तक अमेरिका की राजकीय यात्रा पर हैं। गार्सेटी ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति बाइडन ने कहा था कि अगर हम न केवल दोनों नेताओं, बल्कि लोगों के दिमाग को एक साथ काम में लगाते हैं, तो हमें रोक पाना मुश्किल होगा। अमेरिकी राजदूत ने कहा, दोनों लोकतंत्र आखिरकार हमारे लोगों की परवाह करते हैं। शांति, समृद्धि और हमारे ग्रह व लोगों की तरक्की के लिए ताकत के रूप में काम करने वाले दोनों देशों के 1.75 अरब लोगों को रोक पाना नामुमकिन है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका धरती को बचाने और शांति कायम करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## मैं मोदी...

आध्यात्मिकता तक के कई मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की। इसपर मस्क ने जवाब दिया, आपसे एक बार फिर मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रमुख अमेरिकी अर्थशास्त्री प्रोफेसर पॉल रोमर और निवेशक एवं हेज फंड ब्रिजवॉटर एसोसिएट्स के सह-संस्थापक रे डेलियो समेत विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों से मुलाकात के दौरान विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने उन्हें अपनी सरकार द्वारा आर्थिक वृद्धि को रफ्तार देने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी दी। मोदी और प्रो. रोमर ने भारत की डिजिटल यात्रा पर चर्चा की, जिसमें आधार का उपयोग और डिजिलॉकर जैसे नवोन्मेषी माध्यम शामिल हैं। उन्होंने शहरी विकास के लिए भारत द्वारा की जा रही विभिन्न पहलों पर भी चर्चा की। मोदी ने बैठक के बाद ट्वीट किया कि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर पॉल रोमर से मिलकर खुशी हुई। हमने जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर बातचीत की। हमने अपने शहरों को अधिक टिकाऊ और लोगों के अनुकूल बनाने के बारे में भी बात की। डेलियो के साथ बैठक में प्रधानमंत्री ने आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए सुधारों का उल्लेख किया। इनमें अनुपालन में कमी और बड़ी संख्या में कानूनी प्रावधानों को कम करने जैसी चीजें शामिल हैं। मोदी ने डेलियो को भारत में निवेश बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने खगोल वैज्ञानिक एवं लेखक नील डि ग्रास टायसन से भी मुलाकात की और युवाओं में वैज्ञानिक रुझान पैदा करने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस मुलाकात में अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की तीव्र प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें भारत द्वारा किए जा रहे विभिन्न अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन भी शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने अमेरिकी के चर्चित गणितज्ञ सांख्यिकीविद प्रो. नासिम निकोलस तालेब से भी मुलाकात की।

## नेता प्रतिपक्ष...

वाली वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, वर्ष 2019 में, वीबीए ने अकेले कांग्रेस-राकांपा गठबंधन को नुकसान पहुंचाया था। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि समान विचारधारा वाले दलों के बीच मतों का विभाजन न हो। हम बीआरएस और वीबीए को नजरअंदाज नहीं कर सकते। राव विशेष तौर पर महाराष्ट्र में बीआरएस का आधार बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं और मराठवाड़ा क्षेत्र में 'किसान' सरकार की स्थापना के लिए रैलियां आयोजित की थीं। बीआरएस ने पश्चिमी राज्य में सदस्यता अभियान भी शुरू किया है। अजित पवार ने मुंबई और विदर्भ में राकांपा संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग दिवस के आयोजनों पर करोड़ों खर्च किए जाते हैं। उन्होंने कहा, मैंने (महाराष्ट्र विधानसभा) उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल से पूछा कि वह योग दिवस कार्यक्रम में क्यों शामिल नहीं हुए। जिरवाल ने मुझे बताया कि वह अपने बड़े पेट के कारण झुक नहीं सकते हैं और लोग उन पर हंस सकते हैं।

## 24 जनवरी...

के लिए चुना जाएगा। मूर्तिकार गणेश भट्ट और अरुण योगिराज कर्नाटक के विभिन्न पत्थरों पर काम कर रहे हैं, जबकि राजस्थान के सत्य नारायण पांडे सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले मकराना संगमरमर पर काम कर रहे हैं। तीनों मूर्तिकार कड़ी सुरक्षा के बीच अयोध्या के तीन अलग-अलग स्थानों पर काम कर रहे हैं और किसी भी बाहरी व्यक्ति को उनकी कार्यशाला में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है।

## विश्व मानवता...

महत्त्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाड़ी की क्रियाएं मन से जुड़ी क्रियाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि मन की विचित्र स्थिति होती है। व्यक्ति के बंधन और मोक्ष दोनों का कारण मन होता है। एक स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ मन भी आवश्यक है। चंचल मन व्यक्ति को चलायमान करता है। मन को एकाग्र न कर पाने के कारण भी बहुत से लोग प्रतिभा होने के बावजूद जीवन में सफलता को प्राप्त नहीं कर पाते। इसलिए मन की वृत्ति को, जो चंचल है, उसे नियंत्रित करने का माध्यम योगासन देता है। उन्होंने कहा कि यद्यपि मन को नियंत्रित करना अत्यंत दुरूह कार्य है लेकिन व्यक्ति के जीने के लिए प्राणायाम से यह संभव है। नाथ पंथ की परंपरा में जिसे अजपा जप कहते हैं, श्वांस पर ध्यान केंद्रित कर मन को साधा जा सकता है। प्राणायाम के माध्यम से मन को नियंत्रित कर लिया गया तो योग के अन्य उच्चतर सोपान को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त हो सकती है। योगी ने कहाकि दुनिया में पिछले तीन-साढ़े तीन साल में जिस महामारी की चपेट में पूरी दुनिया आई थी उस कोरोना कालखंड में भी दुनिया के अंदर सर्वाधिक मांग भारतीय आयुष पद्धति की हो रही थी। सबने यह माना कि भारतीय आयुष पद्धति संपूर्ण आरोग्यता प्रदान कर सकती है। वास्तव में भारतीय आयुष पद्धति हमारी ऋषि परंपरा की तरफ से संपूर्ण आरोग्यता की लक्ष्य प्राप्ति हेतु मानवता के कल्याण का प्रशस्त पथ है जिसकी ओर पूरी दुनिया आकर्षित हो रही है। उन्होंने कहा कि आयुष की मांग लगातार बढ़ रही है। जो लोग पहले चाय पीते थे, कोल्ड ड्रिंक लेते थे, कोरोना कालखंड में उनमें से बहुतायत काढ़ा पीने लगे। यह भारत के आयुष की देन है। हल्दी भारत की रसोई का प्रमुख हिस्सा है। आज दुनिया के अंदर इसकी बढ़ती हुई मांग भारत के किसानों के लिए एक नए अवसर को भी प्रदान करती है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी परंपरा शरीर को धर्म का साधन मानती है। शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम। किसी भी क्षेत्र का व्यक्ति चाहे वह नौकरशाह हो, उद्योगपति हो या फिर किसान-मजदूर, अपना कार्य अच्छे से तभी कर पाएगा जब उसका शरीर स्वस्थ होगा। स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ मस्तिष्क भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्यत: शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हम लोग व्यायाम या एक्सरसाइज कर लेते हैं पर शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी चाहिए। योग ऐसी विधा है जो स्वस्थ शरीर के साथ हमें स्वस्थ मस्तिष्क भी देती है। योग के विभिन्न अंगों की महत्ता को विस्तार से समझाते हुए सीएम योगी ने कहा कि प्राणायाम करने वाले लोगों पर कोरोना का प्रभाव न्यूनतम रहा।

## राजग में...

मांझी सहित चार विधायक हैं। बिहार विधान परिषद के सदस्य सुमन ने एक सप्ताह पहले राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। मांझी ने आरोप लगाया था कि नीतीश कुमार उनकी पार्टी का जनता दल (यूनाइटेड) में विलय करने का दबाव डाल रहे थे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में जद (यू) की करारी हार के बाद नीतीश कुमार द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए चुने गए मांझी ने 2015 में जब कुमार को कुर्सी सौंपने की बात आई थी तो बगावत कर दी थी और भाजपा से हाथ मिला लिया था। वह 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा थे। इस चुनाव को जद (यू) और भाजपा ने एक साथ लड़ा था। बिहार के कुछ हिस्सों में मांझी समुदाय में जीतन राम मांझी का खासा प्रभाव है। सत्तारूढ़ महागठबंधन के पास लगभग 160 विधायक हैं। इस गठबंधन में जदयू, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस और तीन वाम दल शामिल हैं। 243 सदस्ईय बिहार विधानसभा में बहुमत के लिए 122 विधायकों की जरूरत होती है।

# अमेरिका का सामरिक साझेदार होगा भारत : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि भारत आने वाले दशकों में अमेरिका का महत्वपूर्ण सामरिक साझेदार होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा से दोनों देशों के बीच गहरे एवं करीबी संबंधों की मौजूदगी की पुष्टि होती है। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर हैं। बाइडन दंपती 22 जून को मोदी के लिए राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। मोदी ने अमेरिका के लिए रवाना होने से पहले अपने बयान में कहा था कि राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन का उन्हें राजकीय यात्रा का निमंत्रण देना दोनों लोकतंत्र के बीच मौजूद संबंधों की मजबूती और प्रमाणितका को प्रदर्शित करता है।

अमेरिका में सामरिक संवाद के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा संयोजक जॉन किर्बी ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, भारत आने वाले दशकों में अमेरिका का एक महत्वपूर्ण सामरिक साझेदार होगा। उन्होंने कहा कि भारत की क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) और हिंद प्रशांत सहित अन्य क्षेत्रों में अधिक महत्वपूर्ण अंतराष्ट्रीय भूमिका निभाने की बढ़ती प्रतिबद्धता एक स्वतंत्र, मुक्त एवं नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था की साझा दृष्टि को आगे बढ़ाने की दिशा में अमेरिका का साथ देने की उसकी मजबूत इच्छा-शक्ति को दर्शाता है।

किर्बी ने कहा कि जब हम कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और स्वच्छ ऊर्जा जैसी भविष्य की प्रौद्योगिकियों के लिए लचीली आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण तथा महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन से निपटने व भविष्य के लिए हमारे कार्यबल, ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा के बारे में सोचते हैं, तब हमें भारत से अधिक महत्वपूर्ण और कोई साझेदार नजर आता है। प्रधानमंत्री मोदी की आधिकारिक यात्रा भारत और अमेरिका के बीच गहरे और करीबी गठजोड़ की पुष्टि करेगी तथा भारतीयों को अमेरिकी लोगों से जोड़ेगी। किर्बी ने कहा, यह यात्रा दोनों देशों की स्वतंत्र, मुक्त, समृद्ध एवं सुरक्षित हिंद प्रशांत की साझा प्रतिबद्धता तथा रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष सहित सामरिक प्रौद्योगिकी गठजोड़ को आगे ले जाने की दृष्टि को मजबूती प्रदान करेगी।

## द्विपक्षीय संबंधों पर काम जारी रखेंगे : अमेरिका

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के बीच व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका की तरह ही भारत भी एक विविधतापूर्ण लोकतंत्र है और दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों पर काम करना जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21 से 24 जून तक अमेरिका की राजकीय यात्रा पर हैं। बाइडन दंपती 22 जून को मोदी के लिए राजकीय रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। प्रधानमंत्री 22 जून को अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। सामरिक संवाद के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा संयोजक जॉन किर्बी ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, लोकतंत्र का यह काम कठिन है। हम इस बात को जानते हैं। हमने इस देश में इसका अनुभव किया है। यह कठिन है, आपको इस पर काम करना होता है। भारत एक विविधतापूर्ण लोकतंत्र है और वे भी इस पर काम कर रहे हैं। किसी भी लोकतंत्र ने किसी भी नियत समय में संपूर्णता हासिल नहीं की। किर्बी ने कहा कि लोकतंत्र का विचार यह होता है कि आप अधिक से अधिक पूर्णता प्राप्त करने का प्रयास करें.. और इसलिए हम दुनिया के दो विविधतापूर्ण, मजबूत एवं प्रभावशाली लोकतंत्र के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर काम करना जारी रखेंगे, ताकि हमारे रिश्ते और बेहतर हो सकें। उन्होंने कहा कि इसका अर्थ यह है कि ऐसा करते हुए हम संवाद भी करेंगे और इस दौरान हमारे बीच, हमारे मित्रों तथा हमारे सहयोगियों के बीच कुछ असहज संवाद भी हो सकते हैं। किर्बी ने कहा, आप ऐसा ही करते हैं। जब आप सहयोगी होते हैं, मित्र होते हैं, तब आप असहज मुद्दों पर भी बात करते हैं। एक सवाल के जवाब में किर्बी ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन दुनिया में जहां भी जाते हैं, जिस नेता से भी बात करते हैं, वे मानवाधिकारों के बारे में अपनी चिंताओं को जरूर व्यक्त करते हैं। मानवाधिकार (बाइडन) प्रशासन की विदेश नीति का बुनियादी तत्व है और आप निश्चित तौर पर यह उम्मीद कर सकते हैं कि राष्ट्रपति इसके बारे में अपनी चिंताएं जाहिर कर सकते हैं।

# आपूर्ति सुरक्षा व्यवस्था, परस्पर रक्षा खरीद समझौते भारत-अमेरिका रक्षा उद्योगों को साथ लाएंगे

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका दो क्रांतिकारी सौदों – आपूर्ति की सुरक्षा व्यवस्था (सोसा) और पारस्परिक रक्षा खरीद समझौता (आरडीपी) पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार हैं, और ऐसे में पेंटागन ने कहा है कि वार्ता पूरी होने के बाद दोनों देशों के रक्षा उद्योग एक साथ काम करेंगे। आरडीपी के तहत भारतीय उद्यमी अमेरिकी रक्षा विभाग (डीओडी) के खरीद अनुबंध कर सकेंगे और अमेरिकी कारोबारी भारतीय रक्षा मंत्रालय (एमओडी) के खरीद अनुबंध कर सकेंगे, वहीं सोसा के तहत डीओडी अमेरिकी उपकरणों के लिए भारतीय ऑर्डर दे सकेगा।

संकट की उस स्थिति में यह विशेष रूप से मददगार होगा जब किसी देश को तत्काल जरूरत है, लेकिन अमेरिकी विक्रेताओं के सामने उनके ग्राहकों के बीच किसी को प्राथमिकता देने की चुनौती हो। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने मंगलवार को पीटीआई–भाषा से कहा, दोनों समझौते दीर्घकालिक आपूर्ति श्रृंखला स्थिरता को बढ़ावा देंगे।

## अमेरिका : भारत को नाटो प्लस में शामिल करने के लिए विधेयक लाएगा सीनेट इंडिया कॉकस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वरिष्ठ सांसद मार्क वॉर्नर ने कहा कि वह भारत को नाटो प्लस का हिस्सा बनाने के लिए एक विधेयक पेश करने की योजना बना रहे हैं, जिससे चीन की बढ़ती चुनौतियों के बीच शीर्ष अमेरिकी प्रौद्योगिकी और रक्षा उपकरणों को स्थानांतरित करने में नौकरशाही के स्तर पर पेश आ रही परेशानियों को दूर किया जा सकेगा। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) प्लस (वर्तमान में नाटो प्लस 5) एक सुरक्षा व्यवस्था है, जो रक्षा और खुफिया संबंधों को बढ़ावा देने के लिए नाटो और पांच गठबंधन देशों–ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, जापान, इज़राइल व दक्षिण कोरिया को एक साथ लाती है।

# इजराइली लोगों ने हत्या का बदला लेने के लिए फलस्तीनियों के घरों, गाड़ियों में लगाई आग

**यरुशलम।** कब्जे वाले वेस्ट बैंक के एक गांव के फलस्तीनी निवासियों का कहना है कि इजराइल के सैकड़ों लोगों ने इलाके में प्रवेश किया और दर्जनों घरों तथा कारों में आग लगा दी। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले फलस्तीनी बंदूकधारियों द्वारा चार इजराइली नागरिकों की हत्या का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई। इजराइली लोगों का हमला तब हुआ जब इजरायली सेना ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में अतिरिक्त बल तैनात किए और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घातक गोलीबारी के जवाब में वहां बसाए जाने के लिए 1,000 नए घर बनाने की योजना की घोषणा की। वेस्ट बैंक में घातक लड़ाई के दिनों के बाद इस कदम ने तनाव को और बढ़ाने का खतरा पैदा कर दिया है। टरमस अय्या के निवासियों ने कहा कि करीब 400 अधिवासी शहर की मुख्य सड़क पर आए और गाड़ियों, घरों तथा पेड़ों को आग लगा दी। मेयर लफी अदीब ने कहा कि करीब 30 घर और 60 कारें आंशिक या पूरी तरह जल गईं। उन्होंने कहा, बीते घंटे में सेना के आने के बाद भी हमले तेज हो गए हैं। झड़पों के दौरान कम से कम आठ फलस्तीनी घायल हो गए। भीड़ को सेना ने रबर की गोलियां और आंसू गैस के गोले दागकर तितर-बितर करने की कोशिश की।

# शी की तुलना तानाशाह से करने वाले बाइडन के बयान को चीन ने बेतुका बताया

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की चीनी नेता शी चिनफिंग को तानाशाह करार देने संबंधी टिप्पणियों को बेहद बेतुकी और गैर-जिम्मेदाराना बताया है। इससे एक दिन पहले ही अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बीजिंग की यात्रा समाप्त की जिसे ऐतिहासिक स्तर पर कमजोर हो गए रिश्ते को सुधारने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को कहा कि कैलिफोर्निया में धन जुटाने के एक कार्यक्रम में दिए गए बाइडन के बयान पूरी तरह तथ्यों के खिलाफ और कूटनीतिक प्रोटोकॉल का गंभीर रूप से उल्लंघन करने वाले हैं। माओ ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, यह राजनीतिक रूप से उकसाने की खुल्लम-खुल्ला कार्वाई है। चीन कड़ा ऐतराज और असंतोष जताता है।

ब्लिंकन की यात्रा का उद्देश्य दोनों महाशक्तियों के बीच तनाव को कम करना था लेकिन प्रतीत होता है कि इसमें कोई ठोस परिणाम नहीं निकला।





ब्लिंकन ने इस यात्रा में शी से भी मुलाकात की थी। बाइडन ने मंगलवार रात कार्यक्रम में कहा कि पूर्वी तट पर वायु सेना द्वारा मार गिराए गए एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारे को लेकर हाल के तनाव पर शी शर्मिंदा हुए। उन्होंने कहा, तानाशाहों के लिए यह बहुत बड़ी शर्मिंदगी है, जब उन्हें पता नहीं हो कि क्या हुआ।

माओ निंग ने चीन की इस दलील को दोहराया कि यह गुब्बारा मौसम संबंधी अनुसंधान के लिए था और जाहिर है कि यह दुर्घटनावश फट गया। उन्होंने कहा, अमेरिका को इस मामले को शांतिपूर्वक और पेशेवर तरीके से सुलझाना चाहिए था। हालांकि, अमेरिका ने तथ्यों को तोड़ा-मरोड़ा और घटना को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाने के लिए बलों का प्रयोग किया जो उसके धौंस जमाने के स्वभाव को पूरी तरह प्रकट करता है। बाइडन ने पहले तानाशाह (डिक्टेटर) और युद्ध अपराधी शब्द का इस्तेमाल यूक्रेन पर रूस के हमले को लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए किया था।

शी पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (चीन) के राष्ट्रपति हैं और राष्ट्र प्रमुख, सेना के कमांडर और सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नेता के रूप में उनके कार्यकाल की कोई तय सीमा नहीं है और इस तरह उनके प्राधिकार के समक्ष कोई चुनौती नहीं है। ब्लिंकन की यात्रा पहले फरवरी में होनी थी, लेकिन गुब्बारे की घटना के बाद इसे स्थगित कर दिया गया।

यह यात्रा दोनों पक्षों के बीच उच्चस्तरीय संपर्कों की ओर लौटने को चिह्नित करती है, वहीं चीन दोनों सेनाओं के बीच वार्ता करने से इनकार करता रहता है। हाल के दिनों में, अमेरिका ने कहा है कि चीनी युद्धक विमानों और नौसैनिक जहाजों ने ताइवान जलडमरूमध्य और दक्षिण चीन सागर में अमेरिका के युद्धपोतों के लिए खतरनाक तरीके से युद्धाभ्यास किया है, जबकि उनके बीच ऐसी घटनाओं से बचने के लिए प्रोटोकॉल पर समझौते हुए हैं। ब्लिंकन की यात्रा के दौरान चीन ने ताइवान के स्वशासी द्वीपीय लोकतंत्र के लिए अमेरिका के समर्थन पर अपनी आपत्ति को दोहराया है। चीन दावा करता है कि ताइवान उसके अधिकार वाला क्षेत्र है।

# हमें भारत से रक्षा उपकरणों में विविधता लाए जाने का पूरा भरोसा : पेंटागन

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने कहा है कि अमेरिका को भारत द्वारा सैन्य उपकरणों में विविधिता लाए जाने को लेकर पूरा विश्वास है और उसका मानना है कि औद्योगिक सहयोग संबंधी वाशिंगटन का प्रस्ताव दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को एक-दूसरे के साथ और मजबूती से जोड़ने में मददगार साबित होगा। पेंटागन की उप प्रेस सचिव सबरीना सिंह ने मंगलवार को संवददाताओं से कहा कि अमेरिका अपने सभी साझेदारों और सहयोगियों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करता है कि वे रूस के साथ लेन-देन से परहेज करें।

उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा का स्वागत करते हैं। रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने दो सप्ताह पहले भारत का दौरा किया था और वहां अपने भारतीय समकक्ष (राजनाथ सिंह) से मुलाकात की थी। हम अपने साथी और साझेदार देशों से यह आग्रह करना जारी रखेंगे कि वे रूस के साथ लेन-देन से परहेज करें। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी पत्नी जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21 से 24 जून तक अमेरिका दौरे पर हैं।

सबरीना ने कहा, भारत ने अपने सैन्य उपकरणों में जो विविधता लाई है, उसमें हमें पूरा विश्वास है। औद्योगिक सहयोग का हमारा प्रस्ताव अमेरिका और भारत के रक्षा उद्योगों को भविष्य में एक-दूसरे के और करीब ले आएगा। उन्होंने कहा, हम तुर्किए, भारत और अन्य देशों के साथ इस बात तो दोहराते आए हैं। मुझे लगता है कि यहां दो अलग-अलग मामले हैं। जब भारत की बात आती है, तो हमें उसके उपकरणों से संबंधित विविधता और उसके साथ जुड़ने की अपनी क्षमता को लेकर पूरा भरोसा है।

# मास्को के बाहरी इलाके में तीन ड्रोन मार गिराए गएः रूस

**भाषा।** मास्को

**मास्को** क्षेत्र के गवर्नर आंदरेई वोरोबयोव ने बुधवार को कहा कि एक स्थानीय सैन्य इकाई के भंडारागार की ओर बढ़ रहे दो ड्रोन को शहर के बाहरी इलाके में मार गिराया गया। इस घटनाक्रम को कीव के जवाबी हमले के शुरूआती चरणों के दौरान रूस के अंदर लक्ष्यों को निशाना बनाने की यूक्रेन की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेनी सेना एक नाकाम जवाबी हमले के बाद फिर से एकजुट हो रही है और रूसी मोर्चों पर फिर से हमले करने की तैयारी कर सकती है।

रूसी मीडिया की खबर में कहा गया है कि दो ड्रोन मास्को शहर के प्रशासनिक क्षेत्र में स्थित लुकिनो गांव के पास गिरे, तीसरे ड्रोन का मलबा उस स्थान से करीब 20 किलोमीटर (12 मील) की दूरी पर पाया गया। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि मास्को क्षेत्र में उसके प्रतिष्ठानों पर यूक्रेनी शासन का यह एक असफल हमला था। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन, रूसी क्षेत्र में हमले की जिम्मेदारी आमतौर पर नहीं लेता है। उसने मार गिराए गए ड्रोन के बारे में अभी कोई टिप्पणी नहीं की है। पूर्व में, यूक्रेनी अधिकारियों ने रूसी आक्रमण के जवाब में हमले करने की बात कही थी।

रूस-यूक्रेन युद्ध फरवरी 2022 में शुरु हुआ था। पिछले साल, दिसंबर में रूस ने दावा किया था कि उसने देश के पश्चिमी हिस्से में सरातोव और रयाजान क्षेत्रों में सैन्य हवाई अड्डों को निशाना बनाने वाले ड्रोन मार गिराए हैं। अन्य ड्रोन ने रूस के अंदरूनी हिस्सों तक कथित तौर पर कई बार उड़ान भरी है।

इस बीच, रूस द्वारा नियुक्त किए गए गवर्नर सर्गेई अक्सायोनोव के अनुसार, क्रीमियाई प्रायद्वीप में बुधवार को ट्रेन यातायात अवरुद्ध हो गया। उन्होंने यह नहीं बताया कि किस कारण ऐसा हुआ, लेकिन कुछ रूसी मीडिया संस्थानों की खबरों के अनुसार, बीती रात रेल लाइन को संभवत: विस्फोट कर उड़ा दिया गया। रूस ने 2014 में क्रीमिया को अपने भूभाग में मिला लिया था। उसके इस कदम को विश्व के ज्यादातर देश अवैध मानते हैं।

# यूक्रेन में मचाई गई तबाही के लिए रूस को क्षतिपूर्ति करनी होगीः सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यहां बुधवार को यूक्रेन रिकवरी समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि इसके यूरोपीय पड़ोसी देश में मचाई गई तबाही के लिए रूस को अवश्य ही क्षतिपूर्ति करनी होगी। उन्होंने यूक्रेन को ब्रिटिश सरकार की ओर से तीन अरब अमेरिकी डॉलर की ऋण गारंटी की भी घोषणा की। सुनक ने यूक्रेन की समझ-बूझ की सराहना की और देश के ऊर्जा ग्रिड को नष्ट करने की कोशिश करने को लेकर रूस पर प्रहार किया। लंदन में यूक्रेन के साथ संयुक्त रूप से ब्रिटेन इस दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। रूस के साथ जारी संघर्ष में यूक्रेन की मदद करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने के उद्देश्य से इसका आयोजन किया जा रहा है।



सुनक ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, यह स्पष्ट है कि रूस को उस तबाही की क्षतिपूर्ति करनी होगी जो उसने की है। इसलिए हम रूसी संपत्ति के उपयोग के लिए कानूनी रास्ता तलाशने के वास्ते सहयोगियों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ब्रिटिश सरकार अपने प्रयास जारी रखेगी और मुझे गर्व है कि आज हम यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को सहयोग करने के लिए कुछ वर्षों की एक प्रतिबद्धता की घोषणा कर रहे हैं। तीन वर्षों में हम तीन अरब अमेरिकी डॉलर की ऋण गारंटी मुहैया कराएंगे। विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा ने इस नाजुक समय में यूक्रेन के लोगों को यह सहायता दिए जाने के ब्रिटिश सरकार के कदम का स्वागत किया।

विश्व बैंक के भारतीय मूल के प्रमुख ने कहा, ब्रिटेन के सहयोग को विश्व के 38 देशों के 400 से अधिक कंपनियों का समर्थन प्राप्त है। कुल 1,600 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के वार्षिक राजस्व के साथ यूक्रेन के पुनर्निर्माण में सहयोग करने का संकल्प लिया गया है। सुनक ने यूक्रेन के लिए एक नए ब्रिटेन-यूक्रेन टेक ब्रिज की भी घोषणा की, जिसका उद्देश्य निवेश को बढ़ावा देना है। उन्होंने सम्मेलन में डिजिटल माध्यम से यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का स्वागत किया, जिन्होंने एक बार फिर उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की पूर्ण सदस्यता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यूक्रेन पहले से ही यूरोपीय रक्षा व्यवस्था का एक अहम हिस्सा है। यूक्रेन का पुनर्निर्माण कर हम विश्व का निर्माण कर रहे हैं और यह आने वाली पीढ़ियों तक मौजूद रहेगा।

## भारत-ब्रिटेन साझेदारी हमारे दौर को परिभाषित करेगी: ऋषि

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने आगामी ब्रिटेन भारत सप्ताह को अपना समर्थन देते हुए बुधवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि भारत-ब्रिटेन साझेदारी हमारे दौर को परिभाषित करेगी। ब्रिटेन के तत्कालीन वित्त मंत्री सुनक पिछले साल के शिखर सम्मेलन के दौरान यूके-इंडिया अवार्ड्स में विशेष अतिथि थे। उस समय उन्होंने पहली बार अपनी भारतीय विरासत और ब्रिटिश भारतीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के बारे में बात की थी। प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट के एक बयान में सुनक (43) ने वार्षिक कार्यक्रम ब्रिटेन भारत सप्ताह को नए व्यापार संबंधों और दीर्घकालिक सहयोग के लिए उत्प्रेरक के बताया। सुनक ने कहा, इंडिया ग्लोबल फोरम का वार्षिक ब्रिटेन भारत सप्ताह हमारे दो महान देशों के द्विपक्षीय कैलेंडर में एक उच्च प्रत्याशित कार्यक्रम है। यह हमारे लोगों के लिए नए व्यापार संबंधों, स्थाई सहयोग और बेहतर भविष्य के लिए एक उत्प्रेरक है। मुझे विश्वास है कि यह साझेदारी हमारे दौर को परिभाषित करने वाली होगी। ब्रिटेन भारत सप्ताह 2023 की तैयारियां शनिवार को लंदन के नेहरू सेंटर में एक यंग लीडर्स फोरम कार्यक्रम के साथ शुरू हुईं। इसमें लंदन और विंडसर में होने वाले कार्यक्रमों में तकनीक व नवाचार से लेकर बुनियादी ढांचे व स्थिरता समेत विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Gayoor Alam, S/o. Late Ahsanullah, R/o. C-215/3, Abul Fazal Enclave-2, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have declared that my wife's name wrongfully mentioned in my Passport as Nagma Bano instead of Nazma, And my mother's name wrongfully mentioned Majida Bano instead Mofid Begum.

PD(073)A

PUBLIC NOTICE

To be known to all that my client, **SMT. ANITA TANDON W/o SH.DEEPAK TANDON R/o B-4/90/1,GROUND FLOOR,DDA FLATS, SAFDARJUNG ENCLAVE, NEW DELHI-110029** has applied for conversion of the aforesaid property from lease hold to free hold vide File No.F.8 (95) 68/HB in DDA.The original documents i.e. Possession Letter and NOC to water and electric of the above said property has been lost. An NCR/LR NO.575460/2023 dated 21.06.2023 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch, Delhi.Any person(s)claiming any right,interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9811146970 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director (LAB) Housing or Director (Housing), DDA, Vikas Sadan, New Delhi.**

Public Notice

This is to inform general public that Mr. Paras Yadav had acquired the Commercial Booth No. 109 area measuring 22.68 Sq. Mtrs., i.e., 27.12 Sq. Yds., Situated in the Colony Known as Sector- 18, Urban Estate Gurugram Tehsil & Distt- Gurugram Haryana vide Transfer Deed in Blood Relation Dated 28.04.2023, Doc no. 1220. Above said owners has misplaced the Original GPA, ATS & Will Dated 21.04.2004, Original Sale Deed dated 23.02.2016 registered as document no. 29444, SR-Gurgaon, Original Mutation Letter and Original Transfer Letter Dated 24.10.1994 of the above said property. Anyone who find the above said documents shall handover the same to the Manager, IndusInd Bank Ltd 2E/1, 3rd Floor, Jhandewalan Ext. New Delhi – 110055. Mr. Paras Yadav intends to Mortgage above said property to IndusInd Bank in case anyone has any objection, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

Public Notice

This is to inform General Public Notice that Sh. Amit Kumar Daga & Naresh Mohan Daga Jointly purchase the Second Floor Portion (Super H. I. G. Type) "said Floor" area measuring 176.51 Sq. Mtrs., Built- on Plot No. 60 Situated at Residential Colony Shamak Garden Enclave Hadbast Village- Dasna Tehsil & Distt- Ghaziabad U.P vide Sale Deed Dated 13.10.2008 with Thereafter Mr. Naresh Mohan Daga bequeathed half share in the said floor to Mr. Amit Kumar Daga Vide Will dated 30.09.2016. Now, Mr. Amit Kumar Daga intends to sell the above-said property to Mrs. Prachi Bansal and further Mrs. Prachi Bansal agreed to create a mortgage in respect of the said property in favour of our client IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

PUBLIC NOTICE

**Notice** is hereby given on behalf of **Axis Bank Ltd** that **Mrs. Meenakshi Rajput** intends to purchase & mortgage the Property Flat No. 79A, Ground Floor, Pocket AD, Pitampura, New Delhi-110034 with our client against financial assistance. Whereas Mr.KC Malhotra and Mrs. Urmila Malhotra was the owner of above said property by way of Conveyance Deed date 20.11.2014, regd. on 20.11.2014 and after their death their legal heirs I) Mrs. Nishi Sehgal & 2) Mrs. Poonam Arora **(as per Surviving Member Certificate)** becomes the joint owners of said property. Now, I) Mrs. Nishi Sehgal & 2) Mrs.Poonam Arora intends to sell the same to Mrs. Meenakshi Rajput.

If any person(s) having objection with regard to ownership/mortgage of the said property is /are requested to intimate in writing to undersigned within 07 days from the date of issue of this notice at below mentioned address. In the event no information is received within 07 days from date hereof, our Client **Axis Bank Ltd** will proceed with the mortgage process.

**MANOJ YADAV**
**ADVOCATE**
**9-B, Diwan Estate, Dwarka Mor**
**Metro Station, New Delhi-110059**
**#011-49930937 , 9810957163**

PUBLIC NOTICE

It is hereby brought to the notice of public at large that original sale deed dated 13.12.2012 executed by Mr. Madan Pujara and Mrs. Yogita Pujara, in favour of Mr. Mukesh Bindal and Mrs. Kirti Bindal bearing registration no. 18726, dated 13.12.2012, related to Entire Ground Floor Flat, having covered area 750 Sq. Feet, "said floor" constructed on Plot no.110, admeasuring 260 Sq. Yards, forming part of khasra No.68/12, in the residential colony known as Green Field Colony, situated in the revenue estate of Sarai Khawaza, Faridabad, Haryana, has been lost and not in possession of Present owner, Mr. Sukh Singh Rawat. The owner has lodged online police complaint vide LR No:645836/2021 dated 02.09.2021 and publishing this notice in this regard to create mortgage on the said floor in favour of Yes Bank Ltd. Any person (other than owner), who comes in knowledge or possession of aforementioned original registered sale deeds no.18726, may please return the same to above mentioned property address or at below mentioned address. Any person or authority dealing with the deed and / or the aforesaid Property and/or deriving any benefit by impersonation or claiming any interest in the aforesaid floor, on the basis of said original registered sale deed or in any manner whatsoever, he/she/it shall do so at his/her/its own cost, expense, liability and risk or may also send his/her/their claims in writing to the undersigned along with documentary evidence in support of the claim within 15 days from date of publication of this Notice.

**Sushil Kumar Singh (Advocate)**
F-10, LGF, Jangpura Ext., New Delhi-110014

फार्म नं. यूआरसी–2

अधिनियम के अध्याय–XXI के भाग–1 के अंतर्गत पंजीकरण के बारे में सूचना दिये जाने का विज्ञापन (कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (बी) और कम्पनी (पंजीकरण के लिए अधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) अनुसरण मे)

1. नोटिस दिया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप–धारा (2) के अनुसरण में, चौथी मंजिल, आईएफसीआई टॉवर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 में रजिस्ट्रार को एक आवेदन किया गया है। कि **वी पी लॉजिस्टिक** एक साझेदारी फर्म को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग 1 के तहत शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।

2. कंपनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं: घरेलू कार्गो माल भाड़ा अग्रेषण, माल रेल परिवहन, सड़क मार्ग से माल परिवहन, माल हवाई परिवहन, और अन्य व्यवसाय समर्थन सेवा गतिविधियों एन.ई.सी. के व्यवसाय को जारी रखने के लिए।

3. प्रस्तावित कंपनी के प्रारूप संगम और अनुच्छेद ज्ञापन की प्रतिलिपि यूनिट नंबर.–308, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर–1, वर्धमान प्रसाद प्लाजा, एमएलयू पीकेटी–6, सेक्टर–12, द्वारका, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली–110078 स्थित कार्यालय में देखी जा सकती है।

4. सूचना दी जाती है कि यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन पर आपत्ति है तो वह लिखित में अपनी आपत्ति इस सूचना की प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिनों के भीतर रजिस्ट्रार चौथी मंजिल, आईएफसीआई टॉवर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019 को भेजेगा तथा उसकी एक प्रति कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय को भी भेजेगा।

दिनांक 22 जून, 2023
आवेदक (आवेदकों) का नाम:
1.विजय पाल सिंह
2. पूरन सिंह

प्रपत्र सं. 3
[विनियम–15 (1) (क) /16 (3) देखें]
ऋण वसूली न्यायाधिकरण
चंडीगढ़ (डीआरटी 2)
प्रथम तल एससीओ 33–34–35, सेक्टर–17 ए, चंडीगढ़ (तृतीय एवं चतुर्थ तल पर भी अतिरिक्त स्पेस आबंटित)
वाद सं. : ओ.ए. /1232/2021
ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियमावली, 1993 के नियम 5 के उप–नियम (2क) के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत सम्मन
ईएक्सएच. नंबर : 17715
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
बनाम
विनय ढिल्लों

सेवा में,
(3) मैसर्स रहेजा डेवलपर्स लिमिटेड
निवासी 406, चतुर्थ तल, रेक्टेंगल–वन, डी 4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर साकेत, प्लेस, नई दिल्ली–110017
इसके प्राधिकृत अधिकारी के माध्यम से (बिल्डर)

सम्मन

जबकि, ओए/1232/2021 माननीय पीठ अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 26–04–2023 को पेश किया गया था।

जबकि, यह माननीय न्यायाधिकरण रू. 1,16,66,229/– की ऋण वसूली के लिए आपके विरूद्ध दाखिल किए गए (ओए) के संबंध में, अधिनियम की धारा 19(4) के तहत, उक्त आवेदन पर सम्मन/नोटिस जारी करने का अनुग्रह कर रहा है (दस्तावेजों इत्यादि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उप–धारा (4) के तहत आप प्रतिवादी(यों) को निम्न निर्देश भी दिया जाता है :–

i) सम्मन की तामील के तीस दिन के भीतर कारण बताएं कि प्रार्थित राहत क्यों मंजूर नहीं की जाए ;

ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों का विवरण, प्रस्तुत करें ;

iii) आप को, सम्पत्ति की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई तथा आवेदन के निस्तारण के दौरान, प्रत्याभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत विनिर्दिष्ट सम्पत्तियों तथा आस्तियों के संबंध में संव्यवहार अथवा निपटान करने की मनाही की जाती है ;

iv) आप किसी भी आस्ति जिस पर कोई प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन के क्रमांक 3क के तहत आवेदक द्वारा विनिर्दिष्ट अथवा खुलासा की गई सम्पत्तियों तथा आस्तियों का अंतरण बिक्री, पट्टा अथवा अन्य प्रकार से, आपके व्यवसाय के साधारण कोर्स को छोड़कर, न्यायाधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना, नहीं करेंगे ;

v) आप व्यवसाय के साधारण कोर्स में प्रत्याभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि का हिसाब रखने तथा ऐसी बिक्री प्राप्तियां इन आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक बैंक अथवा वित्तीय संस्थाओं में अनुरक्षित खाते में जमा करने हेतु जिम्मेदार होंगे।

आपको लिखित बयान दाखिल करने, उसकी प्रति आवदेक को मुहैया कराने तथा दिनांक 29–06–2023 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार के समक्ष पेश हाने का भी निर्देश दिया जाता है, जिसमें असफल रहने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर लगाकर 15–05–2023 को दिया गया।

सम्मन जारी करने हेतु प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर

शुद्धिपत्र

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

ऋण खाता संख्या 002105023126, 002155000039 एवं 002155000045 कर्जदार का नाम टेक्नोक्रेट्स टूलिंग प्राइवेट लिमिटेड, उमेश कुमार सिंह – निदेशक, प्रवीण राव–निदेशक, एसपीएस टेक्नोलॉजी, उमेश कुमार सिंह, रीना सिंह के संबंध में सरफासी ऐक्ट के तहत मांग सूचनाओं का प्रकाशन मांग सूचना दिनांकित 1 दिसम्बर, 2022 तथा प्रकाशन दिनांकित 24 फरवरी, 2023 के रूप में समाचार पत्र दि पायनियर (हिन्दी) तथा दि पायनियर (अंग्रेजी) क्रमानुसार में किया गया था और सांकेतिक कब्जा सूचनाओं का प्रकाशन सांकेतिक कब्जा सूचना दिनांकित 17 मार्च, 2023 तथा प्रकाशन दिनांकित 10 मई, 2023 के रूप में समाचार पत्र प्रातःकाल (हिन्दी) तथा उड़ीसा टुडे (अंग्रेजी) क्रमानुसार में किया गया था। हम वर्णित करने के इच्छुक हैं कि असावधानीवश और बिना कोई इरादा के, 13.2 एवं सांकेतिक सूचना में उक्त कर्जदारों के पता में एक टंकण त्रुटि हो गई है तथा यह फ्लैट नंबर एनजीएच–051, पार्किंग स्पेस नंबर पीओएच–025 सहित, 5वां तल, टावर–एच, न्यू टाउन हाइट्स, सेक्टर–90, राजस्व सम्पदा ग्राम हयातपुर, तहसील और जिला–गुरूग्राम के स्थान पर फ्लैट नंबर एनजीएच 051, 5वां तल, टावर–एच, न्यू टाउन हाइट्स, सेक्टर–90, गुरूग्राम वर्णित किया गया है। हम अतएव, आपसे उसको फ्लैट नंबर एनजीएच–051, पार्किंग स्पेस नंबर पीओएच–025 सहित, 5वां तल, टावर–एच, न्यू टाउन हाइट्स, सेक्टर–90, राजस्व सम्पदा ग्राम हयातपुर, तहसील और जिला–गुरूग्राम के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं।

दिनांकित : 22–06–2023 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : गुरूग्राम — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

SBFC
SBFC Finance Limited
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

सार्वजनिक सूचना

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोने के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स लि. द्वारा दिनांक **28 जून 2023** को क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली जिला शाखा ए–86, प्रथम तल, अर्जुन नगर, भीष्म पितामह मार्ग, अपोजिट डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024ए फरीदाबाद जिला: शाखा डी–2, पहली मंजिल, एन.आई.टी., 1–2 चौक के पास, फरीदाबाद, हरियाणा–121001 गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर-5,ग्राउंड फ्लोर,वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर-101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा-201304 गाजियाबाद जनपद शाखा 2बी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड़-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में अस्मर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।

**GURUGRAM:** AP00142922,AP00327410,AP00334160,AP00429999,AP00430161,AP00448159, AP00514136,AP00521931,AP00522638 **KOTLA MUBARAKPUR:** AP00417844,AP00423858, AP00430576,AP00458725,AP00466448,AP00477434,AP00485103,AP00493510,AP00520498, AP00520501,AP00521499,AP00527146 **LAXMI NAGAR:** AP00121714,AP00420800,AP00423232, AP00430622,AP00431015,AP00433590,AP00460613,AP00478093,AP00481446,AP00495312, AP00518737,AP00519499,AP00519679,AP00520907 **ROHINI:** AP00392905,AP00520368, AP00521393,AP00521985,AP00525233 **FARIDABAD:** AP00175965,AP00192718,AP00197822, AP00200219,AP00203473,AP00209555,AP00256718,AP00281365,AP00311006,AP00320560, AP00333795,AP00338411,AP00339524,AP00342764,AP00350321,AP00353891,AP00359809, AP00363352,AP00370316,AP00413072,AP00421434,AP00422708,AP00431716,AP00437731, AP00437827,AP00437847,AP00447536,AP00458071,AP00466896,AP00467752,AP00468956, P00472920,AP00476319,AP00478383,AP00479593,AP00501614,AP00504311,AP00504480, AP00522410,AP00522429 **GHAZIABAD:** AP00324672,AP00339230,AP00414599,AP00414681, AP00423186,AP00431486,AP00432488,AP00447429,AP00478005,AP00484612,AP00521514 **HAPUR:** AP00351008,AP00378657,AP00378826,AP00380340,AP00404188,AP00422071, AP00438367,AP00449218,AP00477078,AP00477452,AP00494152,AP00521889 **NOIDA:**AP00408172,AP00437446,AP00480197

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:
एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड
संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207, फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037 नॉएडा: 8368589407,

एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है

# आदिपुरुष के संवादों में बदलाव किया गया

**भाषा।** मुंबई

**आदिपुरुष** के निर्माताओं ने फिल्म के कुछ संवादों में बदलाव किया है। रामायण पर आधारित इस फिल्म को इसके खराब संवाद और विजुअल इफेक्ट्स की खराब गुणवत्ता के लिए लोगों द्वारा आलोचना की जा रही थी।

विवादों में घिरी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छी शुरुआत की थी लेकिन सोशल मीडिया पर आलोचनात्मक टिप्पणी के चलते इसकी कमाई में काफी गिरावट दर्ज की गई। यह फिल्म, अब बदले हुए संवादों के साथ सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है।

शुक्रवार को देशभर में हिंदी, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और तमिल में रिलीज हुई आदिपुरुष में प्रभास राघव (राम), कृति सेनन जानकी (सीता) और सैफ अली खान लंकेश (रावण) की भूमिका में हैं।

ओम राउत द्वारा निर्देशित और टी-सीरीज़ द्वारा निर्मित बहुभाषी फिल्म आदिपुरुष की इसके खराब वीएफएक्स और संवादों के लिए सोशल मीडिया पर आलोचना की गई। वहीं इसके संवाद लेखक मनोज मुंतशिर शुक्ला लंका दहन के दौरान भगवान हनुमान के संवादों को लेकर निशाने पर हैं। उक्त दृश्य में, हनुमान के चरित्र के संवाद की पंक्तियां थीं: कपड़ा तेरे बाप का तो जलेगी भी तेरे बाप की। अब इसे बदलकर कपड़ा तेरी लंका का... तो जलेगी भी तेरी लंका कर दिया गया है। शुक्ला ने रविवार को घोषणा की थी कि निर्माता कुछ संवादों को संशोधित करने के



लिए तैयार हैं और इस सप्ताह तक फिल्म में संशोधित पंक्तियां जोड़ दी जाएंगी।

शुक्ला ने एक लंबी पोस्ट में अपना बचाव भी किया था। शुक्ला ने रविवार को अपने ट्विटर अकाउंट पर जारी बयान में कहा था, मैं अपने संवाद के पक्ष में अनगिनत तर्क दे सकता हूं, लेकिन इससे आपका दर्द कम नहीं होगा। मैंने और फिल्म के निर्माता-निर्देशक ने फैसला किया है कि हम कुछ ऐसे संवाद में बदलाव करेंगे, जो आपको तकलीफ दे रहे हैं और उन्हें इस सप्ताह फिल्म में जोड़ा जाएगा। उन्होंने लिखा, हो सकता है, 3 घंटे की फिल्म में मैंने 3 मिनट कुछ आपकी कल्पना से अलग लिख दिया हो, लेकिन आपने मेरे मस्तक पर सनातन-द्रोही लिखने में इतनी जल्दबाज़ी क्यों की, मैं जान नहीं पाया। उन्होंने लिखा, आदिपुरुष में 4000 से भी ज़्यादा पंक्तियों के संवाद मैंने लिखे, 5 पंक्तियों पर कुछ भावनाएँ आहत हुईं। उन सैकड़ों पंक्तियों में जहाँ श्री राम का यशगान किया, माँ सीता के सतीत्व का वर्णन किया, उनके लिए प्रशंसा भी मिलनी थी, जो पता नहीं क्यों मिली नहीं।

कथित तौर पर 500 करोड़ रुपए के बजट पर बनी इस फिल्म के पीछे रहे स्टूडियो टी-सीरीज ने बुधवार को ट्वीट किया कि फिल्म ने पांच दिनों में 395 करोड़ रुपए की कमाई की है। हालांकि इन आधिकारिक आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सोमवार और मंगलवार को कमाई के आंकड़े फिल्म के शुरुआती सप्ताहांत में कमाई की तुलना में काफी कम हैं: पहले दिन 140 करोड़ रुपए, उसके बाद दूसरे और तीसरे दिन 100-100 करोड़ रुपए। इसके विपरीत, आदिपुरुष ने सोमवार को 35 करोड़ रुपए और मंगलवार को 20 करोड़ रुपए कमाए। प्रोडक्शन बैनर ने बुधवार को यह भी घोषणा की कि दर्शक अब बृहस्पतिवार और शुक्रवार को 150 रुपए की कम कीमत पर फिल्म देख सकते हैं।



सियाचिन ग्लेशियर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते सेना के जवान।

## रेलवे बोर्ड का साधारण डिब्बों में सुविधाएं देने का निर्देश

**भाषा।** नई दिल्ली

**रेलवे** बोर्ड ने गर्मियों के मौसम में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभी रेलवे जोन को पत्र लिखकर सामान्य श्रेणी के डिब्बों में सभी मूलभूत सुविधाएं सनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

रेलवे बोर्ड का यह पत्र ट्रेनों के सामान्य श्रेणी के डिब्बों में यात्रियों की भारी भीड़ होने की तस्वीरें सोशल मीडिया मंचों पर आने के बाद जारी हुआ है। रेलवे बोर्ड में सदस्य (परिचालन एवं व्यापार विकास) जया वर्मा सिन्हा की तरफ से लिखे गए इस पत्र में रेलवे जोन के महाप्रबंधकों को ट्रेनों, खासकर साधारण डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया है।

सामान्य श्रेणी के डिब्बे सभी मेल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों के अगले और पिछले छोर पर ही होते हैं। इस वजह से कई स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर उन्हें पीने के पानी एवं खानपान की दुकानों जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पाती हैं।

सभी रेलवे जोन के महाप्रबंधकों को ट्रेनों के प्रत्एक ठहराव पर किफायती खाना, पेयजल और अनारक्षित डिब्बों के पास वेंडिंग ट्रॉली की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सेवा गुणवत्ता में सुधार के लिए नियत स्टेशनों पर सामान्य श्रेणी के डिब्बों की सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## कर्नाटक के मंदिरों में वरिष्ठ नागरिकों को सीधे दर्शन होंगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को लगभग 358 राज्य-संचालित मंदिरों में दर्शन के लिए कतार में लगने की आवश्यकता नहीं होगी और उन्हें प्रार्थना करने के लिए सीधे प्रवेश मिलेगा। मुजराई विभाग ने बुधवार को इस संबंध में परिपत्र जारी किया। विभाग ने यह निर्णय ऑल कर्नाटक हिंदू टेंपल्स अर्चाकारा, अगामीकारा और उपधिवंता फेडरेशन की एक याचिका पर लिया है। जिसने इस पीड़ा को रेखांकित किया कि वरिष्ठ नागरिकों को विभाग के तहत आने वाले श्रेणी ए (202) और श्रेणी बी मंदिरों में कतार में खड़े होने पड़ता है। राज्य के कई प्रमुख मंदिर जैसे दक्षिण कन्नड़ में कुक्के श्री सुब्रह्मण्य मंदिर, बेलगावी में रेणुका एल्लम्मा मंदिर, इन श्रेणियों के अंतर्गत आते हैं। मुजराई आयुक्त द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया, हाल के दिनों में विभाग के अंतर्गत आने वाले मंदिरों में पहुंचने वाले भक्तों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए कतार में खड़े होकर इंतजार करना मुश्किल हो गया।

## एटीएस ने पाकिस्तानी महिला एजेंट को बनाया सह-आरोपी

**पुणे।** महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने यहां एक अदालत को सूचित किया है कि उसने एक पाकिस्तानी महिला एजेंट को मामले में सह-आरोपी बनाया है जिसने डीआरडीओ के वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर को कथित तौर पर मोहपाश में फंसाया था। एटीएस ने वैज्ञानिक का साइकोएनालिसिस परीक्षण करने की भी इजाजत मांगी है। कुरुलकर पुणे में रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला के निदेशक थे। उन्हें एटीएस ने तीन मई को एक पाकिस्तानी महिला खुफिया एजेंट को गोपनीय जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। महिला जारा दासगुप्ता के छद्म नाम से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रही थी और वह कुरुलकर के संपर्क में थी। एजेंट के आईपी एड्रेस के पाकिस्तानी होने का पता चलने के बाद एटीएस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) में जारा दासगुप्ता का नाम जोड़ा। एटीएस ने अब प्राथमिकी में सरकारी गोपनीयता अधिनियम की धारा चार को भी जोड़ा है जो कुछ अपराधों में सबूत के रूप में, विदेशी एजेंटों के साथ संचार से संबंधित है। एटीएस के मुताबिक, डीआरडीओ वैज्ञानिक व्हाट्सऐप और वीडियो कॉल के जरिए पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में था। एजेंसी ने कुरुलकर पर वॉयस लेयर एंड साइकोलॉजिकल एनालिसिस टेस्ट करने की अनुमति मांगते हुए अदालत में एक आवेदन भी प्रस्तुत किया है और इसके लिए उनकी अस्थाई हिरासत की मांग की है। इसके अतिरिक्त, एटीएस ने पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के लिए कुरुलकर की सहमति मांगी है।



नागपुर में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और गोविंददेव गिरिजी महाराजमाधव नेत्रालय द्वारा आयोजित पुस्तक नेत्र संजीवनी के विमोचन और सम्मान समारोह के दौरान।

## जो देश नहीं चाहते की भारत प्रगति करे, वे समाज को बांटने को प्रयास कर रहे : भागवत

**भाषा।** नागपुर

● जब तक हम एकजुट है, तब तक दुनिया में ऐसी कोई ताकत नही है जो हमें हरा सके

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि जो देश भारत की प्रगति नहीं चाहते, वे यहां के समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। नागपुर के जगन्नाथ मंदिर में मंगलवार को दर्शन करने के बाद उन्होंने कहा, राक्षसी ताकतें भारत की प्रगति का विरोध करती हैं और आंतरिक कलह भड़काकर परेशानी खड़ी करने पर तुली हुई हैं।

भागवत ने एक दूसरे के साथ सद्भाव से रहने के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, जब तक हम एकजुट हैं, तब तक दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो हमें हरा सके। यही कारण है वे हमें तोड़ने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, कुछ देश जो नहीं चाहते कि भारत आगे बढ़े, वे समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत आगे बढ़ रहा है लेकिन कुछ राक्षसी ताकतें हैं जो भारत की प्रगति को पसंद नहीं करती हैं। उन्होंने कहा, ए राक्षसी ताकतें लोगों के बीच दुश्मनी पैदा करने के लिए विभिन्न मुद्दों का इस्तेमाल कर रही हैं।

## पाठ्यपुस्तकों से डारविन का सिद्धांत नहीं हटाया गया: धर्मेंद्र

**भाषा।** पुणे

**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों से चार्ल्स डारविन के विकासवाद के सिद्धांत को हटाए जाने संबंधी आशंकाओं को दूर करने का प्रयास करते हुए कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। प्रधान ने मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे शहर के भंडारकर ओरिएंटल रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयोजित एक कार्यक्रम में यह दावा किया। उन्होंने कहा, इन दिनों चर्चा है कि एनसीईआरटी ने डारविन के विकासवाद के सिद्धांत को विज्ञान की किताबों से हटा दिया है और आवर्त सारणी (पीरियॉडिक टेबल) को भी पाठ्यपुस्तकों में जगह नहीं दी है, लेकिन मैं यहां सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना चाहूंगा कि ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। प्रधान ने कहा कि विवाद के गहराने के बाद उन्होंने एनसीईआरटी से बात की और इस संबंध में विवरण मांगा। एनसीईआरटी एक स्वायत्त संस्था है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, उनके (एनसीईआरटी) मुताबिक, विशेषज्ञों ने सुझाव दिया था कि कोविड-19 महामारी के दौरान दोहराव वाले कुछ हिस्सों को हटाया जा सकता है और बाद में उन्हें वापस लाया जा सकता है। इसलिए, कक्षा आठ और नौ के पाठ्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कक्षा 10 की पाठ्यपुस्तक में विकासवाद के सिद्धांत से जुड़े कुछ हिस्से पिछले साल हटाए गए थे। लेकिन कक्षा 11 और कक्षा 12 के पाठ्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। प्रधान ने कहा कि एक विचार है कि जो छात्र कक्षा 10 के बाद विज्ञान की पढ़ाई नहीं करेंगे, वे डारविन के विकासवाद के सिद्धांत से संबंधित कुछ विशिष्ट पहलुओं के ज्ञान से वंचित रह जाएंगे, जो कि एक स्वीकार्य चिंता है। उन्होंने कहा, आवर्त सारणी कक्षा नौ में पढ़ाई जाती है और यह कक्षा 11 व 12 की पाठ्यपुस्तकों में भी शामिल है। एनसीईआरटी के मुताबिक, (विकासवाद के सिद्धांत से जुड़े) एक या दो उदाहरण हटाए गए थे। लेकिन मैं आपको आश्वस्त करना चाहूंगा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की जा रही है और इस नीति के अनुसार नई पाठ्य पुस्तकें तैयार का जा रही हैं।

## क्विक न्यूज

### सीबीआई जांच पूरी होने का इंतजार करें: ओडिशा ट्रेन दुर्घटना की वजह पर रेल मंत्री

**कोलकाता।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि लोगों को ओडिशा के बालासोर मे तीन ट्रेन से जुड़े हादसे का कारण जानने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच पूरी होने की प्रतीक्षा करना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों से अफवाहों पर ध्यान नही देने को कहा और जोर दिया कि सच्चाई सामने आना चाहिए। रेल मंत्री ने कहा, यह बहुत ही संवेदनशील मामला है। हमें वास्तविक तथ्य जानना चाहिए। हमें तकनीकी मूल कारण जानना चाहिए। सीबीआई की प्राथमिक जांच पूरी होने दीजिए। इसके बाद हम भविष्य के कदमों के बारे मे फैसला करेंगे। सीबीआई को दुर्घटना की जांच करने के लिए कहा गया था, जो भारतीय रेलवे के इतिहास में सबसे भीषण दुर्घटनाओं मे से एक है। यह दुर्घटना तब हुई जब कोरोमंडल एक्सप्रेस दो जून को शाम करीब सात बजे एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे ट्रेन के अधिकतर डिब्बे पटरी से उतर गए। उसी समय दूसरी लाइन से गुजर रही बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस के अंतिम के कुछ डिब्बे भी पलट गईं।

### आरवीएनएल के पूर्व प्रमुख सतीश अग्निहोत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला बंद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने लोकपाल द्वारा रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के पूर्व प्रमुख सतीश अग्निहोत्री के खिलाफ भेजे गए कथित भ्रष्टाचार के मामले को बंद कर दिया है क्योंकि जांच के दौरान उन्हें अभियोजित करने के लिए कोई साक्ष्य नही मिला। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। अग्निहोत्री को रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) से उनकी सेवानिवृत्ति के बाद, 2021 मे नेशनल हाई स्पीड रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) का प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया गया था, जो सरकार की महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना को संचालित कर रही है। लोकपाल द्वारा उनके खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश दिए जाने के बाद जुलाई 2022 मे उन्हे पद से हटा दिया गया। सीबीआई ने उनके खिलाफ आपराधिक साजिश से संबद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की थी। अधिकारियों ने बताया कि एजेसी ने जांच के दौरान अग्निहोत्री के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नही पाया। लोकपाल के आदेश पर अग्निहोत्री के खिलाफ 26 सितंबर 2022 को मामला दर्ज किया गया था। लोकपाल को दी गई अपनी दलील मे उन्होंने अपने खिलाफ आरोपों को प्रेरित बताते हुए व्यापक रूप से जवाब दिया था। अग्निहोत्री ने अपनी विस्तृत दलील में कहा था कि एनएचएसआरसीएल का उनके प्रबंध निदेशक नियुक्त होने के बाद शिकायतकर्ता ने ए आरोप लगाने शुरू किए थे। पूर्व अधिकारी ने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता व्हाट्सऐप आदि के जरिए उन्हें और उनके परिवार के सदस्यो को धमकी दे रहा है।

### संजय राउत के करीबी के घर पर ईडी के छापे

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति सुजीत पाटकर और अन्य के खिलाफ कथित कोविड केंद्र घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में बुधवार को मुंबई में 15 स्थानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पाटकर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के करीबी माने जाते है। अधिकारी ने कहा कि कथित अस्पताल प्रबंधन ठेका घोटाले के सिलसिले मे युवा सेना (ठाकरे) की कोर समिति के सदस्य सूरज चव्हाण के आवास पर और बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के कुछ अधिकारियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी संजीव जायसवाल सहित अन्य लोगो के परिसरो पर यह छापेमारी की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि पाटकर और उनके तीन साझेदारों ने महामारी के दौरान कोविड-19 क्षेत्र अस्पतालो के प्रबंधन के लिए बीएमसी के ठेके कथित रूप से फर्जी तरीके से हासिल किए थे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 अस्पताल प्रबंधन के ठेको के संबंध मे बीएमसी के कुछ अधिकारियों और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी संजीव जायसवाल सहित अन्य लोगो के परिसरों पर ए छापेमारी की जा रही है। ईडी के दल ने पाटकर, जायसवाल और चव्हाण के क्रमशः सांताक्रूज, बांद्रा और चेंबूर स्थित आवासो पर छापे मारे। ईडी के अधिकारी पिछले कई घंटे से बांद्रा मे जायसवाल के आवास पर है। चव्हाण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपना परिचय शिवसेना के सचिव और युवा सेना की कोर समिति के सदस्य के रूप में दिया है। शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता सचिन अहीर ने छापो को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सवाल उठाया कि क्या राजनीतिक प्रतिशोध की मंशा है। मुंबई पुलिस ने लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज कंपनी, पाटकर और उनके तीन सहयोगियो के खिलाफ पिछले साल अगस्त में जालसाजी का मामला दर्ज किया गया था। अधिकारी ने कहा कि दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान थाने मे दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने धनशोधन के पहलू से जांच के लिए मामला दर्ज किया था। बीएमसी आयुक्त इकबाल सिंह चहल महामारी के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं के ठेके देने में कथित अनियमितताओं के संबंध में इस साल जनवरी में ईडी के सामने पेश हुए थे।

## मणिपुर की हिंसा ने राष्ट्र की आत्मा पर गहरा आघात किया: सोनिया

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मणिपुर में हिंसा पर दुख जताते हुए बुधवार को कहा कि इसने राष्ट्र की अंतरात्मा पर गहरा आघात किया है।

उन्होंने प्रदेश के लोगों से शांति एवं सौहार्द की अपील की और उम्मीद जताई कि मणिपुर के लोग इस त्रासदी से उबरेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने एक वीडियो संदेश में कहा, मणिपुर के प्रिय भाइयों और बहनों, पिछले लगभग 50 दिनों से हम मणिपुर में एक बड़ी मानवीय त्रासदी देख रहे हैं। इस हिंसा ने आपके राज्य में हजारों लोगों का जीवन उजाड़ दिया है।

उन्होंने कहा कि इस घटना ने राष्ट्र की अंतरात्मा पर एक गहरा आघात किया है। उनका कहना था, मेरी उन सभी के प्रति गहरी संवेदना हैं जिन्होंने इस हिंसा में अपनों को खोया है। मुझे यह देखकर बेहद दुख होता है कि लोग उस जगह को छोड़कर जाने के लिए मजबूर हैं जिसे वे अपना घर कहते हैं। अपने जीवन भर का बनाया हुआ सब कुछ पीछे छोड़ जाते हैं। शांतिपूर्वक एक दूसरे के साथ रहने वाले हमारे भाई-बहनों को एक-दूसरे के खिलाफ होते देखना बहुत दुखद है। सोनिया गांधी के मुताबिक, मणिपुर के इतिहास में विभिन्न जाति,



धर्म और पृष्ठभूमि के लोगों को गले लगाने की शक्ति और क्षमता है। यह एक विविध समाज की संभावनाओं का प्रमाण है। भाईचारे की भावना को जिंदा रखने के लिए विश्वास और सद्भावना की जरूरत होती है, वहीं नफरत और विभाजन की आग को भड़काने के लिए सिर्फ एक गलत कदम की। उन्होंने कहा, आज हम एक निर्णायक मोड़ पर खड़े हैं। किसी भी राह पर चलने का हमारा चुनाव एक ऐसे भविष्य को आकार देगा जो हमारे बच्चों को विरासत में मिलेगा। मैं मणिपुर के लोगों, विशेष रूप से अपनी बहादुर बहनों से यह अपील करती हूं कि वे इस खूबसूरत धरती पर शांति और सद्भाव की राह का नेतृत्व करें। उन्होंने कहा, एक मां के रूप में मैं आपके दर्द को समझती हूं। मैं आप सभी से यह निवेदन करती हूं कि अपनी अंतरात्मा की आवाज को पहचानें।

## भाजपा-जजपा गठबंधन पर अभी कोई संशय नहीं : दुष्यंत चौटाला

**भिवानी।** हरियाणा के सत्तारूढ़ गठबंधन में खींचतान की अटकलों के बीच उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को कहा, अभी कोई संशय नहीं है और फिलहाल सब ठीक है। चौटाला यहां चरखी दादरी नई अनाज मंडी में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जननायक जनता पार्टी (जजपा) गठबंधन में रार की अटकलों पर उन्होंने कहा, अभी कोई संशय नहीं है। गठबंधन सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए जनहित में काम किया और आगे भी ऐसा करती रहेगी। हम चुनाव की घोषणा के बाद ही गठबंधन पर चर्चा करेंगे, फिलहाल सब ठीक है। कांग्रेस-इनेलो के बीच गठबंधन की चर्चा पर चौटाला ने कहा, पिछले छह महीने से हम ऐसी चर्चा सुन रहे हैं...। उन्होंने कहा कि भाजपा और जजपा अपने-अपने स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सब्जी मंडी की मार्केटिंग फीस माफ कर दी है और यह निर्णय व्यापारियों की मांग पर लिया गया है और इसका फायदा प्रदेश में फल और सब्जियों के हजारों विक्रेताओं को मिलेगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि चरखी दादरी में नया बस स्टैंड, मेडिकल कॉलेज और पुलिस लाइन के निर्माण के लिए करीब 100 एकड़ जमीन की तलाश की जा रही है।

## सेंसेक्स 63,523 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर

**भाषा।** मुंबई

**यूरोपीय** बाजारों के सकारात्मक संकेतों के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी के शेयरों में लिवाली से मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 195.45 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 63,523.15 के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 260.61 अंक उछलकर 63,588.31 के दिन में कारोबार के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। इसके पहले गत वर्ष एक दिसंबर को सेंसेक्स कारोबार के दौरान 63,583.07 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 40.15 अंक यानी 0.21 प्रतिशत बढ़कर 18,856.85 के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी ने दिन में कारोबार के दौरान 18,875.90 के उच्चतम स्तर को भी छुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड में सर्वाधिक 3.68 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि एचडीएफसी बैंक 1.71 प्रतिशत और एचडीएफसी 1.66 प्रतिशत चढ़ गए। टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो भी बढ़त दर्ज करने में सफल रहीं। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में सर्वाधिक 1.59 प्रतिशत की गिरावट रही। आईटीसी, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस और मारुति सुजुकी के शेयर भी गिरकर बंद हुए। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के चेयरमैन राकेश मेहता ने कहा, वैश्विक मोर्चे पर तमाम चुनौतियों के बावजूद सेंसेक्स का नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचना अच्छी बात है। हम जून तिमाही के नतीजों का इस उम्मीद के साथ इंतजार कर रहे हैं कि ए काफी हद तक अपेक्षाओं के अनुरूप ही होंगे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, सेंसेक्स का अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचना शेयर बाजारों में वैश्विक स्तर पर जारी तेजी के अनुरूप है। अधिकांश बाजार इस समय 52 सप्ताह के उच्चस्तर पर हैं। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.68 प्रतिशत चढ़ गया जबकि स्मालकैप में 0.24 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय में लगातार बढ़ोतरी जारी रहने के अलावा अप्रैल से विदेशी निवेशकों के वापस लौटने से भी मानक सूचकांक नई ऊंचाइयों पर पहुंचे हैं जो निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है।

## फर्जी प्रमाणपत्र लगाने वाले 77 शिक्षकों पर मामला दर्ज, सेवा समाप्त

**भाषा।** मुरैना (मप्र)

**मध्य** प्रदेश के मुरैना जिले में संविदा शिक्षक वर्ग-3 की भर्ती में फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र लगाकर सरकारी नौकरी हासिल करने वाले 77 अभ्यर्थियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह जानकारी एक अधिकारी ने बुधवार को दी।

मुरैना के जिला शिक्षा अधिकारी ए के पाठक की शिकायत पर मंगलवार की देर रात इन शिक्षकों के खिलाफ यहां सिटी कोतवाली में धोखाधड़ी एवं कूटरचित दस्तावेज लगाने के लिए यह प्राथमिकी दर्ज की गई और इन सभी की सेवा समाप्त कर दी गई है।

पाठक ने मीडिया को बताया कि मध्य प्रदेश में संविदा शिक्षक वर्ग-3 की भर्ती परीक्षा में दिव्यांगों के लिए आरक्षित 750 पदों में से 450 पर मुरैना के दिव्यांगों की भर्ती होने का मामला सामने आया। उनके अनुसार इसके बाद कुछ निशक्त जनों ने लोक शिक्षण संचालनालय में फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र द्वारा शिक्षक बनने की शिकायत की थी।

उन्होंने कहा कि लोक शिक्षण संचालनालय आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव के निर्देश पर मुरैना जिलाधिकारी अंकति अस्थाना द्वारा कराई गई जांच में 77 प्रमाण पत्र फर्जी निकले थे, जिनकी सेवा समाप्त करने के आदेश जारी हो चुके हैं।

पाठक ने बताया कि जिन लोगों ने फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र से नौकरी हासिल की, ऐसे 77 लोगों के खिलाफ बुधवार को मुरैना सिटी कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करवा दी गई है। मुरैना सिटी कोतवाली थाने के प्रभारी योगेंद्र जादौन ने कहा कि शिक्षक नौकरी में फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र लगाने वाले 77 शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है और विस्तृत जांच जारी है।

### पंजाब पुलिस ने आईएसआई समर्थित तस्करी मॉड्यूल के भंडाफोड़ का दावा किया

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बुधवार को दावा किया कि उसने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का समर्थन प्राप्त तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर इसके दो सदस्यों को मोहाली से गिरफ्तार किया है।

मोहाली में राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक अश्विनी कपूर ने कहा कि पुलिस ने दोनों के कब्जे से 10 कारतूस और दो पिस्तौल भी बरामद की है।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान मोगा के कोट इसे खान गांव के निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोरा उर्फ अरमान चौहान और राजस्थान के श्रीगंगानगर के रहने वाले रोहित सिंह के रूप में हुई है।

## प्रधानमंत्री ने जी-20 प्रतिनिधियों को 2024 में लोकतंत्र के उत्सव का गवाह बनने के लिए आमंत्रित किया

**भाषा।** पणजी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने अतिथि देवो भव के लोकाचार पर जोर देते हुए बुधवार को जी-20 प्रतिनिधियों को 2024 के आम चुनावों के दौरान भारत आने और लोकतंत्र के उत्सव का गवाह बनने के लिए आमंत्रित किया।

गोवा में बुधवार को जी-20 पर्यटन मंत्रिस्तरीय बैठक के उद्घाटन सत्र में मोदी का एक रिकॉर्डेड संदेश प्रसारित किया गया। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि आतंकवाद विभाजित करता है, लेकिन पर्यटन एकजुट करता है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि विचार-विमर्श और गोवा प्रारूप के जरिए पर्यटन की परिवर्तनकारी शक्ति को साकार किया जा सकेगा और इसमें सामूहिक प्रयासों को महत्वपूर्ण योगदान होगा। गोवा प्रारूप और कार्य योजना पर एक मंत्रिस्तरीय विज्ञप्ति बृहस्पतिवार को यहां जी-20 मंत्रिस्तरीय बैठक के अंत में जारी की जाएगी। मोदी ने कहा, भारत के जी-20 की अध्यक्षता का आदर्श वाक्य वसुधैव कुटुम्बकम और एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य अपने आप में वैश्विक पर्यटन का आदर्श वाक्य हो सकता है। अपने संबोधन में उन्होंने पर्यटन के गुणों और लोगों को एकजुट करने की इसकी क्षमता की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ऐसा कहा जाता है कि आतंकवाद बांटता है, लेकिन पर्यटन एकजुट करता है। पर्यटन में जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों को एकजुट करने की क्षमता है, जिससे एक सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण होता है।

भारत में वर्ष 2024 में होने वाले अगले आम चुनाव का उल्लेख करते हुए मोदी ने जी-20 प्रतिनिधियों को लोकतंत्र की जननी में लोकतंत्र के उत्सव को देखने के लिए देश आने का न्योता दिया। उन्होंने कहा, करीब 10 लाख मतदान केंद्रों के साथ, आपके लिए इस त्योहार को देखने के लिए स्थानों की कोई कमी नहीं होगी।

वर्ष 2014 के आम चुनावों में कुछ टूर ऑपरेटरों ने भारत में चुनावी पर्यटन की पेशकश की थी। विदेशी पर्यटकों के विभिन्न समूहों को चुनाव प्रचार के दौरान वाराणसी और अन्य स्थानों पर ले जाया गया था।

# भारत ने पाकिस्तान को 4-0 से रौंदा





## सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप में सुनील छेत्री की हैट्रिक

भाषा। बेंगलुरू

**सुनील** छेत्री की हैट्रिक की मदद से भारत ने सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप में बुधवार को अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 4 – 0 से हराया। इसके साथ ही छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे एशियाई खिलाड़ी बन गए। ईरान के अल देइ के 149 मैचों में 109 गोल हैं जबकि छेत्री के अब 90 गोल हो गए हैं।

भारत ने मैच की शुरूआत से ही अपना फॉर्म और अनुभव दिखाना शुरू कर दिया था। वर्षा से प्रभावित मैच में पाकिस्तानी टीम भारत के सामने कहीं ठहर ही नहीं रही थी। छेत्री ने रविवार को भुवनेश्वर में लेबनान के खिलाफ इंटर कांटिनेंटल कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद अपने घरेलू मैदान पर भी बेहतरीन खेल दिखाया। भारत ने दसवें मिनट में छेत्री के फील्ड गोल के दम पर बढत बनाई। छह मिनट बाद छेत्री ने पेनल्टी पर गोल करके बढत दुगुनी कर दी। पहले हाफ में भारत के और भी गोल होते लेकिन पाकिस्तानी डिफेंस मुस्तैद हो गया था और भारत ने भी कुछ मौके गंवाए। भारत ने पहले हाफ में बढत जरूर बनाई लेकिन पाकिस्तानी खिलाड़ी को थ्रो इन से रोकने के गैर जरूरी प्रयास में कोच इगोर स्टिमक को लालकार्ड दिखाया गया और उन्हें डगआउट छोड़कर जाना पड़ा। इसके बावजूद भारत ने दूसरे हाफ में लय नहीं खोई। भारत ने 74वें मिनट में तीसरा गोल किया और इस बार भी गोल करने वाले भारतीय कप्तान छेत्री ही थे। उदांता सिंह ने 81वें मिनट में एक और गोल करके पाकिस्तान की सारी उम्मीदें तोड़ दी। छेत्री ने मैच के बाद कहा , इस शुरूआत से खुश हूं। इस तरह के हालात में मैच आसान नहीं होते। मुझे खुशी है कि दर्शक मैच देखने आए। श्री कांतीर्वा स्टेडियम पर मैच देखने के लिए 22860 दर्शक जमा थे जो बारिश के बीच भी टीम की हौसलाअफजाई करते रहे। भारत का सामना अब शनिवार को नेपाल से होगा।

### भारतीय कोच इगोर स्टिमक को मिला रेडकार्ड

**बेंगलुरू।** भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी मैच नाटकीयता के बिना पूरा नहीं होता। सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के दौरान दोनों टीमों के बीच श्री कांतीर्वा स्टेडियम पर बुधवार को हुए मैच में भी तनाव कम नहीं था। बारिश के बीच खेले गए पहले हाफ में सुनील छेत्री के दो गोल के दम पर भारत ने 2 . 0 से बढत बना ली लेकिन भारत के कोच इगोर स्टिमक की एक गलती ने तनाव बढा दिया। बेहद अनुभवी कोच स्टिमक ने उस समय दखल दिया जब पाकिस्तान के अब्दुल्ला इकबाल थ्रो इन की तैयारी में थे। स्टिमक ने खिलाड़ी से गेंद रोकने की कोशिश की जिसकी पाकिस्तानी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने निंदा की। रैफरी प्रज्वल छेत्री और अन्य मैच अधिकारियों को दोनों पक्षों को अलग करने के लिए दखल देना पड़ा। इसके बाद स्टिमक को लालकार्ड दिखाया गया क्योंकि फुटबॉल के नियमों के तहत विरोधी खिलाड़ी की कार्वाई में जान बूझकर बाधा पहुंचाने पर यही सजा है। इसके बाद पूरे मैच में स्टिमक वहां खड़े नहीं रह सके और महेश गवली ने यह काम संभाला।

### कुवैत ने पहले मैच में नेपाल को हराया

**बेंगलुरू।** कुवैत ने सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के पहले मैच में बुधवार को नेपाल को 3 –1 से हराया। पहली बार सैफ चैम्पियनशिप में भाग ले रहे कुवैत ने शुरूआती मिनट से ही दबदबा बनाए रखा। दूसरी ओर नेपाल की टीम जवाबी हमले करने में नाकाम रही। कुवैत को 23वें मिनट में पहला मौका मिला जिस पर उन्होंने बढत बना ली। खालिद हाजिया ने यह गोल दागा। वहीं शाबाइब अलखाल्दी ने 42वें मिनट में दूसरा गोल किया। नेपाल ने बीच में कुछ हमले बोले लेकिन गोल करने में कामयाबी नहीं मिली। इस बीच कुवैत के लिए मोहम्मद अब्दुल्ला ने तीसरा गोल करके बढत तिगुनी कर दी। नेपाल ने आखिरी क्षणों में गोल किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# रोनाल्डो ने 200वें मैच में गोल कर दिलाई जीत

एपी। बर्लिन



**क्रिस्टियानो** रोनाल्डो 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बने और इस उपलब्धि का जश्न उन्होंने 89वें मिनट में गोल दागकर मनाया जिससे पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वालीफायर में आइसलैंड को।–0 से हराया। पदार्पण के लगभग 20 साल बाद पुर्तगाल के लिए 200वें मुकाबले की शुरुआत से पहले गिनीज विश्व रिकॉर्ड्स ने 38 साल के रोनाल्डो को सम्मानित किया।

रोनाल्डो के मंगलवार को दागे गोल की बदौलत पुर्तगाल ने ग्रुप जे में चार मैच में चौथी जीत दर्ज करते हुए यूरो 2024 के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया।

एर्लिंग हैलेंड के दो गोल की मदद से नॉर्वे ने साइप्रस को 3–। से हराया जबकि रोमेलु लुकाकु के दो गोल की बदौलत बेल्जियम ने एस्टोनिया को 3–0 से शिकस्त दी।

पोलैंड को हालांकि दो गोल की बढ़त बनाने के बावजूद मालदोवा के खिलाफ 2–3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। यूरो 2024 के मेजबान जर्मनी को भी मैत्री मैच में कोलंबिया के खिलाफ 0–2 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप जे में रोनाल्डो ने पुर्तगाल की ओर से अपना 123वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। उन्होंने गोंजालो इनासियो के हेडर से मिली गेंद को गोल में पहुंचाया। ग्रुप के अन्य मैचों में लग्जमबर्ग ने बोस्निया एवं हर्जेगोविना को 2–0 से हराया जबकि स्लोवाकिया ने लिचटेनस्टीन को।–0 से शिकस्त दी। ग्रुप ए में नॉर्वे की जीत के बावजूद स्कॉटलैंड ने जॉर्जिया को 2–0 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी जगह बरकरार रखी है। स्कॉटलैंड और जॉर्जिया के बीच मुकाबला तेज बारिश और मैदान पर पानी भरने से लगभग एक घंटा और 40 मिनट की देरी से शुरू हुआ। स्कॉटलैंड ने अब तक अपने चारों मुकाबले जीते हैं। जॉर्जिया की टीम स्कॉटलैंड से चार अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। नॉर्वे की टीम चार मैच में चार अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। स्पेन के दो मैच में तीन अंक हैं। ग्रुप ई में स्टार रॉबर्ट लेवानदोवस्की के गोल के बावजूद पोलैंड को मालदोवा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जो तीन मैच में उसकी दूसरी हार है।

अल्बानिया ने फेरो आइलैंड को 3–। से हराया और ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। चेक गणराज्य शीर्ष पर चल रहा है। पोलैंड तीन अंक के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर है। ग्रुप एफ में लुकाकु के तीन मिनट में दो गोल से बेल्जियम ने एस्टोनिया को 3–0 ए हराया। योहान बुकायोको ने भी बेल्जियम की ओर से गोल किया।

ऑस्ट्रिया ने ग्रुप के एक अन्य मैच में क्रिस्टोफ बोमगार्टनर के दो गोल से स्वीडन को 2–0 से शिकस्त दी। ऑस्ट्रिया तीन मैच में 10 अंक के साथ शीर्ष पर है। उसने बेल्जियम पर तीन अंक की बढ़त बना रखी है।

ग्रुप जी में हंगरी ने लिथुआनिया को 2–0 हराया जबकि बुल्गारिया और सर्बिया का मुकाबला।–। से ड्रॉ रहा।

हंगरी सात अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। सर्बिया के भी सात अंक हैं लेकिन खराब गोल अंतर के कारण वह दूसरे स्थान पर है।

### वीनस को विंबलडन में महिला एकल का वाइल्ड कार्ड

**विंबलडन (इंग्लैंड)।** वीनस विलियम्स विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग में 24वीं बार हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। अमेरिका की इस 43 वर्षीय खिलाड़ी को बुधवार को वाइल्ड कार्ड से इस प्रतिष्ठित ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रवेश दिया गया। वीनस विंबलडन में पांच बार की एकल चैंपियन हैं। दुनिया की 697वें नंबर की खिलाड़ी वीनस ने सोमवार को बर्मिंघम क्लासिक में 48वें नंबर की कैमिला जियॉर्जी को 7–6 (5), 4–6, 7–6 (6) से हराया था। यह शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ लगभग चार साल में उनकी पहली जीत थी।

यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना और ब्रिटेन की हीथर वाटसन तथा केटी बोल्टर को महिला एकल में वाइल्ड कार्ड दिया गया है। पुरुष एकल में बेल्जियम के डेविड गोफिन वाइल्ड कार्ड हासिल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं।

# अश्विन टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर

## लाबुशेन को पछाड़कर नंबर एक बल्लेबाज बने रूट

भाषा। दुबई




**भारत** के शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि इंग्लैंड के जो रूट ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए भारत की अंतिम एकादश में जगह बनाने में नाकाम रहे अश्विन 860 अंक के साथ दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने हुए हैं। उनके बाद इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन 829 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

भारतीय गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह (772) और रविंद्र जडेजा (765) क्रमश: आठवें और नौवें स्थान पर बरकरार हैं। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एक पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा 12वें स्थान पर हैं। चेतेश्वर पुजारा 25वें स्थान पर बने हुए हैं जबकि अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर एक–एक पायदान ऊपर चढ़कर क्रमश: 36वें और 37वें स्थान पर हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं। वह 10वें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में रूट पांच स्थान की छलांग के साथ लाबुशेन को पछाड़कर नंबर एक बल्लेबाज बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के इंग्लैंड को एजबस्टन में रोमांचक पहले टेस्ट में दो विकेट से हराकर पांच टेस्ट की एशेज में।–0 की बढ़त बनाने के एक दिन बाद रैंकिंग में बदलाव आया है। रूट ने इंग्लैंड की पहली पारी में 118 और दूसरी पारी में 46 रन बनाए जबकि लाबुशेन दोनों पारियों में बल्ले से छाप छोड़ने में नाकाम रहे। इंग्लैंड के खिलाफ शून्य और 13 रन बनाने वाले लाबुशेन तीसरे स्थान पर खिसक गए। न्यूजीलैड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन दो स्थान के फायदे से दूसरे स्थान पर आ गए।

ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड (एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर) और स्टीव स्मिथ (चार स्थान गिरकर छठे स्थान पर) भी नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज बनने की दौड़ में पिछड़ गए हैं। हालांकि शीर्ष छह बल्लेबाजों के बीच सिर्फ 26 रेटिंग अंक का अंतर है।

### बेंगलुरू एफसी ने गोलकीपर विक्रम सिंह को अनुबंधित किया

**बेंगलुरू।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम बेंगलुरू एफसी ने गोलकीपर विक्रम सिंह को एकसाल केलिए अनुबंधित किया है। क्लब ने बुधवार को यह जानकारी दी। विक्रम इससे पहले आईलीग मे आइजोल एफसी की ओर से खेलते थे। विक्रम ने कहा, मै एक नई यात्रा शुरू करने के लिए बेहद उत्साहित हूं क्योंकि मेरा मानना है कि इससे मुझे गोलकीपर के रूप मे प्रगति करने मे मदद मिलेगी। मै अपने नए साथियों, कोच और निश्चित रूप से देश भर मे मौजूद प्रशंसको से मिलने के लिए उत्सुक हूं। मुंबई मे जन्मे विक्रम ने मुंबई सिटी एफसी अकादमी में अपने खेल को निखारा। वह फतेह हैदराबाद एफसी के लिए खेल चुके है। उन्होने 2022-23 मे आइजोल के लिए 12 मैच खेले और टीम लीग मे सातवे स्थान पर रही।

### हुरकाज ने हाले ओपन में यूबैंक्स को हराया

**हाले।** ह्यूबर्ट हुरकाज ने हाले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब के बचाव के अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को यहां पहले दौर में अमेरिका के क्रिस्टोफर यूबैक्स के खिलाफ 6-4, 6-7, 6-3 की जीत के साथ की। पोलैंड के छठे वरीय खिलाड़ी हुरकाज ने 22 ऐस लगाए और उन्हे दुनिया के 77वे नंबर के खिलाड़ी यूबैक्स को हराने मे दो घंटे से अधिक समय तक मशक्कत करनी पड़ी। हुरकाज इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट के अगले दौर मे टेलोन ग्रीक्सपूअर से भिड़ेगे। ग्रीक्सपूअर ने स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बेइना को 6-2, 7-5 से हराया। तीसरे वरीय आंद्रे रुबलेव ने वू यिबिंग को 6-4, 6-7 (5), 6-2 से शिकस्त दी। वह अगले दौर मे जर्मनी के वाइल्ड कार्ड धारक यानिक हैफमैन से भिड़ेगे। चौथे वरीय यानिक सिनर ने रिचर्ड गास्केट को 6-3, 5-7, 6-2 से हराया जबकि स्थानीय दावेदार एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने डोमीनिक थीम को 6-3, 6-4 से शिकस्त दी।

### आईओए तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई चुनाव 11 जुलाई को कराना तय किया

**नई दिल्ली।** आईओए की तदर्थ समिति ने पांच अमान्य प्रदेश ईकाइयों की दलीले सुनने के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव 11 जुलाई को कराने का फैसला किया है। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत जज एम एम कुमार की अध्यक्षता वाली तीन सदस्ईय समिति से पांच प्रदेश ईकाइयो महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश ने संपर्क किया था। इन पाचो को डब्ल्यूएफआई से मान्यता नही मिली है। समिति ने इन्हे सुनवाई के लिए आज बुलाया था। एक सूत्र ने कहा , प्रदेश ईकाइयो ने अपना पक्ष रखा। भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रतिनिधियो ने उनकी मान्यता रद्द करने के अपने फैसले को सही ठहराया।

# भारत ने बांग्लादेश को हराकर महिला एमर्जिंग एशिया कप जीता

भाषा। मांगकॉक (हांगकांग)



**श्रेयंका** पाटिल और मन्नत कश्यप की फिरकी के जादू से भारत ने बुधवार को यहां बांग्लादेश को फाइनल में 31 रन से हराकर महिला एमर्जिंग एशिया कप टी20 खिताब जीत लिया।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 127 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया और फिर श्रेयंका (13 रन पर चार विकेट) और मन्नत (20 रन पर तीन विकेट) की फिरकी की बदौलत बांग्लादेश को 19.2 ओवर में 96 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर कनिका आहुजा ने भी 23 रन देकर दो विकेट चटकाए। श्रेयंका, मन्नत और कनिका की स्पिन तिकड़ी ने मिशन रोड ग्राउंड की धीमी पिच पर बांग्लादेश की बल्लेबाजों को कोई मौका नहीं दिया।

नाहिदा अख्तर ने बांग्लादेश की ओर से सर्वाधिक नाबाद 17 रन बनाए जबकि शोभना मोस्तरी ने 16 रन की पारी खेली। इससे पहले दिनेश वृंदा 29 गेंद में 36 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि कनिका ने 23 गेंद में नाबाद 30 रन बनाए। बांग्लादेश की गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट चटकाकर भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। वृंदा और कनिका के अलावा भारत की ओर से विकेटकपर यू छेत्री (22) और कप्तान श्वेता सहरावत (13) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाईं।

बांग्लादेश की तरफ से बाएं हाथ की स्पिनर नाहिदा ने 13 रन देकर दो जबकि ऑफ स्पिनर सुल्ताना खातून ने 30 रन देकर दो विकेट चटकाए।

भारत ने श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ने के बाद फाइनल में जगह बनाई थी। भारत ने फाइनल से पहले सिर्फ एक मैच मेजबान हांगकांग के खिलाफ खेला। टीम का यह टूर्नामेंट में पहला मैच था जो उसने नौ विकेट से जीता। इसके बाद श्रीलंका के खिलाफ सेमीफाइनल सहित भारत के तीन मैच एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ गए। बारिश के करण टूर्नामेंट में आठ मैच नहीं खेले जा सके।

### कोपा अमेरिका 20 जून 2024 से, फाइनल 14 जुलाई को

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में अगले साल होने वाला कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट 20 जून से खेला जाएगा जबकि इसका फाइनल 17 जुलाई को होगा। दक्षिण अमेरिका की फुटबॉल संस्था कोनमेबोल ने मंगलवार को टूर्नामेंट की तारीखों की पुष्टि की लेकिन कहा कि टूर्नामेंट के आयोजकों ने अब तक मेजबान शहरों का चयन नहीं किया है। दक्षिण अमेरिका की 10 टीम के अलावा मध्य और उत्तर अमेरिका की छह टीम भी 2024 कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

अर्जेन्टीना इस टूर्नामेंट का गत चैंपियन है। अमेरिका में पिछली बार 2016 में हुए कोपा अमेरिका टूर्नामेंट में भी 16 टीम ने हिस्सा लिया था।

## धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के दो डब्ल्यूटीसी अंक कटे

भाषा। दुबई

**ऑस्ट्रेलिया** और इंग्लैंड पर पहले एशेज क्रिकेट टेस्ट के दौरान धीमी ओवर गति के लिए दो–दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक का जुर्माना लगाया गया है जबकि दोनों टीम के खिलाड़ियों की 40 प्रतिशत मैच फीस भी काटी गई है।

ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को एजबस्टन में रोमांचक मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को दो विकेट से हराया। आईसीसी ने बुधवार को विज्ञप्ति में कहा, आईसीसी के मैच रैफरी के एलीट पैनल में शामिल एंडी पाइक्राफ्ट ने दोनों टीमों को सजा सुनाई क्योंकि पाया गया था कि दोनों ने निर्धारित समय में दो–दो ओवर कम फेंके थे।

विज्ञप्ति के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और इंग्लैंड के उनके समकक्ष बेन स्टोक्स ने जुर्माना स्वीकार कर लिया है जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी।

इस जुर्माने से पैट कमिंस की ऑस्ट्रेलियाई टीम के नए चक्र के पहले टेस्ट के बाद 10 अंक ही रह जाएंगे। दूसरी तरफ इंग्लैंड के माइनस दो अंक हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम गत डब्ल्यूटीसी चैंपियन है। उसने इसी महीने की शुरुआत में फाइनल में भारत को हराया था।

# पीसीबी के संभावित अध्यक्ष जका अशरफ ने एशिया कप का हाइब्रिड मॉडल ठुकराया

भाषा। इस्लामाबाद । नई दिल्ली

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड के संभावित अगले अध्यक्ष जका अशरफ ने पाकिस्तान और श्रीलंका में सितंबर को होने वाले आगामी एशिया कप के लिए नजम सेठी के हाइब्रिड मॉडल को ठुकरा दिया है। अशरफ ने इस्लामाबाद में बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा , पहली बात तो यह है कि मैं पहले भी एशिया कप के हाइब्रिड मॉडल को खारिज कर चुका हूं क्योंकि मैं इससे सहमत नहीं हूं। एशियाई क्रिकेट परिषद के बोर्ड ने फैसला किया था कि यह टूर्नामेंट पाकिस्तान में होगा तो यहीं होना चाहिए। अशरफ के इस बयान के बाद भारत में इस साल के आखिर में होने वाले वनडे विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी भी खटाई में पड़ गई है। समझा जाता है कि पाकिस्तान के सहमति जताने के बाद पीछे हटने से बीसीसीआई भी कड़ा रूख अपना सकता है। एसीसी के कार्यकारी बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी है। अशरफ अगर अपना रुख नहीं बदलते हैं तो एशिया कप पाकिस्तान के बिना ही खेला जा सकता है। एसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने कहा , एशिया कप मॉडल को एसीसी ने स्वीकार किया है और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा। अशरफ जो चाहे, वह कहने के लिए स्वतंत्र हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के करीबी अशरफ का पीसीबी अध्यक्ष बनना तय है चूंकि प्रधानमंत्री ही बोर्ड का मुख्य संरक्षक भी है और नियुक्तियां उनकी मर्जी से ही होती है। हाइब्रिड मॉडल को बीसीसीआई सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाली एसीसी ने स्वीकार किया था।भारत ने साफ तौर पर कहा था कि वह पाकिस्तान खेलने नहीं जाएगा। सेठी के अध्यक्ष पद से हटते ही 48 घंटे में हालात बदल गए। सेठी ने कहा था कि वह आसिफ जरदारी और शाहबाज शरीफ के बीच मतभेद का कारण नहीं बनना चाहते और इसी वजह से अध्यक्ष पद की दौड़ से हट रहे हैं। अशरफ ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि वह नहीं चाहते कि बेमानी मैच पाकिस्तान में कराए जाएं। उन्होंने कहा , सभी मुख्य मैच पाकिस्तान से बाहर होंगे। नेपाल और भूटान जैसी टीमें पाकिस्तान में खेलेंगे जो गलत है। मुझे नहीं पता कि बोर्ड ने पहले किस पर मंजूरी दी। मैं देखता हूं कि इतने कम समय में क्या हो सकता है। हम वही करेंगे जो पाकिस्तान के लिए बेहतर हो। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व कप का मसला अभी हल नहीं हुआ है जिसके मायने हैं कि कार्यक्रम जारी करने में अभी और विलंब होगा। उन्होंने कहा , पाकिस्तान के सामने चुनौतियां है। कई लंबित मसले हैं। एशिया कप है और फिर विश्व कप है। मैं किसी के खिलाफ नहीं बोलना चाहता क्योंकि अभी मैने पद नहीं संभाला है।

### योग तनाव से निपटने में मदद करता है, दिमाग और शरीर को फिट रखता है

**बेंगलुरू।** पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि योग भारतीय हॉकी टीमों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है और इस प्राचीन पद्धति से खिलाड़ियों को तनाव कम करने और अपने दिमाग तथा शरीर को फिट रखने में मदद मिल रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय पुरुष और महिला हॉकी खिलाड़ियों ने योग को अपनी अभ्यास प्रणाली का हिस्सा बनाया है। हार्दिक ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कहा, सबसे पहले जब हमें योग कराया गया तो हमें लगा कि यह बहुत धीमा है और सभी आसन को ठीक से करना आसान नहीं है।

# सितंबर में डेविस कप कैरियर को अलविदा कहेंगे बोपन्ना

भाषा। नई दिल्ली



**भारत** के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने बुधवार को कहा कि वह मोरक्को के खिलाफ सितंबर में अपने डेविस कप कैरियर पर विराम लगाएंगे लेकिन अपने राज्य कर्नाटक में विदाई मैच खेलने की उनकी ख्वाहिश पूरी नहीं हो सकेगी क्योंकि एआईटीए इस मैच की मेजबानी उत्तर प्रदेश को पहले ही दे चुका है। भारत को सितंबर में विश्व ग्रुप दो के मैच में मोरक्को से खेलना है।

डेविस कप में 2002 में पदार्पण करने वाले बोपन्ना भारत के लिए 32 मुकाबले खेल चुके हैं।

उन्होंने लंदन से पीटीआई से कहा , मैं सितंबर में अपना आखिरी डेविस कप मैच खेलने की सोच रहा हूं। मैं 2002 से टीम के साथ हूं। मैं चाहता था कि यह मैच बेंगलुरू में हो और मैने भारतीय खिलाड़ियों से भी इस बारे में बात की। वे सभी बेंगलुरू में खेलने को लेकर खुश थे।अब महासंघ को देखना है कि वे बेंगलुरू में मुकाबला कराना चाहते हैं या नहीं।

उन्होंने कहा , चूंकि मैं 20 साल से खेल रहा हूं तो मुझे बस कप्तान से बात करनी होगी कि क्या इसे वहां कराया जा सकता है। सभी आकर आखिरी बार मुझे खेलते देख सकेंगे।

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने हालांकि पीटीआई से कहा कि इस मैच की मेजबानी कर्नाटक प्रदेश लॉन टेनिस संघ को नहीं दी जा सकती। एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा , रोहन के लिए यह अच्छा होता कि भारत के लिए अपना आखिरी मैच बेंगलुरू में खेले लेकिन हम उत्तर प्रदेश को मेजबानी दे चुके हैं। मैच लखनऊमें होगा और यह पहले से तय है। भारत के लिए सबसे ज्यादा 58 मैच लिएंडर पेस ने खेले हैं जिसके बाद जयदीप मुखर्जी ने 43, रामनाथन कृष्णन ने 43, प्रेमजीत लाल ने 41, आनंद अमृतराज ने 39, महेश भूपति ने 35 और विजय अमृतराज ने 32 मैच खेले हैं। बोपन्ना ने 32 मैच खेलकर 12 एकल और 10 युगल मुकाबले जीते। यह पूछने पर कि क्या वह एटीपी टूर पर खेलते रहेंगे , उन्होंने कहा , अगर मैं टूर पर नहीं खेलता हूं तो मेरी जगह किसी दूसरे भारतीय को नहीं मिलने जा रही।

# प्रणय और कश्यप ताइपे ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

भाषा। ताइपे




**भारतीय** बैडमिंटन खिलाड़ियों एचएस प्रणय और पारूपल्ली कश्यप ने बुधवार को यहां अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ ताइपे ओपन के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को स्थानीय खिलाड़ी लिन यू सिएन को इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में सिर्फ 26 मिनट में 21–11 21–10 से हराने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले तीसरे वरीय प्रणय अगले दौर में चेन ची टिंग और टॉमी सुगियार्तो के बीच पहले दौर के मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता कश्यप ने भी जर्मनी के सैमुअल सियाओ के खिलाफ सीधे गेम में 21–15 21–16 की आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। वह प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सू ली यैंग से भिड़ेंगे। राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद दूसरे वरीय स्थानीय खिलाड़ी चाउ टिएन चेन के खिलाफ एक घंटे और 11 मिनट चले मुकाबले में 18–21 21–14 16–21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। महिला एकल में तानिया हेमंत जीत दर्ज करने वाली एकमात्र भारतीय रही। उन्होंने हंगरी की एग्नेस कोरोसी को सीधे गेम में 21–7 21–17 से हराया। दूसरे दौर में हालांकि 19 साल की तानिया को विश्व चैंपियनशिप और ओलंपिक की रजत पदक विजेता तथा शीर्ष वरीय ताइ जू यिंग से भिड़ना होगा। मिश्रित युगल में सिक्की रेड्डी और रोहन कपूर ने नवनीत बोक्का और प्रिया कोंजेंगबाम की हमवतन भारतीय जोड़ी को 21–14 21–17 से हराया। सिक्की और रोहन प्री क्वार्टर फाइनल में च्यू सियांग चीह और लिन शियाओ मिन से भिड़ेंगे। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यन, किरण जॉर्ज, मेइराबा लुवांग मेसनाम, सतीश कुमार करूणाकरन, रुतविका शिवानी गड्डे और आकर्षी कश्यप को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। सुब्रमण्यन को छठे वरीय केंटा सुनयामा ने सीधे गेम में 21–13 21–5 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया जबकि किरण को मलेशिया के लियोंग जुन हाओ के खिलाफ कड़े मुकाबले में 20–22 21–12 9–21 से हार झेलनी पड़ी।